CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, सोमवार 16 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 183 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 27 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कांग्रेस छोड़ नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में शामिल पेज 2



सुपर 8 में जगह बनाने उतरेगा श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया बाहर होने के कगार पर खेल टाइम्स



बढ़ते तापमान के निकट भविष्य में दिखने लगे संकेत सम्पादकीय



ईरान अमेरिका से एटमी समझौते पर वार्ता को तैयार पेज 12



पाकिस्तान के खिलाफ अपने अर्द्धशतक के दौरान शॉर्ट लगाते भारतीय बल्लेबाज इशान किशन

## 10 राज्य-यूटी डेडलाइन तक एसआईआर में चूके

**नई दिल्ली।** देश के नौ राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत 7 फरवरी तक अपनी फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश नहीं कर सके। हालांकि, केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी ने शनिवार को अपनी फाइनल इलेक्टोरल रोल प्रकाशित कर दी। पुड्डुचेरी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश की फाइनल वोटर लिस्ट में 9,44,211 मतदाता के नाम हैं।

# हमने सुधार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया लागू: पीएम

## कहा: इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: राजनीतिक स्थिरता और नीति की स्पष्टता से निवेशकों का भरोसा भारत में बढ़ा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि उनकी सरकार ने सुधार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया है और यह सिर्फ बातों तक नहीं बल्कि काम में भी दिखा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है। उनके मुताबिक यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया अब या कभी नहीं जैसा फैसला नहीं है, बल्कि यह देश की तैयारी और आत्मविश्वास का संकेत है- यानी हम तैयार हैं वाला बजट है। पीएम मोदी ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता और नीति की स्पष्टता से निवेशकों का भरोसा भारत में बढ़ा है। इसी कारण भारत अब मजबूत स्थिति में व्यापार समझौते कर रहा है। उन्होंने बताया कि देश ने 38 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सेवाओं का क्षेत्र और एमएसएमई सेक्टर ने भारत को वैश्विक व्यापार वार्ताओं में ताकत दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान बताया कि भारत के एफटीए खास तौर पर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए बनाए गए हैं ताकि टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल, हस्तशिल्प, जेम्स-ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों को ज्यादा विदेशी बाजार मिल सके। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने रक्षा बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा जरूरतों के अनुसार रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना सरकार की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने आगे कहा है कि यूपीए सरकार के दौर में आर्थिक कुप्रबंधन की वजह से भारत अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आत्मविश्वास के साथ बातचीत नहीं कर पाता था। उन्होंने कहा कि उस समय अक्सर बातचीत शुरू होती थी, लेकिन ठोस नतीजे नहीं निकलते थे और लंबे-लंबे समझौते भी बिना खास उपलब्धि के खत्म हो जाते थे।

# भारत को मिलने वाले 114 में से 24 होंगे सुपर राफेल-एफ-5 होगा नाम

## अभी भारतीय वायुसेना के पास एफ-3 मौजूद, 2030 के बाद होगी डिलीवरी

**नई दिल्ली।** फ्रांस के साथ भारत 114 राफेल लड़ाकू विमानों का सौदा 3.25 लाख करोड़ रुपये में करने जा रहा है। 17 फरवरी से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों की तीन दिन की भारत यात्रा शुरू हो रही है। इसी दौरान इस डील पर मुहर लगेगी।

इन 114 में से 24 विमान सुपर राफेल होंगे, जिन्हें फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी दसा एविएशन एफ-5 नाम से बना रही है। अभी वायुसेना के पास एफ-3 राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान हैं। इनमें स्टेल्थ क्षमता और परमाणु हथियार दागने की शक्ति है। लेकिन, नए विमान एफ-4 पीढ़ी के हैं। इसलिए इन्हें 5वीं जेनरेशन का कहा जा रहा है। यूरोपीय मानकों के हिसाब से एफ-5 राफेल असल में छठी पीढ़ी के जेट होंगे। फ्रांस के बाद इस तरह के सबसे बेहतर विमान भारतीय वायुसेना के पास होंगे। एफ-5 अभी विकास के चरण में हैं। एफ-4 की आपूर्ति 2028-29 से शुरू होगी। 2030 के बाद जो भी विमान मिलेंगे, वो एफ-5 श्रेणी के सुपर राफेल होंगे। वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि सुपर राफेल अमेरिका के एफ-35 और रूस के सुखोई-57 से अगली पीढ़ी का फाइटर होगा। इस सौदे के तहत 88 राफेल सिंगल सीटर और 26 डबल सीटर होंगे, जिन्हें प्रशिक्षण और लड़ाकू दोनों भूमिका में इस्तेमाल किया जा सकेगा। दसा एविएशन से 18 विमान उड़ने के लिए तैयार स्थिति में मिलेंगे। बाकी 96 भारत में बनेंगे। इनके 60 फीसदी कलपुर्जे स्वदेशी होंगे। भारत का यह सबसे बड़ा रक्षा सौदा है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) के पास भेजा जाएगा। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने नेवी के लिए 6 अमेरिकी बोइंग पी8-1 सर्विलांस एयरक्राफ्ट, कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है। इन सभी सौदों की कुल कीमत 3.60 लाख करोड़ रुपये है। यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। सेना के लिए एंटी-टैंक माइंस (विभव), आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल, टी-72 टैंक तथा इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल के वाहन प्लेटफॉर्म के ओवरहाल को मंजूरी मिल चुकी है।

फ्रांस के साथ 3.25 लाख करोड़ का होने जा रहा सौदा



## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का तीन दिवसीय भारत दौरा: पीएम मोदी से होगी वार्ता

■ एआई-इनोवेशन पर होंगे अहम समझौते

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत आ रहे हैं। वह अपनी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के साथ तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली फ्रांस यात्रा के बाद हो रहा है।

मैक्रों का यह दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों 16 फरवरी की देर रात करीब 11:30 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उनके दौरे के आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत 17 फरवरी से होगी। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। 17 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों की मुलाकात पीएम मोदी से होगी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई समझौतों का आदान-प्रदान होगा और एक संयुक्त बयान भी जारी किया जाएगा। शाम को वह होटल ताज महल पैलेस में भारत-फ्रांस इनोवेशन फोरम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद रात में गेटवे ऑफ इंडिया पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। अगले दिन 18 और 19 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यहां वह एआई इम्पैक्ट समिट के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

## एआई इम्पैक्ट समिट से पहले दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार से शुरू हो रहे एआई इम्पैक्ट समिट के मद्देनजर विस्तृत ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री, वरिष्ठ प्रतिनिधि और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नेता भाग लेंगे। कार्यक्रम की उच्च-स्तरीय प्रकृति को देखते हुए आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में यातायात को नियंत्रित रखने की व्यवस्था की गई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आम जनता की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक ट्रैफिक प्रबंधन उपाय लागू किए जाएंगे। इनका प्रभाव मुख्य रूप से नई दिल्ली जिले और आसपास के क्षेत्रों में देखा जाएगा।

# ट्रेड डील में किसानों के साथ हो रहा धोखा: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट 5 सवाल करते हुए पूछा कि ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी) इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज (चारा) खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे? अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे? जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?



■ कांग्रेस सांसद ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम मोदी से पांच सवाल किए

## व्यापारी की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को बाहरी उत्तरी दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक व्यवसाई की नौ फरवरी को की गई हत्या के सिलसिले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर दिन में कुछ संदिग्धों को रोककर आत्मसमर्पण करने को कहा गया, तो उन्होंने कथित तौर पर गोलियां चला दीं। आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की गई। पैर में गोली लगने की वजह से एक आरोपी घायल हो गया। बाद में पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान तीन संदिग्धों को पकड़ा गया, जबकि अन्य दो को बाद में दबोचा गया। इस मामले में कुल पांच गिरफ्तारियां की गई हैं। इस कार्रवाई के दौरान कोई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है।

# वीडियो गेम्स से बच्चों को बनाया जा रहा आतंकी

## अमेरिका में 42 फीसदी मामलों में नाबालिग शामिल

हेग, वार्ता

**माइनक्रॉफ्ट और** राबलॉक्स जैसे लोकप्रिय वीडियो गेम्स अब बच्चों को आतंकवादी संगठनों और नफरत फैलाने वाले समूहों में भर्ती करने का जरिया बनते जा रहे हैं। यूनाइटेड नेशंस की काउंटर-टेररिज्म कमेटी के मुताबिक, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका में आतंकवाद से जुड़े मामलों में अब 42 फीसदी आरोपी नाबालिग हैं।

2021 की तुलना में यह आंकड़ा तीन गुना बढ़ा है। नीदरलैंड्स के हेग स्थित इंटरनेशनल सेंटर फार काउंटर-टेररिज्म के अनुसार, यूरोप में 20 से 30 फीसदी आतंकवाद विरोधी जांचों में 12-13 साल के बच्चे शामिल हैं। संगठन के डायरेक्टर थॉमस रेनॉर्ड ने इसे चौंकाने वाला बताया और कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। यूएन के जांचकर्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिये कट्टरपंथी संगठन तेजी से नए सदस्य बना रहे हैं। अब भर्ती की उम्र भी घटती जा रही है। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि राबलॉक्स और डिस्कार्ड जैसे प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल बच्चों को ट्रेनिंग देने और भर्ती करने में हो रहा है। गेम्स में ऐसे वर्चुअल वर्ल्ड बनाए जा रहे हैं, जहां खिलाड़ी आतंकी हमलों और गोलीबारी की घटनाओं को दोहरा सकते हैं। 2019 में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में मस्जिदों पर हुए हमले को भी इन गेम्स में दोहराया गया है। 2022 में ब्रिटेन में एक 15 साल की लड़की को एक टेक्सास के नियो-नाजी ने ऑनलाइन ग्रूम किया।



■ यूरोप में 20 से 30% केस में 12-13 साल के बच्चे



## संक्षिप्त समाचार

### चलती गाड़ी पर गिरा विद्युत पोल, सपा नेता लाल बहादुर यादव की मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के अंतू थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर चलती कार में विद्युत पोल गिरने से समाजवादी पार्टी नेता लाल बहादुर यादव की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि बाबूगंज बाजार निवासी सपा नेता लालबहादुर यादव कार से रविवार दोपहर शहर की तरफ जा रहे थे कि बाबूगंज में स्थित भारत पेट्रोल पंप के सामने लग रहे हाईमास्ट लाइट के पोल को खड़ा किया जा रहा था। तभी अचानक पोल असंतुलित होकर कार पर गिर पड़ा। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कार के अंदर बैठे लाल बहादुर यादव गंभीर रूप से घ्यायल हो गए। उन्हें अंतू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां पर डाक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### धन उगाही के आरोप में सीएचसी अधीक्षक पद से हटाए गए

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मिहींपुरवा ब्लॉक स्थित मोतीपुर साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को एएनएम और आशा बहुओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार एवं अवैध धन उगाही के आरोपों के बाद पद से हटा दिया गया है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्ईय समिति गठित कर सात दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को सैकड़ों एएनएम और आशा बहुओं ने सीएचसी परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारियों ने सीएचसी अधीक्षक डा. थानेदार पर अभद्रता और अशोभनीय हरकत का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। एएनएम ऋषु ने नारेबा. जी के बीच शिकायती पत्र सौंपते हुए अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए। अन्य महिला कर्मियों ने समय से वेतन न मिलने, वेतन में कथित कटौती तथा धन उगाही जैसे आरोप भी लगाए।

## मुख्यमंत्री योगी ने गोरखनाथ मंदिर में लगाया जनता दर्शन दरबार

# समस्या का समय से निस्तारण करें अधिकारी

**गोरखपुर, वार्ता**



■ इलाज के लिए पैसों की कमी नहीं आएगी, पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, ताकि उन्हें इलाज में परेशानी न हो

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाक. ात की और समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री रविवार को देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी जनस. ेवा का अनुष्ठान जारी रखा। जनता दर्शन में आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंता मत करें, हर समस्या का समाधान होगा, सबकी भरपूर मदद की जाएगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो लोग पात्र हैं और किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है। उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। मुख्यमंत्री योगी की एक सुपररि. चत पहचान गोसेवक की भी है।

### महाशिवरात्रि पर योगी ने दी शुभकामनाएं श्रद्धालुओं का किया अभिनंदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवाधिदेव महादेव की उपासना को समर्पित पावन पर्व 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर प्रदेशवासियों और तीर्थराज प्रयाग में स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर आज तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवास के लिए आए साधकों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन है। उन्होंने प्रार्थना की कि देवाधिदेव महादेव एवं पुण्य प्रदायिनी मां गंगा की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे।

## अयोध्या का स्टेशन भाजपा के 'भ्रष्ट मॉडल' का उदाहरण: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कन्नौज रेलवे स्टेशन को लेकर भाजपा पर कसा तंज, कहा- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बरतें

**लखनऊ।** कन्नौज में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कन्नौज रेलवे स्टेशन को गोरखपुर रेलवे स्टेशन की तर्ज पर विकसित करने की सरकार की योजना को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से तंज कसते हुए कहा कि अयोध्या में जो रेलवे स्टेशन बनाया गया, वह भाजपा के 'भ्रष्ट मॉडल' का उदाहरण है। रविवार को अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को चाहिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि बनते ही गिर जाने वाली पानी की टंकी थोड़ी दूर बनाई जाए, छत ऐसी हो कि नीचे खड़े लोगों को छतरी न लगानी पड़े और एप्रोच रोड की परत न उखड़े। उन्होंने यह भी कहा कि लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएं तो वे सही तरीके से काम भी करें। सपा अध्यक्ष ने कमीशनखोरी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए और यात्रियों के लिए वेटिग एरिया वास्तव में सुविधाजनक बनाया जाए, क्योंकि कई बार ट्रेनों में लंबी देरी होती है। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था और शौचालयों की स्थिति सुधारने की भी मांग की। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि ठेकेदार स्थानीय होना चाहिए, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है कि अयोध्या रेलवे स्टेशन परिसर में एक दीवार गिरने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। जिसको लेकर प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चेक इकाई ने नव-उद्घाटित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर चारदीवारी गिरने की सोशल मीडिया पर चल रही खबरों का खंडन किया था।

### उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम 80 फीसदी तैयार

**लखनऊ/आगरा।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज में निर्माणाधीन आर्य गुरुकुल म्यूजियम का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 24.45 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह उत्तर भारत का पहला आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम नई तकनीकों से सुसज्जित होगा, जहां इतिहास को पढ़ने के बजाय महसूस करने का अवसर मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक में परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने बताया कि संग्रहालय में इमर्सिव लर्निंग, विजुअल स्टोरीटेलिग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से आर्य समाज के इतिहास और विचारधारा को प्रस्तुत किया जाएगा।

## विधिक सेवा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**लखनऊ, वार्ता**

■ यूपी के 74 जिलों में हेल्पलाइन का शुभारंभ

न्याय तक आमजन की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एक दिन पूर्व शनिवार को प्रदेश के 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी विधिक सेवा प्रचार वाहनों को रवाना किया और राज्य स्तरीय मध्यस्थता हेल्पलाइन 1800-180-1212 का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का आयोजन उच्च न्यायालय, खंडपीठ लखनऊ के चीफ जस्टिस पोर्टिको में भव्य रूप से किया गया।

इस अवसर पर मा. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक सेवा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में माननीय न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, न्यायमूर्ति चंद्रशेखर तथा न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी सहित अनेक वरिष्ठ न्यायाधीशों और गणमान्य अतिथियों ने गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में उपलब्ध कराए गए इन प्रचार वाहनों का उद्देश्य दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता का प्रसार करना है। इन वाहनों के माध्यम से आम नागरिकों को निष्शुल्क विधिक सहायता, उनके अधिकारों तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## कांग्रेस छोड़ नसीमुद्दीन सपा में शामिल अखिलेश की मौजूदगी में ली सदस्यता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में रविवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला, जब बहुजन समाज पार्टी सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस छोड़ने के बाद नसीम. ुद्दीन के सपा में जाने की संभावना पहले से जताई जा रही थी। लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कराया। उनके साथ अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी सपा का दामन थामा। पार्टी के राज मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा में शामिल होने के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने अखिलेश यादव के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि उनके साथ उनके पुराने और सम्मानजनक संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा, ष्मैं पार्टी में सबसे नया हूं और यहां मौजूद सभी नेता मेरे वरिष्ठ हैं।

हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे। पार्टी मजबूत होगी, तो प्रदेश और समाज भी मजबूत होगा। उन्होंने सपा सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी भत्ता और छात्रों को लैपटॉप देने जैसी योजनाएं पहली बार लागू की गईं, जिससे युवाओं को लाभ मिला। इस दौरान नसीमुद्दीन ने शेरो-शायरी का भी सहारा लिया। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज हमारे पास फूल आ गए हैं, तो किसी का फूल मुरझाता जा रहा है। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता बदलाव चाहती है और समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय का प्रभावशाली नेता माना जाता है। वे बसपा में लंबे समय तक सक्रिय रहे और मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010








## अर्थ व्यापार






## वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

**मुंबई, वार्ता**



आईटी कंपनियों पर दबाव से घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह गिरावट देखी गई और अब आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर ज्यादा रहेगी। घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े जारी होने हैं। इससे बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। निवेशक वैश्विक कारकों से संकेत लेकर अपनी रणनीति तय कर सकते हैं।

बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गई। इसका प्रमुख कारण एक अमेरिकी कंपनी द्वारा एआई समर्थित एक ऐसे टूल के विकास की खबर है जिससे भारतीय आईटी कंपनियों को मिलने वाले ऑर्डर के प्रभावित होने की आशंका है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 953.64 अंक (1.14 प्रतिशत) की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 82,626.76 अंक पर बंद हुआ। इसमें पहले दो दिन तेजी और बाद के तीन दिन गिरावट रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 222.60 अंक यानी 0.87 फीसदी उतरकर सप्ताहांत पर 25,471.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.37 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे ज्यादा साप्ताहिक नुकसान उठाने वाली चारों कंपनियां आईटी क्षेत्र की रहीं। इंफोसिस का शेयर 9.12 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 8.70 प्रतिशत, टीसीएस का 8.48 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 5.18 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 4.89 फीसदी और आईटीसी का 3.82 फीसदी गिर गया, जबकि ट्रेंट में 3.22 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिग एवं वित्तीय कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सेंसक्स में सबसे ज्यादा 12.42 प्रतिशत उछला।

### राम मंदिर का वैभव सात समंदर पार, 20 फरवरी को मॉस्को में होगी भव्य रामलीला

**लखनऊ।** अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राम मंदिर से जुड़े विकास कार्यों और दीपोत्सव जैसे भव्य आयोजनों की गूंज अब सात समंदर पार तक पहुंच गई है। इसी सांस्कृतिक प्रेरणा के तहत रूस की राजधानी मॉस्को में 20 फरवरी को भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों के नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। रूस में भारत के दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से आयोजित इस रामलीला में रूसी कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। राम की भूमिका एवगेनी, सीता का किरदार दारिया, लक्ष्मण की भूमिका मुरात और हनुमान के रूप में दिमित्री मंच पर भारतीय आस्था की सजीव प्रस्तुति देंगे। भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा और संगीत के माध्यम से रामकथा को जीवंत किया जाएगा। इस आयोजन की मुख्य संचालक रूसी-भारतीय मैत्री संस्था 'दिशा' है, जो डा. रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में वर्षों से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सेतु का कार्य कर रही है। आयोजकों के अनुसार रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और आदर्श जीवन का सार्वभौमिक संदेश देती है।

## चावल, गेहूं में साप्ताहिक गिरावट, चीनी, खाद्य तेल मजबूत

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी और खाद्य तेलों के दाम बढ़ गए, जबकि दालों में उतार. चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 69 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं सात रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,856 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा चार रुपये चढ़कर 3,341 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 319 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल का भाव 256 रुपये और पाम ऑयल का 222 रुपये बढ़ा। सोया तेल 105 रुपये और सरसों तेल 78 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में 36 रुपये की तेजी रही। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 82 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 65 रुपये और मूंग दाल की 11 रुपये बढ़ी। मसूर दाल में 66 रुपये और चना दाल में 61 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। वहीं चीनी 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7717.18 रुपये, मसूर काली 8021.25 रुपये, मूंग दाल 10136.12 रुपये, उड़द दाल 10648.94 रुपये, तुअर दाल 11055.72 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: गेहूं दड़ा 2855.71 रुपये और चावल 3752.76 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3340.61 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.55 रुपये और गुड़ 4982.94 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17745.59 रुपये, मूंगफली तेल 18288.25 रुपये, सूरजमुखी तेल 16603.41 रुपये, सोया तेल 14074.80 रुपये, पाम ऑयल 12910.73 रुपये और वनस्पति 14573.89 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## महाशिवरात्रि 2026: काशी-मथुरा में निकली भोलेनाथ की बारात

■ कानपुर, मेरठ और फर्रूखाबाद में बम-बम की गूंज

**वाराणसी।** काशी में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर में भोर से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पहली पहर की मंगला आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस दौरान भक्तों पर पुष्प वर्षा भी की गई। आज लाखो की संख्या में भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहीं यूपी के अन्य शहरों में शिवालयों से ही बम-बम की गूंज नजर आ रही है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बरेली, मेरठ समेत सभी शहरों में शिवरात्रि की धूम नजर आ रही है। काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर से भक्तोंकी सुविधा के लिए डिजिटल दर्शन की भी व्यवस्था की है। इस लिंक पर क्लिक कर आप बाबा के दर्शन कर सकते हैं।

सड़कों पर भूत, पिशाच, नर,किन्नर अलग-अलग स्वरूप में बाबा की बारात में शामिल होते हुए नजर आए। यह बारात तिलभांडेश्वर से निकली। बारात में तरह-तरह के कलाकार प्रभु के अलग-अलग स्वरूप में मौजूद थे, जो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। इस मौके पर महंत आवास पर मौजूद बाबा की चल प्रतिमा का श्रृंगार भी हुआ। बाबा दूल्हा के रूप में नजर आए, तो मां गौरा दुल्हन के रूप में सजी दिखीं। महाशिवरात्रि का पर्व देशभर में धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में भी श्री कृष्ण जन्म स्थान से भोलेनाथ की बारात हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। बैंड-बाजे बाराती और भूत प्रेत की झांकियां के साथ शहर में निकली। बारात अनेक मार्गो से होती हुई श्री कृष्ण जन्मभूमि गेट नंबर एक पर पहुंची, यहीं यात्रा का समापन हुआ। नाथ नगरी के रूप में पहचान रखने वाले बरेली में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर के प्रमुख शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लग हुई। हर-हर महादेव के जयघोष के बीच जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का सिलसिला जारी रहा। आस्था का मुख्य केंद्र इस बार भी महाभारत कालीन मान्यताओं वाला त्रिवटीनाथ मंदिर है। कानपुर के आनंदेश्वर मंदिर में भोर से ही भक्त उमड़ पड़े। यहां आज दिन भर करीब 3 लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन किए। भक्तों की सुरक्षा के लिए यहां पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं मेरठ में औघड़नाथ समेत कई मंदिरों में पूजन-अर्चना जारी रही। यहां भोर से ही भक्त शिवालयों में पहुंचने लगे। बम भोले के उद्घोष के साथ भक्तों ने परिवार के साथ भोले बाबा का पूजन-अर्चना कर मंगलकामना की।

## जम्मू-कश्मीर में 8000 बेनामी बैंक अकाउंट फ्रीज

■ सुरक्षा बलों ने बड़े हवाला नेटवर्क का किया भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में बेनामी बैंक अकाउंट का इस्तेमाल करके मनी लॉन्ड्रिंग करने वाले एक गैंग का भंडाफोड़ किया है। ये 8000 गुमनाम अकाउंट इंटरनेशनल फ्रॉड करने वाले गैंग के 'हथियारों' में से एक हैं। इन अकाउंट का इस्तेमाल मुख्य रूप से साइबर फ्रॉड के लिए किया जाता था। हालांकि सिक्योरिटी एजेंसियों को डर है कि अलग-अलग मिलिटेंट ग्रुप और अलगाववादी ताकतें भी इन अकाउंट का इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों के लिए फाइनेंशियल मदद देने के लिए कर सकती हैं।

एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि स्कैम का पूरा इकोसिस्टम इन अकाउंट पर निर्भर करता है। पैसे के लिए कोई डेस्टिनेशन न होने पर स्कैम पहले ही स्टेप में फेल हो जाता है। जो लोग अपने अकाउंट किराए पर देते हैं, वे सिर्फ हालात के शिकार नहीं होते, वे क्राइम के इंजन होते हैं। कार्यालय सूत्रों के मुताबिक एक रिपोर्ट है कि ये गुमनाम अकाउंट साइबर फ्रॉड की दुनिया में सबसे कमजोर, लेकिन सबसे अहम कड़ी हैं, क्योंकि इन अकाउंट की मदद के बिना क्रिमिनल मनी को क्रिप्टोकरेंसी में बदलना लगभग नामुमकिन है। ऐसे गुमनाम बैंक अकाउंट को 'म्यूल अकाउंट' कहा जाता है। साइबर फ्रॉड करने वाले आमतौर पर अपने नाम के अकाउंट का इस्तेमाल नहीं करते हैं। वे क्रिमिनल मनी को अलग-अलग जगहों पर भेजने के लिए किसी तीसरे व्यक्ति के अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं। वे पकड़े जाने के खतरे से बचने के लिए इन गुमनाम अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं।

## भारत है सद्भावना का बड़ा केन्द्र: भागवत

**गोरखपुर, वार्ता**



■ गोरखपुर में सामाजिक सद्भाव बैठक में बोले संघ प्रमुख मोहन

■ कहा-देश ठीक रहेगा तो हम भी ठीक रहेंगे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत की ओर से संघ शताब्दी वर्ष के तहत तारामंडल स्थित बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में सामाजिक सद्भाव बैठक रविवार को हुई, जिसमें विभिन्न जाति, समाज और पंथ के प्रमुख और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस सामाजिक सद्भाव बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि आज सामाजिक नेतृत्व यहां उपस्थित है। उन्होंने कहा कि भारत स्वार्थ नहीं देखता, दुनिया के अन्य देशों पर संकट आने पर भारत उनकी सहायता के लिए आगे आता है, भारत सद्भावना का केन्द्र है।

समाज उसे कहते हैं, जिसका परस्पर जुड़ाव हो। स्वार्थ का अपनापन टिकता नहीं है। अन्य देशों में विचार है कि मनुष्य से मनुष्य का संबंध एक सौदा है, किन्तु अपने देश में मनुष्यों के संबंध का विचार ऐसा नहीं है। यहां संबंध अपनेपन का है, हमारे देश में अनेक विविधताएं और अनेक रीति-रिवाज हैं। मोहन भागवत ने कहा कि यहां विविधता में एकता है, क्योंकि यहां एक नाता है। भारत को हम माता मानते हैं। एक ही चैतन्य सब में है - वह भगवान है। हमारी अलग-अलग विशिष्टताओं के बावजूद यही नाता हमें जोड़े रखता है, हमारी संस्कृति में हम महिला को वात्सल्य की दृष्टि से देखते हैं। सदियों के आचरण से हमारा यह स्वभाव बना है। हमारे यहां अलग रंग-रूप और वेशभूषा अलगाव का कारण नहीं बनते। हमारे समाज का लक्ष्य जीवन के सत्य को जानना है और जीवन का सत्य भगवान हैं। सरसंघचालक ने कहा कि यही हमारा समान लक्ष्य और समान संस्कृति है। समाज सद्भाव से चलता है, समाज में यदि सद्भावना नहीं है, तो कानून और पुलिस के बावजूद समाज नहीं चलता। संघ के 100 वर्ष पूरे हुए हैं, यह कोई उत्सव की बात नहीं है, जिसे करने में 100 वर्ष लग गए, वह और पहले हो जाना चाहिए था। हमें करना यह है कि ब्लॉक स्तर पर वर्ष में 2-3 बार बैठें, हम अपनी जाति की चिंता कर रहे हैं, यह अच्छी बात है, लेकिन ध्यान रखें कि हम एक बड़े समाज के लोग हैं। हिन्दू समाज में पूर्ण स्वतंत्रता है, हम हिन्दू समाज के अंग हैं।

# महाशिवरात्रि पर मानवता शर्मसार

## बीमारी से जूझ रही युवती को सड़क किनारे छोड़ा, प्रशासन ने लिया संज्ञान

**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जहां देशभर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। वहीं धामपुर में सामने आई एक हृदयविदारक घटना ने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया। स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव मंडोरी निवासी 21 वर्षीय निशु पुत्री भूरे को उसके परिजनों द्वारा कथित तौर पर इलाज के नाम पर धामपुर लाया गया और बाद में सड़क किनारे नाले के पास लाचार अवस्था में छोड़ दिया गया। गंभीर बीमारी से पीड़ित युवती कई घंटों तक सड़क किनारे पड़ी रही, लेकिन राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ तमाशबीन बनी रही, जिससे समाज की संवेदनहीनता उजागर हुई।

श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल मे भर्ती निशु ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से गंभीर बीमारी से जूझ रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसका समुचित उपचार नहीं हो पा रहा था। बताया गया कि युवती का पिता धामपुर के एक निजी अस्पताल में कार्यरत है और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है, लेकिन इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ रहा। इसी बीच पारिवारिक



### समाजसेवी चिकित्सक ने अस्पताल पहुंचाया

तनाव और हालात बिगड़ने पर युवती के भाई द्वारा उसे घर से बाहर ले जाकर धामपुर में छोड़ दिए जाने की बात सामने आई है। पीड़िता ने स्वयं बताया कि उसका भाई नशे का आदी है और उसने इलाज कराने का बहाना बनाकर उसे सड़क किनारे छोड़ दिया।

घटना की सूचना किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा समाजसेवी चिकित्सक डॉ. एन.पी. सिंह को दी गई। सूचना मिलते ही डॉ. एनपी सिंह मौके पर पहुंचे और लाचार अवस्था में पड़ी युवती को अपनी गाड़ी से नगीना मार्ग स्थित अपने श्रीराम सर्वोदय अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार युवती की हालत गंभीर बनी हुई थी, हालांकि समय पर उपचार मिलने से उसकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ। अस्पताल प्रशासन की देखरेख में उसका इलाज जारी रहा।

मामले की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पीड़िता को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी के आदेश पर तहसीलदार धनराज कुमार तथा पटवारी प्रभात कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। शाह टाइम्स द्वारा प्रकरण की सूचना प्रशासन तक पहुंचाए जाने के बाद पीड़िता को बेहतर उपचार दिलाए जाने के पश्चात सरकारी एंबुलेंस के माध्यम से सुरक्षित रूप से उसके घर भिजवाया गया। साथ ही तहसील स्तर पर पूरे मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन की ओर से पीड़िता के उपचार, अस्थायी सहायता और आगे के पुनर्वास को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

यह घटना न केवल एक परिवार की मजबूरी और टूटते रिश्तों की तस्वीर पेश करती है, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। जिस बेटी को परिवार का सहारा बनना था, वही बेटी बीमारी के कारण बोझ समझी जाने लगी। समय रहते समाजसेवी चिकित्सक और प्रशासन की पहल से युवती को नई उम्मीद जरूर मिली है, लेकिन यह प्रकरण समाज के लिए चेतावनी है कि संकट की घड़ी में संवेदनशीलता और मानवीय कर्तव्य से मुंह मोड़ना एक बड़ी सामाजिक विफलता है।

## मौलाना शबाब दरगाह के प्रशासक नियुक्त



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने जोगीरम्पुरी स्थित दरगाह ए आलिया नजफ ए हिंद का मौलाना सैयद शबाब नकवी को प्रशासक नियुक्त किया है। मौलाना सैयद शबाब नकवी को प्रशासक नियुक्त करने पर अकीदतमंदों, उलेमा-ए-किराम और सामाजिक संगठनों ने इसे दूरअंदेशी कदम बताते हुए उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी के फैसले की सराहना की है। अकीदतमंदों का कहना है कि मौलाना शबाब नकवी अपनी इल्मी काबिलियत, दीनी सूझ-बूझ और खिदमत ए खल्क के जज्बे के लिए जाने जाते हैं। उनकी कयादत में दरगाह का प्रशासन और मजबूत होगा। पारदर्शिता बढ़ेगी तथा अकीदतमंदों को बेहतर सहूलतें मिलेंगी।

गौरतलब है कि दरगाह में प्रशासक नियुक्ति को लेकर पिछले काफी दिनों से खींचतान मची आ रही थी। दरगाह की कमेटी को लेकर हमेशा विवाद रहता है।

## एक नजर

### बड़े शिव मंदिर पर जलाभिषेक

**राजा का ताजपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर बड़े शिव मंदिर पर जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालुओं ने रात्रि में भंडारे का आयोजन किया। शिव मंदिर को रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया था। जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही लम्बी कतारें लगी रहीं। सुरक्षा के सख्त बंदोबस्त थे। कई जगह पर मुस्लिम समाज के लोग भी भोलों की सेवा करते नजर आ रहे थे। शिव भक्तों की टोली में एक से एक बढ़कर झांकियां देखने को मिल रही थी। भक्त देश भक्ति गीतों में झूम रहे थे। शिव भक्तों की सेवा करने वालों में सरदार कमलजीत सिंह, ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी व समाजसेवी प्रदीप त्यागी, मोहित कुमार, विनीत कुमार सिंह, राजेश कुमार सैनी आदि शामिल थे।

### मासूम बच्ची को परिवार से मिलाया



**नहटौर।** पुलिस ने नूरपुर मार्ग पर ग्राम आंकू के पास भटक रही आठ वर्षीय बच्ची को उसके परिवार से मिलाया। पुलिस के इस कार्य की सराहना की जा रही है। बताया जाता है कि आज शाम करीब पांच बजे ग्राम आकू के पास बच्ची भटकती हुई मिली थी। बच्ची ने अपना नाम खुशी और हल्दौर निवासी बताया। वह अपने माता-पिता का नाम नहीं बता पा रही थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसके परिजनों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि बच्ची की मां ओमवती देवी पत्नी मोनू कुमार, निवासी ग्राम अल्लाह वाला, कस्बा व थाना हल्दौर की रहने वाली हैं। ओमवती देवी अपनी बेटी खुशी को घर पर छोड़कर अपने मायके बलदेवता के पास दवाई लेने गई थी। खुशी घर पर बिना किसी को बताए बाहर आ गई थी। पुलिस ने खुशी को उसकी मां ओमवती देवी को सकुशल सौंप दिया। पुलिस के इस कार्य की सराहना की जा रही है।

### सड़क हादसे में मौत



**नूरपुर।** मुरादाबाद रोड पर देर रात सड़क हादसे में ग्राम गौहावर निवासी रेलवे कर्मचारी आकाश रस्तौगी की दर्दनाक मौत से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। उसका साथी ललित पुत्र अरविंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक आकाश रस्तौगी दो दिन पहले ही अपनी बहन की शादी में आया था। हर तरफ खुशी का माहौल था। ललित को गंभीर हालत में मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। आकाश व ललित क्षेत्र के ग्राम सैदपुर भट्टे पर अपने मामा से मिलकर वापस लौट रहे थे। तभी पुरनपुर नंगला के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

### गंगदासपुर की टीम ने जीता गोल्ड मेडल



**बिजनौर।** बेसिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय बाल क्रीडा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन गंगदासपुर की टीम का जलवा बरकरार रहा। गंगदासपुर की जूनियर बालक वर्ग की टीम ने इस बार भी खो-खो में गोल्ड मेडल जीतकर डबल हैट्रिक मारी। गंगदासपुर की टीम पिछले पांच सालों से लगातार खो खो में गोल्ड मेडल जीत रही है और इस बार भी गोल्ड जीता है। इसके अलग गंगदासपुर के आयाम ने चक्का फैक में गोल्ड मेडल जीता। अमन ने 600 मीटर रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीम के कोच ओम प्रकाश ने बताया कि अब टीम 17 फरवरी को होने जा रही संभल में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। गंगदासपुर के प्रधानाध्यापक धीरेंद्र कुमार व स्टाफ ने टीम की हौंसला अफजाई की है।

## नसीमुद्दीन सिद्दीकी का करीबियों ने छोड़ा साथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी आज अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में सपा में शामिल हो गए। लेकिन खास बात यह रही कि जनपद में मौजूद उनका कोई भी करीबी सपा में शामिल नहीं हुआ। वह अपने करीबियों को बुलाते रहें, लेकिन किसी ने भी अपने राजनीतिक भविष्य के मद्देनजर उनके साथ जाना पसंद नहीं किया।



### सपा में नहीं हुआ कोई भी शामिल

प्राप्त समाचार के अनुसार बसपा सरकार में कई विभागों के मंत्री रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने मायावती से खटपट के बाद पार्टी से किनारा कर लिया था। वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। लेकिन कांग्रेस में रहते हुए उन्हें कोई फायदा नहीं पहुंचा। काफी लम्बे इंतजार के बाद उन्होंने सपा की तरफ कदम बढ़ाए और कांग्रेस को अलविदा कह दिया था। जब उन्होंने कांग्रेस छोड़ी, तो उनके साथ किसी अन्य नेता ने कांग्रेस से किनारा नहीं किया। आज वह सपा में शामिल हो गए। लेकिन विभिन्न पार्टियों में मौजूद उनके करीबियों ने पाला नहीं बदला। सूत्रों का कहना है कि नसीमुद्दीन सिद्दीकी की तरफ से बुलावा आया, मगर किसी ने भी तवज्जो नहीं दी। क्योंकि नसीमुद्दीन सिद्दीकी के करीबियों को सपा में अपना भविष्य दिखाई नहीं दे रहा है। जनपद की सभी सीटों पर पूर्व से ही सपा के दावेदार मौजूद है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी जनपद में अपने करीबियों को कितने टिकट दिला पाते है, यह भी स्पष्ट नहीं है।

# काले कानून की समाप्ति तक संघर्ष: विजय

## पेंशन क्रांति महासम्मेलन में शिक्षक कर्मचारियों का उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि पुरानी पेंशन की मांग जब तक पूरी नहीं होती है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में इंदिरा बाल भवन में अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु की अध्यक्षता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह के संचालन में पेंशन क्रांति महासम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस काले कानून है, जिसका विरोध निरंतर जारी रहेगा। पुरानी पेंशन हमारा संविधानिक अधिकार है, जिसके लिए संगठित होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी मांगें तभी मानेगी, जब हम संगठित होकर मजबूती के साथ लड़ेंगे। आईआरईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरीक सिंह एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप बडोला ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए ईमानदारी से शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए संघर्षरत है और हम अटेवा के संघर्ष के साथ है। विद्युत



प्राविधिक कर्मचारी संघ के पश्चिमांचल महासचिव अभिमन्यु कुमार व ऑल इंडिया पटवारी एवं कानूनगो संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम मूरत यादव व उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा पुरानी पेंशन हमारा संविधानिक अधिकार है, जिसके लिए अंत तक संघर्ष जारी रहेगा। राजकीय वाहन चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रिजवान सिद्दीकी एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री ठाकुर विश्वपाल सिंह ने अटेवा के संघर्ष की तारीफ की और हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जितेंद्र कुमार गुर्जर, मुकेश रतौड़ी, जगमोहन, विकास कुमार शर्मा, दुष्यंत कुमार, उदय प्रताप सिंह, बिट्टू कुमार, चरणजीत सिंह, तालिब हसन, सुधीर कुमार यादव, नितिन कुमार, प्रीत वर्धन, रजनीश कुमार, इंद्रेश यादव, रंजन, प्रहलाद यादव, राजन खान, हेमंत चौधरी, दीपक गुप्ता, रजनीश सहगल, मतीन अहमद, राधेश्याम, रविन्द्र कुमार, नवनीत गुप्ता, अंकुर, लोकेंद्र सिंह, राजेश कुमार, रवि गहलौत, सुभाष चंद्र यादव, मनोज कुमार यादव, विनोद कुमार यादव, विजय कुमार, दीपक गुप्ता, करतार सिंह, अबरार, करतार सिंह, मुजफ्फर सलाम, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, जयदेव, सुशील कुमार, लखबीर, राकेश कुमार शर्मा, गजेंद्र कुमार शर्मा, धीरज कुमार, क्रांति सिंह शर्मा, जयप्रकाश, कपिल कुमार शर्मा, मनोज कुमार कौशिक आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### डॉ. प्रिन्सी ने बढ़ाया गौरव

**बिजनौर।** नरेन्द्र कुमार राजस्व निरीक्षक कार्यरत तहसील चांदपुर निवासी रानी बाग कॉलोनी धामपुर की सुपुत्री डॉ. प्रिन्सी सोलंकी ने एमबीबीएस में टॉप करने के बाद 2025 की नीट पीजी परीक्षा में ऑल इण्डिया रैंक 2453 हासिल कर पीजीआई गवनरमेंट मेडिकल कॉलेज सहारनपुर में जनरल सर्जरी एमएस में प्रथम प्रयास में ही स्थान प्राप्त किया। डॉ. प्रिन्सी सोलंकी के द्वारा प्रियंका मॉडर्न स्कूल धामपुर से इण्टरमीडिएट में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए गए थे। प्रथम प्रयास में ही 2018 बैच में उनक चयन सैफई स्थित मेडिकल कॉलेज के लिए हो गया था। उन्होंने 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की और वर्तमान में डॉ. प्रिंसी सोलंकी सरकारी राजकीय मेडिकल अस्पताल शाहज. हांपुर में जूनियर रेजिडेंड के पद पर पिछले डेढ़ वर्ष से कार्यरत है। वह बसपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र कुमार सिंह की भतीजी है। उनकी इस उपलब्धि से माता-पिता, परिवारजनों व रानी बाग कॉलोनीवासियों में हर्ष का माहौल है।



### जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की



**नगीना।** महाशिवरात्रि का पावन पर्व आस्था पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्राचीन मंदिर मुक्तेश्वर नाथ के प्राचीन शिवालय में हजारों शिव भक्त कावड़ियों ने हरिद्वार से लाए पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक किया। नगर के अन्य शिव मंदिरों में दूरदराज के गांवों से आई महिलाओं और युवाओं ने उपवास रख मंदिरों में दूध, बेर, फल चढ़ाकर पूजा पाठ की और देश की खुशाहाली व उन्नति की कामनाएं की। महाशिवरात्रि के पर्व पर हजारों शिव भक्त हरिद्वार से पवित्र गंगा जल कांवड़ लेकर नगीना पहुंचे जहां जलाभिषेक करने के लिए लंबी लंबी कतारों में जल चढ़ाने का इंतजार करते रहे। इस दौरान नगर में जगह जगह शिवभक्तों के लिए भंडारों और विश्राम स्थलों की व्यवस्था की गई, जिनमें सभी धर्मों के लोगों, समाजसेवकों, प्रशासनिक अधिकारियों, सरकारी कर्मचारियों, चिकित्सकों ने भाग लिया। जलाभिषेक से पूर्व विधिवत हवन पूजन में साहू सलिल अग्रवाल, विधायक मनोज पारस, अक्षेश पारस, बर्फानी सेवा समिति से शीतांशु अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजलि मित्तल पति सौरभ मित्तल, पवन मित्तल, लवी मित्तल, अजय ठाकुर मित्तल, साहू कपिल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, मुकेश उर्फ आले आदि को रात के 12 बजे मंदिर के पुजारी डॉ. विपिन त्रिपाठी ने विधि विधान के साथ जलाभिषेक कराया जहां हजारों दूर दराज के गावो से आये शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इसके अलावा क्षेत्र के शिव मंदिरों झारखंडी मंदिर, लोकेश्वर नाथ मंदिर, बाल्मीकि बस्ती शिव मंदिर, जोशियान के शिव मंदिर, मोहल्ला सराय में महादेव मंदिर, खोकर नाथ जी मंदिर सहित नगर क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालु और शिव भक्तों ने उपवास रखकर जलाभिषेक किया।

# कांवड़ यात्रा सुरक्षा का निरीक्षण

## एसपी अभिषेक झा ने साइकिल से 45 किमी मार्ग का जायजा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बिजनौर में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया। जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने क्षेत्राधिकारी नगर संग्राम सिंह के साथ लगभग 45 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग का साइकिल से भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया।



इस निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को कांवड़ियों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर शांतिपूर्वक और सकुशल अपने-अपने गंतव्यों की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। विभिन्न शिवालयों में विधिवत जलाभिषेक किया जा रहा है।

जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित हो रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि यह पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## नगीना में कांवड़तियों की मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांवड़ यात्रा के दौरान नगीना में कांवड़ यात्रियों के द्वारा एक पेट्रोल पम्प संचालक के पुत्र के साथ मारपीट व पुलिस के द्वारा बीच-बचाव की वीडियो कई दिन बीत जाने के बाद अब वायरल की जा रही है। हालांकि पुलिस ने उस वक्त समझदारी से काम लेते हुए मामले को ठंडा कर दिया था और किसी भी पक्ष की तरफ से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

### पुलिस ने मामले को किया ठण्डा

प्राप्त समाचार के अनुसार कांवड़ यात्रा के दौरान नगीना में बढ़ापुर व बुंदकी मार्ग के तिराहे पर स्थित पेट्रोल पम्प पर विवाद हो गया था। पेट्रोल पम्प स्वामी के पुत्र ने इस दौरान मौके पर कांवड़ यात्रियों को कुछ कह दिया था। जिसके बाद कांवड़ यात्रियों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी थी। यहां पर पुलिस तैनात थी। हंगामा होते ही पुलिस कर्मियों ने समझदारी से काम लेते हुए मामले को ठंडा करने का पूरा प्रयास किया। दोनों पक्षों को अलग-अलग कर दिया गया था। कांवड़तियों के द्वारा पिटाई के बावजूद किसी पक्ष के द्वारा पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी। कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न भी हो गई। लेकिन अब मौके की वीडियो वायरल की जा रही है। वायरल करने वालों का क्या उद्देश्य है, यह तो वो ही जान सकते है। मगर इतना साफ है कि इसके पीछे कोई न कोई मंशा है। पेट्रोल पम्प संचालक भी क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्ति रहे हैं।

उधर वीडियो वायरल होने के बाद नगीना के सीओ ने पुलिस का पक्ष सामने रखा है। क्षेत्र में पूरी तरह से शांति है।

# झारखंडी शिव मंदिर में उमड़ी आस्था

## आधी रात से शुरू हुआ जलाभिषेक, लाखों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**संवाददाता शाह टाइम्स**

**झालू।** खारी स्थित स्वयंभू झारखंडी शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था का विराट स्वरूप देखने को मिला। रात्रि 12 बजे शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक का शुभारंभ किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह, उपाध्यक्ष सूरज सिंह दहिया, लटूर सिंह, धर्मपुरा ग्राम प्रधान शौवीर सिंह एवं ग्राम पंचायत सचिव मोहित कुमार सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न कर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के द्वार खोले।

इसके बाद हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों और शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग का जलाभिषेक किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।



दूर-दराज जनपदों से आए भक्तों ने घंटों कतार में लगकर दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति व मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गुंजायमान रहा।

शिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल मेले का भी आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। मेले में सजी पूजा सामग्री, प्रसाद, खिलौनों व खानपान की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। हल्दौर कोतवाल किशन अवतार के नेतृत्व में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह व उपनिरीक्षक पावेंद्र कुमार सहित पुलिस बल पूरे समय तैनात रहा। पुलिस की मुस्तैदी और व्यवस्थाओं के चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# जलाभिषेक के लिए मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

## दोपहर दो बजे तक लगी रही लंबी कतार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। मौहल्ला फतेहनगर स्थित गढ़ी के मंदिर में भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। रात 12:08 बजे से ही शिवभक्तों की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई, जो दोपहर लगभग दो बजे तक लगातार बनी रही।

मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंजता रहा। दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं, पुरुषों और युवाओं सहित बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। मंदिर प्रबंधन समिति और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। जल, प्रसाद और कतार व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

वहीं, पुलिस प्रशासन भी पूरे समय मुस्तैद रहा। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की सतर्कता और सहयोग से महाशिवरात्रि का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन के सकुशल संपन्न होने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। महाशिवरात्रि के इस अवसर पर नगर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा और शिवभक्त भक्ति भाव में नजर आये।

## ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**नांगल सोती।** शनिवार को बाइक से मुबारकपुर थाना हीमपुर दीपा निवासी संजय पुत्र प्यारेलाल तख्तपुर, थाना चांदपुर निवासी सोनू पुत्र बाबूराम अपने घर से हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे थे। नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम सौफतपुर के निकट ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर हो गई थी।

हादसे में दोनों कांवड़ती घायल हो गए थे, जिन्हें मेरठ एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को उनके परिजन गोपीचंद की ओर से ट्रैक्टर चालक अवधेश के विरुद्ध गलत साइड व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उधर पुलिस ने ट्रैक्टर को सीज कर दिया है। दोनों घायलों की मेरठ में हालत नाजुक बताई जा रही है।

## एक नजर

### घबराहट छोड़कर परीक्षा दें छात्र : शहजाद



**चांदपुर।** सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं की दस्तक के साथ अब पढ़ाई का घर-घर अच्छा माहौल बन चुका है। बच्चे किताबों में न उलझकर सिर्फ अपने टारगेट (पढ़ाई) पर ध्यान ज्यादा केन्द्रित करते है। उक्त विचार व्यक्त करते हुए क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के एकेडमिक निदेशक शहजाद खान ने एक सकारात्मक संदेश देते हुए छात्रों और अभिभावकों से संयम, अनुशासन, आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करने की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को बोझ नहीं बल्कि एक अवसर समझो और तैयारी करें। साथ ही छात्र-छात्राएं दिन की शुरूआत छोटे लक्ष्य से शुरू करे और विषयों को टुकड़ों में बांटकर पढ़ाई करने के बाद एक बार पुन: पढ़े गये पाठ को जांच करे और देर रात्रि तक न जागे, क्योंकि ये आदत में शुमार हो जाता है जो परीक्षा देने मे आलस्य पैदा करता है। उन्होंने समस्त छात्र छात्राओं कहा कि बच्चे सुबह सवेरे ताजी हवा में अपनी पढ़ाई करें, वह ज्यादा प्रभावी रहती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील में कहा कि अपने बच्चों की तुलना अन्य बच्चों से न करें बल्कि उनके पास बैठकर उनकी पढ़ाई मे सहायता करे और उनके प्रयासों की सराहे। इस दौरान माता पिता अपने बच्चों को मोबाइल, टीवी या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ज्यादा समय न बिताये। इस पर संतुलन बनाये रखने मे पहल करे। डांट डपट की जगह उनके साथ उन्हे समझाऐ जो ज्यादा असरदार होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा को केवल नम्बरों की दौड़ न समझे, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की भी प्रक्रिया होती है। सही दिशा, सही सोच और सही मार्गदर्शन ही बच्चों को उनकी परीक्षा में उनका आत्मविश्वास बढ़ाता है और वह अच्छे से अपनी परीक्षा देते हैं और सफल हो जाते हैं।

### ट्रक चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार



**स्योहारा।** पुलिस ने ट्रक चोरी की एक बड़ी घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के कुशल नेतृत्व में की गई, जिसकी क्षेत्र में सराहना हो रही है। 26 जनवरी को वादी द्वारा ट्रक चोरी की सूचना दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने तत्काल टीम गठित कर सघन जांच शुरू कराई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी किया गया ट्रक बरामद कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों फारुख पुत्र सब्बू निवासी ग्राम सरवरखेड़ा थाना कुंडा जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) तथा सुल्तान पुत्र सिकंदरुल्ला निवासी थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी भी बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों अभियुक्त पेशेवर वाहन चोर हैं और विभिन्न जनपदों में इनके विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### चेहला में मौहम्मद फरमान का स्वागत



**चांदपुर।** जिला पंचायत बिजनौर वार्ड 34 सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे ग्राम फजलपुर ढाकी निवासी मौहम्मद फरमान का ग्राम चेहला पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा फूलों की मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मौहम्मद फरमान ने अपने स्वागत सत्कार पश्चात कहा कि मैं आप ही के क्षेत्र का निवासी हूं, आप लोग ही मेरी ताकत हैं, मेरा प्रयास रहेगा कि मैं आपके क्षेत्र के चहुमुखी विकास और आपके मान-सम्मान के लिए कार्य करूं। ग्राम चेहला निवासी इंसाफ अली के अनुरोध पर उनके निवास स्थान पर पहुंचे मौहम्मद फरमान ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और वह किसी भी कीमत पर अपने देश के (अन्नदाता) किसानों का उत्पीड़न नही होने देंगे। साथ ही किसान यूनियन व किसानों की के हित की लड़ाई में उनके साथ है। उन्होंने दो टूक कहा कि किसानों की समस्याओं का हर संभव समाधान कराया जायेगा। इस मौके पर मुफ्ती वसीम अहमद ग्राम हताई जमरूद्दीन, सरफराज प्रधान, अजीज अहमद प्रधान, आशी प्रधान सदनपुर, मौहम्मद हुसैन भवानीपुर, तौकीर अहमद आदि ने भी मौहम्मद फरमान के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए मौहम्मद फरमान को ही क्षेत्र का नुमाइंदा चुनने की वकालत की।

### अनुशासित वातावरण में परीक्षा सम्पन्न



**स्योहारा।** जामिअुल कुरआन मुनज्जम मकतब ठाकुरद्वारा रोड में दीनियात तथा हिफ्ज नाजिरा व पारा की वार्षिक परीक्षा सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुई परीक्षा प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित की गई। सभी विद्यार्थियों ने उत्साह और लगन के साथ भाग लिया। दीनियात की परीक्षा लेने हेतु हाजी वाली मस्जिद के इमाम हजरत मौलाना मुफ्ती उबैदुर्रहमान साहब विशेष रूप से पधारे, जबकि हिफ्ज हिस्से की परीक्षा के लिए हजरत मौलाना मुफ्ती मौहम्मद जीशान साहब तशरीफ लाए। दोनों परीक्षकों ने विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर सवालात किए और उनकी तैयारी का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान मकतब का वातावरण आध्यात्मिक, अनुशासित एवं प्रेरणादायक बना रहा। परीक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत, तजवीद और याददाश्त की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की दुआ की। संस्थान की ओर से उम्मीद जताई गई कि विद्यार्थी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ दीन की तालीम हासिल करते रहेंगे। इस अवसर पर मौहम्मद उवैस कासमी स्योहारावी, हाफिज शादाब सहित अन्य जिम्मेदारान भी मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी और जालसाजी में कब होगी कार्रवाई

**हीमपुर दीपा।** अब इसे पुलिस की लापरवाही या मिलीभगत न कहें तो क्या कहे। जिस मामले में फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए एक उपजिलाधिकारी ने सीधे-सीधे उसकी प्रतिलिपि जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन और पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर जैसे जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर अवगत करा दिया हो और उसके बाद भी पुलिस सवा महीने बाद तक उसमें मुकदमा दर्ज न करे, तो ऐसे मामलों में पुलिस पर चांदी की चमक में काम करने का आरोप आखिर क्यों न लगे ? बीती नौ जनवरी को उपजिलाधिकारी सदर ने बीएलओ द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर हीमपुर दीपा, थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर कलां निवासी ग्राम प्रधान पति के भाई और वर्तमान संभावित प्रत्याशी फाजिल पर 24 फर्जी वोट बनवाने का आरोप लगाते हुए उक्त संदिग्ध मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की अपने पत्र में बात कही थी।

# सरकारी जमीन पर पार्किंग का कब्जा

## ठाकुरद्वारा मार्ग पर मैरिज हॉल संचालकों की मनमानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित मैरिज हॉलों के सामने सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का मामला धीरे-धीरे गंभीर रूप लेता जा रहा है। आरोप है कि यहां सड़क किनारे लगे सरकारी पेड़ों का कटान होता जा रहा है और खाली हुई जगह पर आरसीसी डालकर स्थायी पार्किंग का निर्माण कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि यह सब खुलेआम हो रहा है लेकिन संबंधित विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

चर्चाओं का बाजार गर्म है कि ठाकुरद्वारा मार्ग पर बने कई बैंकट हॉलों के सामने पहले सरकारी पेड़ और हरित पट्टी मौजूद थी जो पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ सड़क की सुंदरता का भी हिस्सा थी। लेकिन बीते कुछ समय से इन पेड़ों को काटकर या हटाकर वहां पक्की आरसीसी डाल दी गई है और पार्किंग स्थल उसे मैरिज हॉल की सुविधा के रूप में उपयोग किया जा रहा है। यह जमीन राजकीय संपत्ति बताई जा रही है, जिस पर निजी उपयोग के लिए स्थायी निर्माण नियमों के विपरीत माना जाता है। नगरवासियों का कहना है कि शादी-विवाह के सीजन में इन मैरिज हॉलों के बाहर भारी भीड़ और वाहनों का दबाव रहता है। पार्किंग की पर्याप्त निजी व्यवस्था न होने के कारण संचालकों ने सरकारी भूमि को ही अपने उपयोग में लेना शुरू कर दिया है। इससे एक ओर जहां सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है।

वहीं दूसरी ओर सड़क की चौड़ाई भी प्रभावित हो रही है, जिससे यातायात बाधित होने और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है।


पर्यावरण की दृष्टि से भी यह मामला गंभीर है। बिना अनुमति सरकारी पेड़ों का कटान वन एवं पर्यावरण संबंधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। यदि वास्तव में पेड़ों को बिना विधिक प्रक्रिया के हटाया गया है तो यह दंडनीय अपराध की श्रेणी में आ सकता है। इसके बावजूद अब तक न तो कोई स्पष्ट जांच सार्वजनिक हुई है और न ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जानकारी सामने आई है। स्थानीय नागरिकों में इस मुद्दे को लेकर रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि आम व्यक्ति सरकारी भूमि पर छोटा-सा अतिक्रमण भी कर दे तो तुरंत नोटिस और कार्रवाई हो जाती है, लेकिन प्रभावशाली प्रतिष्ठानों के मामले में अधिकारी चुप्पी साध लेते हैं।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। अवैध निर्माण को हटाया जाए और यदि सरकारी पेड़ों का अवैध कटान हुआ है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

देखना यह है कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है। नगर हित और पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है कि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और नियमों के विरुद्ध किए गए किसी भी निर्माण पर समान रूप से कार्रवाई हो।

# वर्षों से बंद पड़ी तराजू मोहर प्रक्रिया

## उपभोक्ता ठगे जाने को मजबूर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में लोहे के पुराने वार्ड तराजुओं पर सरकारी मोहर लगाने की प्रक्रिया लगभग पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 20 वर्ष पूर्व यह व्यवस्था पूरी सख्ती के साथ लागू की जाती थी, जिसमें नगर पालिका, तहसील व बाट-माप विभाग के कर्मचारी हर वर्ष दुकानों पर जाकर तराजुओं और बाटों की जांच करते थे और नियमानुसार सरकारी मोहर लगाई जाती थी। लेकिन बीते कई वर्षों से यह प्रक्रिया पूरी तरह दबकर रह गई है, जिससे उपभोक्ताओं के हितों पर सीधा असर पड़ रहा है। आज स्थिति यह है कि छोटे-बड़े व्यापारी टूटे-फूटे और वर्षों पुराने लोहे के वार्ड तराजुओं से ही सामान तौल रहे हैं। इन तराजुओं पर न तो सरकार की कोई मान्य मोहर लगी है और न ही उनकी नियमित जांच की जा रही है।

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि पुराने और असंतुलित तराजुओं के कारण तौल में भारी गड़बड़ी होती है, जिससे खरीदारी के दौरान उन्हें कम सामान दिया जाता है और नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों का आरोप है कि महंगाई पहले से ही आम जनता की कमर तोड़ रही है। ऐसे में कम तौल दिया जाना, उनके लिए दोहरी मार साबित हो रहा है। खासकर अनाज, सब्जी, दाल, चीनी जैसे रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं में थोड़ी-थोड़ी कमी मिलकर महीने भर में बड़ी मात्रा बन जाती है। बावजूद इसके संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या की ओर आंखें मूंदे बैठा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि बाट-माप अधिनियम के तहत नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए तो इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लग सकती है। नियमों के अनुसार बिना सरकारी मोहर वाले तराजुओं का उपयोग अपराध की श्रेणी में आता है, लेकिन स्योहारा क्षेत्र में न तो जांच अभियान चलाया जा रहा है और न ही दोषी व्यापारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है। जनता के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि यह स्थिति संबंधित विभागों की लापरवाही है या फिर मिलीभगत का नतीजा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल विशेष अभियान चलाकर सभी दुकानों में प्रयुक्त वार्ड तराजुओं की जांच कराई जाए। अवैध और बिना मोहर वाले तराजुओं को जब्त किया जाए तथा दोषियों पर कार्रवाई हो ताकि उपभोक्ताओं को उनका पूरा हक मिल सके और व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

## एक नजर

### नीमा किरतपुर ब्रांच की मासिक बैठक



**किरतपुर।** नीमा किरतपुर ब्रांच की मासिक बैठक रॉयल हेरिटेज में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नूर अहमद ने की। संचालन महासचिव डॉ. आदिल जमील द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एपेक्स हॉस्पिटल, बिजनौर से पधारे डॉ. नितिन गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने 'क्रिटिकल केयर' विषय पर विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारी दी और आधुनिक चिकित्सा में आपातकालीन उपचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। उपस्थित चिकित्सकों ने उनके व्याख्यान को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। इस अवसर पर नीमा किरतपुर ब्रांच के अनेक सदस्य मौजूद रहे। जिनमें डॉ. नूर अहमद, डॉ. आदिल जमील, डॉ. सलीम अंसारी, डॉ. अमजद, शकील खान, डॉ. रिजवान अली, डॉ. यासिर, डॉ. शहजाद, डॉ. हैदर कमल, डॉ. दाऊद अकरम, डॉ. शमीम, डॉ. सारिम अनवर, शुभम सहित अन्य चिकित्सक शामिल रहे। बैठक के समापन पर अध्यक्ष डॉ. नूर अहमद ने सभी अतिथियों व सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक बैठकों से चिकित्सकों के ज्ञान में वृद्धि होती है तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ होती है।

### शेरबाज पठान ने किया ग्रामीणों से सम्पर्क



**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ता चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने अपने समर्थकों के साथ आज ब्लॉक जलीलपुर के कई ग्रामों का तूफानी दौरा किया। जिसमें उन्होंने ग्रामीणों से जनसंपर्क करते हुए सभी से आजाद समाज पार्टी से जुड़ने और सांसद एड. चंद्रशेखर आजाद के हाथों को और अधिक मजबूत करने की अपील की। ग्राम सम्पर्क के दौरान शेरबाज पठान ने नाईपूरा, रेहरा, सादाबाद में लोगों से बात की और पार्टी से जुड़ने की अपील की। उन्होंने अपने तूफानी दौरे में पार्टी की नीतियों से भी अवगत कराया। इस दौरान उनके साथ सलमान अहमद, शाहिद, इमरोज, शमीम, जाने आलम, महबूब प्रधान, शाकिर, इंतजार चांदपुरी आदि शामिल रहे। जबकि सैकड़ों लोगों ने शेबाज पठान का दिल की गहराइयों से स्वागत किया और चुनाव में तन मन धन से साथ देने का वादा किया।

### रम्मनवाला में वार्षिक कव्वाली कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** क्षेत्र के किशोरपुर उर्फ रम्मनवाला ग्राम में वार्षिक कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम कलर वाले बाबा पीर साहब की प्राचीन दरगाह पर आयोजित किया गया। यह स्थान स्थानीय लोगों के लिए आस्था का केंद्र है, जहां हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दुआएं मांगीं, वहीं हिंदू धर्मावलंबियों ने भी अपनी श्रद्धा अर्पित की। कव्वाली कार्यक्रम के साथ-साथ एक मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और बड़ों ने खेल-खिलौनों का आनंद लिया। इस वर्ष जलालाबाद के सना कव्वाल ने अपने दल के साथ कव्वाली प्रस्तुत की। कार्यक्रम के लिए साबरी साउंड ऑपरेटर शाहबाज ग्राम हर्षवाड़ा ने ध्वनि व्यवस्था संभाली, जिसकी सराहना की गई।

# संभल के हरिहर मंदिर जा रहे शिवभक्तों को रोका

## श्री गणेश चौथ समिति के कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच नोकझोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर संभल स्थित हरिहर मंदिर में जलाभिषेक के लिए धामपुर से रवाना हुए श्री गणेश चौथ समिति के दर्जनों शिवभक्तों को पुलिस ने रानी बाग पुलिस चौकी पर रोक लिया। इस दौरान पुलिस और शिवभक्तों के बीच तीखी नोकझोंक के साथ काफी देर तक हंगामा चलता रहा। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सभी को कोतवाली ले जाकर बैठा लिया।

श्री गणेश चौथ समिति से जुड़े शिवभक्तों का कहना था कि संभल में स्थित हरिहर मंदिर में महाशिवरात्रि के दिन जलाभिषेक करना उनका धार्मिक अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि संबंधित स्थल पर पूर्व में विष्णु मंदिर होने की मान्यता है। इसी को लेकर वे जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए थे। धामपुर से निकलते ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया, जिससे आक्रोश फैल गया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि संभल का उक्त स्थल विवादित श्रेणी में आता है और वहां किसी भी प्रकार की धार्मिक गतिविधि पर रोक है। बिना अनुमति वहां जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शिवभक्तों को आगे बढ़ने से रोका गया। काफी देर तक चले संवाद और समझाइश के बाद कोतवाली प्रभारी मृदुल के नेतृत्व में पुलिस ने शिवभक्तों को पास में ही स्थित एक शिव मंदिर में जलाभिषेक कराने की व्यवस्था कराई, जिसके बाद स्थिति शांत हुई। पुलिस की पहल से श्रद्धालुओं ने वहीं पूजा-अर्चना कर महाशिवरात्रि मनाई। इस दौरान श्री गणेश चौथ समिति से जुड़े विजय जैन, संयम जैन, वीरेंद्र कारीगर, अक्षत रस्तौगी, पुष्पेंद्र सैनी, पवन सैनी, अजय राजप. ूत, अंकित ठाकुर, यश शर्मा, अन्नू वर्मा, सतेंद्र फलोदी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि विवादित स्थलों को लेकर किसी भी प्रकार की गतिविधि करने से पहले प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

## धार्मिक स्थल में आगजनी पर रोष

**हल्दौर।** गांव छजुपुरा सादात में स्थित जामा मस्जिद आबुतालिब में जोहर की नमाज के बाद एक सभा का आयोजन किया गया। शिया समुदाय के लोगों ने फर्रूखाबाद में स्थित धार्मिक स्थल पर हुई आगजनी को लेकर रोष प्रकट करते हुए शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इमामे जुमा मौलाना मेंहदी अब्बास जैदी ने कहा कि फर्रूखाबाद में कर्बला नाम का एक पवित्र स्थान है, (करबला इमाम हुसैन अ.स.) जो हर इंसान को एकता की शिक्षा देता है। मुसलमानों के अलावा गैर-मुस्लिम भी इस पवित्र स्थान के प्रति आस्था व श्रद्धा रखते हैं। उसी आस्था के प्रतीक व पवित्र स्थल में कुछ शरारती तत्वों ने आग लगा दी तथा उसमें रखें धार्मिक ग्रंथों का भी अनादर किया। इस प्रकार के कृत्य आपसी भाईचारे को नष्ट कर रहे हैं। कुछ शरारती तत्व देश की खुशहाली को नष्ट करना चाहते हैं। यह भारत वह भूमि है, जिसकी गोद में कर्बला जैसा पवित्र इबादत स्थल और हजारों लोगों की श्रद्धा का स्थान है। जिसकी गोद में गंगा और यमुना अपनी प्रेम भरी लहरों से बिना किसी धर्म और राष्ट्र के भेदभाव के देश को सींच रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, सरकार और सत्तारुढ़ पार्टी से इन शरारती तत्वों के खिलाफ एकमत से सख्त कार्रवाई की मांग की जाती की है ताकि देश में भाईचारा और आपसी प्रेम बना रहे। इस अवसर पर आफाक हुसैन, रईस हैदर, शाही वास्ती, कायम हुसैन, नायाब हैदर, गुलाम पंजेतन, डॉ. करार जैदी, मोहम्मद रजा, मुंतजिर मेंहदी आदि मौजूद रहे।

## बिजली के तारों की चपेट में आकर झुलसा बंदर



**नहटौर।** स्थानीय रोडवेज बस स्टैंड के पास एक बंदर बिजली के तारों की चपेट में आकर झुलस गया। झुलसा बंदर रोडवेज बस स्टैंड के अंदर पहुंच गया। सूचना पर बजरंग दल के जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख राजन चंद्रा ने मौके पर पहुंचकर नगर पालिका, वन विभाग और पशु चिकित्सक को अवगत कराया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और पशु चिकित्सक दवाइयों के साथ रोडवेज बस स्टैंड में पहुंचे। जैसे ही पशु चिकित्सक और वन कर्मियों ने घायल बंदर को पकड़कर उसका उपचार करने का प्रयास किया, बंदर डर के मारे पास की छतों की ओर भाग निकला। काफी देर तक टीम ने बंदर को खोजने और पकड़ने की कोशिश की, ताकि उसे प्राथमिक उपचार दिया जा सके, लेकिन घायल होने के बावजूद बंदर टीम के हाथ नहीं लगा और वहां से ओझल हो गया।

# महाशिवरात्रि पर धामपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## रात्रि से शुरू हुआ जलाभिषेक, मंदिरों में दिनभर लगी रहीं लंबी कतारें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्थी तिथि को महाशिवरात्रि का पर्व धामपुर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर नगर के सभी प्रमुख शिवालयों और मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। रात्रि बारह बजे से ही कांवड़ियों और श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक का सिलसिला आरंभ हो गया, जो देर रात और प्रात:काल तक लगातार चलता रहा। मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं।

महाशिवरात्रि के दिन प्रात:काल से ही व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, बेलपत्र, पुष्प एवं फल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और परिवार, समाज तथा देश की सुख-समृद्धि की कामना की। कई श्रद्धालु पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शिवलिंग का अभिषेक करते हुए दिखाई दिए।

नगर के प्रमुख मंदिरों-क्षत्रिय नगर शिव मंदिर, पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, राम मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर, ठाकुरद्वारा, बजरिया मंदिर, कालिया वाला बड़ा शिव मंदिर, टीचर्स कॉलोनी स्थित देव मंदिर सहित सभी शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा। मंदिर परिसरों में भजन-कीर्तन और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों एवं पुजारियों द्वारा दर्शन-पूजन की व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। स्वयंसेवकों ने कतारों को व्यवस्थित करने, जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देने तथा प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों के बाहर फूल, फल, बेलपत्र, धूप-दीप और पूजा सामग्री बेचने वाले दुकानदारों की भी चहल-पहल बनी रही। देर रात और सुबह तक मंदिरों के आसपास श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा।

भक्तों ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ से घर-परिवार, समाज और देश में सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। पूरे दिन धामपुर क्षेत्र शिवभक्ति के रंग में रंगा रहा और महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

# शिवालयों में गूंजे बम-बम भोले के जयकारे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल। गवां, असमौली।** शिवतेरस पर मंदिरों में भोर से लेकर देर रात्रि तक मेला लगा रहा। कतारबद्ध खड़े शिवभक्तों ने बाबा भोले नाथ के दर्शन किए और जलाभिषेक कर प्रसाद चढ़ाया। दिन भर बम-बम भोले के नारों से नगर व आसपास क्षेत्र गुंजायमान रहा।

प्रकेटश्वर महादेव मंदिर फत्तेहपुर देव में जलाभिषेक करने आ रहे भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। दर्शनों और जल चढ़ाने मंदिरों शिवालयों को पहुंचे शिव भक्तों ने श्रद्धाभाव से जलाभिषेक किया। बम-बम भोले के जयकारों के संग जत्थों में पहुंच रहे शिव भक्त जिधर से गुज़रते माहौल शिवमयी बन जाता। बड़ी संख्या में जहां पुरूषों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया, वहीं महिलाओं ने भी शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया,जबकि बूढ़े और बच्चे सभी के आकर्षण का केन्द्र रहे। कुछैक मंदिरों को छोड़कर व्यवस्था बिगड़ी रहने के बावजूद शिवभक्तों का उत्साह नही थमा। बल्कि बम-बम बोले के गगनभेदी नारों के साथ पहुंच रहे शिवभक्तों का उत्साह देखे नही बन रहा था। सप्ताह भर से जलाभिषेक की तैयारियों में लगे श्रद्धालुओं ने भोर से ही मंदिरों की ओर कूंच कर दिया। भीड़ अधिक बढ़ जाते ही भक्तों ने कतारबद्ध खड़े होकर जलाभिषेक किया। उपनगरी सरायतरीन पक्का बाग स्थित पातालेश्वर मंदिर में कांवड़ियों व भगवान शिव के अनन्य भक्त भोर की किरण की पौ फंटने के साथ ही शिवालय पहुंच गए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार कठनाई का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए मंदिर समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को कतारबद्ध लगाकर अंदर प्रवेश कराकर जलाभिषेक कराया। महाशिवरात्रि पर्व पर पवित्र जल लेकर पहुंचे भक्तों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए जल, बैर, धतूरा, दूध आदि चढ़ा कर शिवालयों में दर्शन किए और मनौतियां मांगी। भोर से चला जलाभिषेक कार्यक्रम देर रात्रि तक जारी रहां वहीं मंदिरों के आसपास लगे मेलों में भी श्रद्धालुओं ने परिवार सहित भाग लिया। जबकि पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा आदि के व्यापक प्रबंध किए गए।





बबराला। गुन्नौर के पाताली शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने को लगी श्रद्धालुओं की कतार एवं गो आश्रय स्थल में गोसेवा कर महाशिवरात्रि पर्व मनाते।

# मंदिर में चढ़े घंटे व झाड़ू

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** महाशिवरात्रि पर्व पर पाताली शिव मंदिर ,खोड़ा मंदिर,हरिबाबा धाम और अन्य शिव मंदिरों पर शिवजी का जलाभिषेक किया गया। गुन्नौर स्थित पाताली शिव मंदिर पर हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रृद्वालुओं ने लाइन लगाकर शिवजी का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर शिवजी के जयकारों से गूंज उठा। लोगों ने मंदिर में शिवजी पर बेलपत्री बेर बतासे चुनोरी दाने आदि का प्रसाद चढ़ाया। मंदिर में कांवरियों ने रात में ही अपना डेरा डाल लिया। सुबह चार बजे से श्रृद्वालु मंदिर पहुंचने शुरू हो गए। मंदिर में भीड़ की संभावना को देखते हुए पहले ही बैरीकेटिंग की व्यवस्था कर दी गई थी। जिसमें महिलाओं को अलग और पुरुषों की अलग लाइन लगाई गई। जिसमें लग कर श्रृद्वालुओं ने दर्शन किए। मंदिर परिसर में महिलाओं की संख्या काफी रही। भीड़ की वजह से मंदिर में श्रृद्वालुओं को दर्शन करने के बाद तुरंत बाहर आना पड़ा। पाताली शिव मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है क्योंकि यहां शिवलिंग प्रकट हुआ है। उसी स्थान पर शिव जी के मंदिर की स्थापना की गई है। यहां बहुत दूर दूर से श्रृद्वालु पहुंचे। गंगा घाट राजघाट, नरोरा, हरिद्वार से कावर भरकर लाए। कांवरियों ने अपनी कावर मंदिर में चढ़ाई। मंदिर कमेटी अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव उर्फ चिंटू ने बताया कि मंदिर परिसर में पचास हजार से अधिक श्रृद्वालुओं ने शिवजी का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई थी। आज भी सभी इसमें जुटे रहे।

## पाताली मंदिर पर लगा मेला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** मंदिर परिसर में मेला लगा। जो कि प्रत्येक वर्ष इस पर्व पर लगाया जाता है ।जिसमें महिला पुरुषों ने जमकर खरीदारी की। इसके साथ ही जलेबी पकौड़ी भी खूब बिकी।

# गोवंश आश्रय स्थलों में भी धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि पर्व

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** महाशिवरात्रि पर्व पर सरकार की मंशा अनुरूप व निदेशक पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशों पर जिले की सभी अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस दौरान साफ सफाई का उचित प्रबंध मिला जबकि गोवंश को रोली, टीका लगाकर तथा माला पहनाकर पूजा की गई साथ ही साथ हरा चारा, चोकर गुड भी खिलाया गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेंद्र सिंह द्वारा कैला देवी अस्थाई गौ आश्रय स्थल में महाशिवरात्रि के पर्व के उपलक्ष में गायों के साथ-साथ नंदी की भी रोली लगाकर व साथ ही साथ गुड़ खिलाकर पूजा अर्चना की गई।इसके अलावा जिले की सभी गौशालाओं में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी/पशु चिकित्सा अधिकारी व पशुधन प्रसार अधिकारी द्वारा सभी गौशाला में गोवंश का पूजन किया गया व साथ ही साथ हरा चारा, चोकर खिलाया गया।

# डीएम एसपी ने कांवरियों की भक्ति का किया सम्मान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** महाशिवरात्रि पर्व पर जिलाधिकारी व एसपी ने मंदिर पहुंचकर जहां व्यवस्थाओं का जायजा विहीं कांवरतियों पर पुष्प वर्षा कर उनकी भक्ति का सम्मान किया।

रविवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने विकासखंड बहजोई के ग्राम सादातवाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पहुँच कर व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जबकि कांवड़ियों तथा श्रृद्वालुओं के ऊपर हाथों के अलावा ड्रोन से भी पुष्प वर्षा की।इससे अभिभूत श्रृद्वालु हर हर महादेव के जयकारे लगाने लगे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी बहजोई डा. प्रदीप कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

**मंदिरों में व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा, कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा**

# फल, फूल, जल ओर पत्तों से प्रसन्न होकर महादेव देते हैं वरदान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धारती पर श्रृंखला के तहत शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित शिवरात्रि महापर्व के 46 वें शिवेश्वर महायज्ञ में 108 साधक साधिकाओं ने आहूतियां प्रदापन कर भगवान कल्कि के शीघ्र प्राकटय की कामना की।

समिति कैम्प कार्यालय दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में एक सौ आठ साधक साधिकाओ द्वारा शिवेश्वर महादेव को समर्पित महायज्ञ में अठरादेव अठराक्षरी बीज मंत्रो द्वारा निर्बाध ग्यारह लाख इक्यावन हजार आहुतियाँ प्रदान कर भगवान श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय भारत राष्ट्र को सुख समृद्वि व विश्व शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी आज सुबह ही महादेव का जलाभिषेक पंचाभिषेक षडोपचार पूजन कर महाभिषेक किया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की सृष्टि में प्रतिवर्ष तीन महाकाल अति भयानक काली रात्रिया आती है। जिनका नियंत्रण सृष्टि के लिए महादेव स्वयं करते हैं। महादेव की शद्रि सामर्थ्य बृह्मांड में स्थित सभी देवी देवताओं से अधिक है। महादेव मात्र फल फूल पत्ते और जल चढ़ाने से ही शीघ्र प्रशन्न होकर



अपने भक्तो को मनावांछित फल प्रदान तो करते ही है। साथ ही कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त कर देते हैं। समिति जिला प्रबंधक डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की आदिकाल से ही महादेव ध्यान ज्ञान और विभिन्न योगमुद्राओ के ज्ञान जनमानस को रोग शोक मुक्त बने रहने की कला के दाता बने रहे है। उन्ही के दिये दिव्य ज्ञान को श्रृर्षि मुनियो ने विभिन्न धर्म शास्त्रों का वर्णन किया है। जिसे हम अपने जीवन में अपनाकर उसकी दिव्यता का अनुभव कर सकते हैं। वरिष्ठ साधक डा. सुरेशचन्द्र सैनी ने कहा की कलियुग में महाकाल का अद्भुत चमत्कार है। जो साधक को उनकी उपस्थिति का तत्काल आभास कराता है। समिति जिला प्रतिनिधि आनंद सैनी ने कहा की समिति साधको की कोई सामर्थ्य नहीं है। यह तो भगवान श्रीगोरखनाथ की प्रत्यक्ष कृपा का खेल है कि समिति 46 वाँ शिवेश्वर महायज्ञ संपन्न कर रही है। इस मौके पर दिनेश मोहन एडवोकेट रितिक मोहन अश्वनी कुमार कृष्णामोहन किसन आर्य सुभाष आर्य अन्ना सघ्नी नितिन सैनी पार्थ सैनी तनिष्क मोहन यश मोहन लक्ष्मी श्रीमाली आरती रिया श्रीमाली सलोनी राखी पूजा श्रीमाली रुकमनी सैनी तृप्ति देवी आदि भक्त मौजूद रहे।

## डीजे की धुन पर नाचते दिन-रात आते रहे कांवरियों के जत्थे

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** हरिद्वार, ब्रजघाट और राजघाट गंगा घाट पर कांवरियों के जल लेने आने से घाट बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे। कांवरियों का जत्था पूरी रात बाजे गाजे के साथ जयकारा करते हुए चला। वाहनों पर बड़े-बड़े लगे डीजे में बज रही धुनों और शिव भजनों पर कांवरिए शिव जी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कांवरियों का जगह जगह स्वागत किया गया। जलपान की व्यवस्था के लिए और उनको ठहराने के लिए पंडाल लगाया गया। गंगा घाट से जल लेकर आ रहे कांवरतियों के जत्थे सड़कों पर चलते रहे। जत्थ जिस मार्ग से गुजरता उस मार्ग से वाहनों को रोक दिया जाता और पूरा मार्ग बम-बम भोले के जयकारों की गूंज नगर में भी सुनायी दे जाती। सुबह से लेकर देर रात तक कांवरियों के जत्थे सम्भल जोया, मुरादाबाद, हसनपुर रोड, बहजोई, गवां आदि मार्गों से जत्थे आते रहे और शिवालयों पर जाकर भगवान का जलाभिषेक करते रहे। जबकि मार्गे पर पुलिस का पहरा भी कड़ा रहा। वाहनों को दूसरे मार्गों से डायवर्ट किया।

# साइबर टीम ने वापस कराई ठगी की रकम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** थाना बबराला की साइबर पुलिस टीम द्वारा साईबर अपराध से पीड़ित के 16900- रुपये वापस कराये।

11जनवरी को प्रताप पुत्र उपेन्द्र निवासी यारा फर्टिलाइजर थाना बबराला के मोबाइल पर टेक्ट मैसेज आया कि आपकी सिम ई-सिम में कन्वर्ट की जा रही है। जिसके बाद वादी के खाते से कुल 28,350 रूपये कट गये। जिसके बाद पीड़ित प्रताप ने 12 जनवरी को 1930 पर काल कर एन.सी.आर.पी पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करायी थी। जिसकी जांच साईबर सैल थाना बबराला की टीम द्वारा की गयी। साईबर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने को साईबर पोर्टल थाना बबराला पर दर्ज प्रताप पुत्र उपेन्द्र की शिकायत की जांच की गयी तथा 16.900- रुपये उसके खाता सं0 25640100009754 में वापस कराये गये। रकम वापस पाकर प्रताप द्वारा साईबर टीम की भूरी-भूरी प्रशन्सा की गयी और संतुष्टी जाहिर की गयी। साईबर सेल टीम बबराला थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी, उ.नि. सतीश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर अजय बालियान, आरक्षी स्वंय प्रकाश शामिल रहे।

**साइबर ठग ने सिम ई सिम में कर्न्वट करने के नाम पर खाते से उड़ा ली थी 16900 की रकम**

## जगह-जगह भंडारों में भक्तों को प्रसाद का वितरण किया

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** महाशिवरात्रि पर्व पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन कर भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। जबकि सांय को शिव बारात का आयोजन किया गया। नगर के डाकखाना रोड से आयोजित शिव बारात में शामिल विभिन्न झांकियों ने मन मोह लिया। शिव बारात अपने परम्परागत मार्गों से होती हुई अपने पूर्व निर्धारित स्थान पर जाकर सम्पन्न हो गयी।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-गंगाघाट राजघाट से पवित्र गंगा जल लेकर जाते कांवरिये।

## राजघाट से पैदल जल लेकर किया जलाभिषेक

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** महाशिवरात्रि पर श्रृद्वालुओं ने राजघाट गंगा जी से पवित्र जल लेकर भोलेनाथ के मंदिरों में अर्पित करने के लिए पैदल यात्र की। राजघाट रोड से लेकर चंदौसी रोड और बदायूं रोड तक कांवरिये चलते रहे। राजघाट गंगा जी से कावड़ में जल भरकर पातालेश्वर मन्दिर गुन्नौर में भगवान भोलेनाथ पर गंगाजल एवं कावड़ चढ़ाई। जिसमें रेलवे सलाहकार सदस्य विनय कुमार वार्ष्णेय, सभासद मीना गुप्ता, आस्था वार्ष्णेय दिनेश कौशल,भावना कौशल, दीपक गुप्ता, नितिन अग्रवाल, भुवनेश गुप्ता, उमेश कुमार, रामनिवास एवं दर्जनों की संख्या में भोले बाबा पर जल चढ़ाया।

## पत्नी का फर्जी बीमा कराने में पति पर रिपोर्ट दर्ज

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव में अपनी पत्नी की मेडिकल हिस्ट्री छुपाते हुए धोखाधड़ी कर फर्जी बीमा कराने वाले पति के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

थाना क्षेत्र के गौंहत गांव निवासी ताराचंद पुत्र कर्ण सिंह द्वारा अपनी पत्नी कुंता की मेडिकल हिस्ट्री छुपाते हुए धोखाधड़ी से बीमा क्लेम के लिए आवेदन किया गया था। जांच उपरांत मेरठ जनपद के सरधना थाना अंतर्गत आखेपुर गांव निवासी बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर कोटेक लाइफ इंश्योरेंस बरेली दीपक कुमार द्वारा आरोपी ताराचंद के खिलाफ एसपी को शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की गई थी। शिकायत के अनुसार आरोपी ताराचंद के खिलाफ कैलादेवी थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

## इस बार की महाशिवरात्रि बहुत ही विशेष

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददातो )।** महाशिवरात्रि इस बार बहुत ही विशेष है। शिव मंदिर के पण्डित ब्रजेश शास्त्री ने कहा कि इस दिन शिव योग, आयुष्मान योग, सौभाग्य योग, सर्वार्थ सिद्वि योग, प्रीति योग, साधय योग, शुक्ल योग, धरुव योग, व्यतिपात, शोभन योग और वरियान योग का प्रभाव रहेगा। इसी के साथ बुध और शुक्र लक्ष्मी नारायण राजयोग बना रहे हैं। बुध और सूर्य बुधादित्य राजयोग बना रहे हैं। सूर्य और शुक्र के मेल से शुक्रादित्य योग बन रहा है। कुंभ राशि में शनि शश महापुरुष राजयोग बना रहे हैं। इसके अलावा, कुंभ राशि में सूर्य, बुध, शुक्र, शनि और राहु पंचग्रह राजयोग बना रहे हैं। इन 5 विशेष योगों का एक साथ बनना बहुत ही दुर्लभ संयोग है। इस दौरान नीरज वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, कुमोद वार्ष्णेय, रोनू गुप्ता आदि रहे। उधर नगर व क्षेत्र में कई स्थानों पर रुद्राभिषेक कराया गया। नगर बबराला में उमेश यादव व गुन्नौर में अंजू वार्ष्णेय के आवास पर पूजा अर्चना की गयी।



सम्भल- महाकाल की शाही सवारी में पालकी उठाते जिलाधिकारी।

## डीएम ने पूजन कर शाही सवारी का कराया शुभारम्भ

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर बहजोई नगर में शिव पार्वती सेवा समिति के बैनर तले महाकाल की शाही सवारी निकाली गई। शाही सवारी में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने प्रतिभाग किया। महादेव जी की आरती कर शाही सवारी का शुभारंम्भ किया। सवारी पुराना रामलीला मंच स्थित रघुनाथ जी मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए बहजोई अनाज मंडी स्थिति श्री लक्ष्मी नारायन मंदिर पर संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, समिति के अध्यक्ष हनी वार्ष्णेय, कपिल गुप्ता, विकास वार्ष्णेय, श्रृषि वार्ष्णेय, कपिल मित्तल, प्रमोद शर्मा, शरद वार्ष्णेय, रेमो राजपूत एंव रिंकू, पवन आदि शामिल हुए।

# रमज़ान माह से पूर्व मस्जिदों में रंग रोग़न व सफाई कार्य हुआ तेज़

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पवित्र माहे रमजान उल मुबारक का महीना चांद देखने के अनुसार एक या दो मार्च से शुरू होने जा रहा है इसी को लेकर मस्जिद आदि इबादत गांव में साफ सफाई का कार्य इंतजाम या कमेटी और खादिम के द्वारा शुरू कर दिया गया है साथ ही साथ रोजेदारों ने शहरी से लेकर इफ्तार और इबादत के वह तमाम इंतजामों को सुचारू करना शुरू कर दिया है माहे रमजान मुबारक का महीना एक पवित्र महीना कहलाता है जिसमें रोजेदार ज्यादा से ज्यादा इबादत करते हैं और शहरी खाकर रोजा रखते हैं मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज के साथ ही तरावीह का विशेष रूप से इंतजाम किया जाता है। सम्भावना है कि गुरूवार को पवित्र रमजान का पहला रोजा हो। इसे लेकर सहरी और इफ्तार में किये जाने वाले सेवन के लिए खरीदारियां करने के अलावा अन्य व्यवस्थाओं को पूरा किया जा रहा है जबकि घरों में रमजान माह में रोजेदारों की सेवा करने और तरह-तरह के व्यंजन बनाने के लिए सभी सामान लाकर रखे जाने लगे है। बाजार में रमजान माह से पूर्व होने वाली खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ दिखायी दे रही है। इससे दुकानों पर बिक्री अधिक होने से दुकानदारों में चेहरों पर भी खुशी के अलग भाव हैं। इसके अलावा सेहरी में डबल रोटी, सेवियां और अन्य सामानों की बिक्री के लिए दुकानें सज गयी हैं।

**रमजान से पूर्व खरीदारी को बाजार में बढ़ी भीड़**

## बेरोक-टोक दौड़ रहे डग्गामार वाहन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के चारों मार्गों पर हो रही डग्गामारी से राजस्व के साथ वैध परमिट के साथ संचालन कर रहे निजि बस संचालकों को भी भारी क्षति उठानी पड़ रही है।

शहर से जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर डग्गामार वाहनों का कब्ज़ा है। जिससे न केवल सरकार को हानि हो रही है,बल्कि परिवहन विभाग की अनुमति से संचालित हो रहे निजि वाहन संचालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करने के साथ हानि उठानी पड़ रही है। इसे लेकर निजि बस संचालक कई बार विरोध कर चुके हैं,लेकिन डग्गामार संचालकों के हाथ इतने मज़बूत हो गए हैं कि पुलिस हो या प्रशासन या फिर सम्भागीय परिवहन विभाग इन पर हाथ डालने से कतरा रहे हैं। सम्भल-चन्दौसी व सम्भल बहजोई मार्ग पर अवैध तरीके से छोटे एवं बड़े डग्गामार वाहनों का संचालन धडल्ले से हो रहा है।

# सीनियर साथियों को विदा करते फूट-फूटकर रोए छात्र-छात्राएं

**भावुक पल देखकर दर्शकों की ऑखो सं निकल आंसू**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सीनियर साथियों की विदाई को आयोजित हुए समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ रोते जूनियर छात्रों ने सीनियर साथियों को विदा ऑसुओं के साथ किया। यह भावुक पल देखकर मौजूद दर्शक और नन्हे-मुन्ने साथी छात्राओं की ऑखों से ऑसुओं का सैलाब फूट पड़ा।

आर्य समाज मार्ग स्थित शेरवुड इंटरनेशनल प्ले स्कूल में सीनियर साथी छात्राओं की विदाई को समारोह का आयोजन किया। समारोह में विद्यालय के निदेशक मौ. यूनुस इस्लाम और प्रबंधक अर्शी खानम के अलावा डा. नाजमीन आदि ने पहुंचकर समारोह में नौनिहालों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जबकि इस दौरान मिटस्टर और मिस फेयरवेल प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें चुनी गई मिस और मिस्टर फेयरवेल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जबकि कम्प्टीशन में प्रतिभाग करने और स्कूल से विदा होने वाले अन्य छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित करते हुए विदा किया। समारोह में एक पल ऐंसा भी आया जब साथी छात्राओं को विदाई देने मंच पर पहुंचे जूनियर छात्र-छात्राओं की ऑसुओं से ऑसू ही नहीं टपके बल्कि वह फूट-फूटकर रोते हुए साथ में बिताए हए पलों को याद कर सिसकने लगे। छात्र-छात्राओं के इन भावुक पलों को देखकर समारोह में मौजूद दर्शकों की ऑखे भी नम हुए बिना नहीं रहीं।



सम्भल- शेरवुड इंटरनेशनल प्ले स्कूल में चुने गए मिस और मिस्टर फेयरवेल।

# छात्राओं हर क्षेत्र में सबसे आगे

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** परीक्षा से पूर्व विद्यालयों में विदाई समारोह का सिलसिला तेजी से चल रहा है। सांस्कृतक प्रस्तुतियों के साथ आयोजित समारोह में साथी छात्राओं को जूनियर छात्र विदाई दे रहे है।

नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में विद्यालश का वार्षिकोत्सव (विदाई समारोह) का आयोजन किया गया। समारोह में सदर विधायक इकबाल महमूद की पत्नी रूखसाना इकबाल मुख्य अतिथि व उनकी पुत्रवधु सानिया सुहैल, नूरीन फैज, दीबा शान विशिष्ट अतिथि रहीं। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां से सभी को मंत्रमग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य रफत जहां छात्राओं से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ते रहने पर ज़ोर दिया। उन्होने कहा कि आज के समय में शिक्षा ग्रहण करना अति आवश्यक है। क्योंकि एक नारी शिक्षित होती है तो एक परिवार, एक मौहल्ला ओर एक शहर व देश विकिसित होगा। सईद अख्तर इसराइली ने विदा हो रही छात्राओं से स्कूल का नाम रोशन करने को अच्छे अंक लाने को प्रेरित किया। उन्होने छात्राओं की जमकर प्रशंसा की और हर क्षेत्र में उन्हे आगे बताया।



सम्भल-नवाब महमूद गर्ल्स इं. कॉलेज में सीनियर छात्राओं को समारोह पूर्वक विदाइ देती छात्रायें।

# सार्वजनिक शौचालय की बदहाली पर कांवरियों में रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** असमोली थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर सोत में सार्वजनिक शौचालय की बदहाल व्यवस्था को लेकर कांवड़ियों में भारी रोष देखाने को मिला। महाशिवरात्रि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िए इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी से श्रृद्वालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।



जानकारी के अनुसार, सार्वजनिक शौचालय में लंबे समय से सफाई नहीं हुई थी, जिससे अंदर अत्यधिक गंदगी फैली हुई थी। इसके साथ ही पानी की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। मजबूरी में कांवड़ियों को इधर-उधर भटकना पड़ा, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ गई और मौके पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कांवड़ियों ने जब इस संबंध में ग्राम प्रधान से शिकायत की, तो कथित रूप से उन्हें डांटकर भगाने का आरोप लगाया। इस व्यवहार से कांवड़ियों में और अधिक आक्रोश फैल गया। कांवड़ियों ने प्रशासन से मांग की है कि कांवर यात्रा को देखते हुए सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई और पानी की समुचित व्यवस्था कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में भी ऐसी समस्या उत्पन्न हो सकती है। स्थानीय लोगों ने भी ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि आने वाले समय में श्रृद्वालओं और ग्रामीणों को असुविधा न हो।

# मोबाइल अपडेट के नाम पर कारोबारी के खातों से साइबर ठाकुर ने उड़ाए 4.81 लाख रुपये

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के रहमत नगर गली नंबर-2 निवासी कारोबारी जीशान इदरीस साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने मोबाइल अपडेट के नाम पर उनके तीन बैंक खातों से कुल 4 लाख 81 हजार 900 रुपये उड़ा दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जीशान इदरीस ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर बैटरी अपडेट से संबंधित एक संदेश आया था। संदेश में दिए गए निर्देशों का पालन करने के बाद 10 फरवरी की सुबह करीब चार बजे उनके मोबाइल पर एक मिस्ड कॉल आई। इसके तुरंत बाद फोन अपने आप अपडेट मोड में चला गया और सुबह तक उसी स्थिति में रहा। मोबाइल चालू न होने पर उन्हें संदेह हुआ और वे सर्विस सेंटर पहुंचे। वहां कर्मचारियों ने



बताया कि कंपनी की ओर से ऐसा कोई अपडेट जारी नहीं किया गया है।मोबाइल की जांच करने पर उन्हें कई संदिग्ध ट्रांजेक्शन के स्क्रीनशॉट मिले। घबराकर उन्होंने तुरंत संबंधित बैंकों से संपर्क कर अपने खाते फ्रीज कराए और साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार उनके खाते से 2,31,000 रुपये, जबकि एक दूसरे बचत खाते से 99,900 रुपये और एक चालू खाते से 1,50,000 रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। कुल मिलाकर 4,81,900 रुपये की धोखाधड़ी सामने आई है।

कटघर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से ट्रांजेक्शन का ब्यौरा खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर्व पर दिव्यलोक आश्रम में शिव विश्वनाथ मंदिर में 11 हजार पार्थिव शिवलिंगों का किया गया रुद्राभिषेक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विश्व जागृति मिशन के अंतर्गत स्थापित दिव्यलोक आश्रम स्थित शिव विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धा और आस्था का अद्‌भुत संगम देखने को मिला।

सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक किया। आश्रम परिसर में महाशिव. रात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पंचाक्षर मंत्र "ॐ नमः शिवाय" के सामूहिक जाप से हुआ, जो लगभग दो घंटे तक निरंतर चलता रहा। इसके पश्चात 11 हजार पार्थिव शिवलिंगों का विधिवत पूजन एवं रुद्राभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा संपन्न कराया गया। पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय हो उठा।कार्यक्रम का संचालन राजीव गुलाटी ने किया, जबकि पूनम गुलाटी ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति



देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। आयोजन में तरुण मदान, संजय शर्मा, संजीव वर्मा, विनोद भटनागर, अश्वनी सेठ, संगीता वर्मा, किरण शर्मा, अंजू मिगलानी, मधु चौधरी और अनीता शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहयोग दिया।इस अवसर पर दीक्षित श्रद्धालु कुंवर सैन के पुत्र अभिषेक का जन्मदिन भी श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मनाया गया और केक काटा गया। भंडारे एवं प्रसाद वितरण में कुंवर सैन का विशेष सहयोग रहा। दिल्ली से आए प्रियांशु शर्मा ने भी "ॐ नमः शिवाय" का जाप कराया।कार्यक्रम के संयोजक रणवीर सिंह रहे। अंत में व्रत प्रसाद का वितरण किया गया

## एक नजर

### तेरस मेलों में उमड़ी भारी भीड़, निकाली महाकाल की पालकी यात्रा



**बिलारी।** स्टेशन रोड स्थित श्री मोहनानंद सेवाश्रम के प्राचीन शिव मंदिर में परंपरागत तेरस का मेला लगा जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने पहुंचकर जलाभिषेक किया। सैकड़ों की संख्या में कांवरियों ने भी जयकारों के साथ जल अर्पित किया। मेले में पुलिस सुरक्षा का समुचित प्रबंध रहा। मेला क्षेत्र में शिव भक्तों द्वारा महाकाल की पालकी यात्रा भी धूमधाम से निकाली गई जो स्टेशन रोड पर होकर गौरीशंकर मंदिर तक गई। मेले की व्यवस्था में प्रबंधक ब्रजेश राघव, अभिषेक राठौर,

राकेश कुमार शर्मा एवं उल्फत सिंह स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोंडेरा के विद्यार्थियों ने सहयोग किया। मेले में चौलाई के लड्डू, बेर फल, गंगाजल की शीशियों के अलावा सौंदर्य प्रसाधन, बर्तन, लकड़ी की वस्तुएं, जलेबी पकौड़ी की दुकानों पर जमकर खरीदारी की गई। कांवरियों के जत्थे डीजे के साथ गुलाल उड़ाते हुए मंदिर में पहुंचते रहे। इसके अलावा कुआं खेड़ा हाल्ट स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भी तेरस का विशाल मेला लगा जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने भागीदारी की, मंदिर में जलाभिषेक किया, कांवरियों ने जल समर्पित किया।

### दुष्कर्म व धमकी का आरोप: नामजद युवक के खिलाफ शिकायत, पुलिस जांच में जुटी

**बिलारी।** क्षेत्र की एक महिला ने नामजद युवक पर दुष्कर्म करने, शादी का झांसा देकर शोषण करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार मोहल्ला अब्दुल्ला वार्ड-21 निवासी पीड़िता ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले उसकी जान-पहचान असालतपुर निवासी शरीफ पुत्र राजजार से फोन के जरिए हुई थी। बातचीत बढ़ने पर आरोपी उससे मिलने उसके रिश्तेदारी वाले घर पहुंचा, जहां उसने जबरन संबंध बनाए। महिला का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर लगातार उसका शारीरिक शोषण किया। विरोध करने पर उसे धमकाया गया। पीड़िता का कहना है कि इस दौरान वह गर्भवती भी हो गई थी और आरोपी ने दबाव डालकर दवा दिलवा दी। शिकायत में यह भी कहा गया कि जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी मुकर गया और धमकी देने लगा कि वह किसी अन्य से विवाह कर लेगा। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने नामजद शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### शिवतेरस पर कावड़ियों ने मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक कर कि देश की खुशहाली की कामना



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** महाशिवरात्रि पर्व क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया कांवड़ियों ने हरिद्वार से गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और देश की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की रविवार को शिवरात्रि पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ इस दौरान क्षेत्र के गांव गांव से गए कांवड़ियो ने भगवान शिव का जला अभिषेक कर देश की तरक्की के लिए प्रार्थना की, प्राचीन मंदिर लाडला बाद और ढाकी में बड़ी संख्या के साथ पहुंचे कॉवडिओ ने श्रद्धा और आस्था के साथ जलाभिषेक किया।

इसके साथ-साथ क्षेत्र के गांवो में स्थित मंदिरों पर भी भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया और लोगों ने उपवास रखकर कामना की, बतादें कि ढाकी का मंदिर सैकड़ो साल पुराना है और यहां पर प्राचीन शिवलिंग मौजूद है जहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु और कांवरिया पहुंचते हैं इस बार भी बड़ी संख्या में कावड़ियों ने मंदिर पर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

### कावड़ शोभा यात्रा निकालकर किया भगवान शिव को प्रसन्न



**कांठ ( शाह टाइम्स )** महाशिवरात्रि पर्व पर हर साल की तरह इस बार भी कावड़ शोभा यात्रा निकाली गई और अपने-अपने मंदिरों पर जाकर कांवड़ बेड़ो ने भगवान शिव का जला अभिषेक कर उन्हें प्रसन्न किया। बतादे की नगर से जाने वाले कावड़ बड़े शिव तेरस के दिन वापसी करते हुए भूड़ मंदिर पर आकर रुकते हैं और वहां से सब एक साथ शोभा यात्रा के रूप में नगर में प्रवेश करते हैं। इस बार भी इसी परंपरा का निर्वाह किया गया। कांवड़ बेड़े भूड़ मंदिर पर इकट्ठा हुए और शाम को एक साथ होकर शोभा यात्रा निकाली। जिस बेड़े से संबंधित मंदिर पर शोभायात्रा पहुंची वहीं पर उक्त कावड़ बेड़े रुकने शुरू हो गए। इस तरह से अलग-अलग कांवड़ बेड़ो ने अलग-अलग मंदिरों पर विधि विधान के साथ भगवान शिव का जला अभिषेक कर उन्हें प्रसन्न करने का काम किया। शोभा यात्रा देखने के लिए नगर में लोगों की भारी भीड़ लगी रही सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही

### रोटी बेचने को लेकर मारपीट में चार को पुलिस ने किया नामजद

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** होटल संचालकों में रोटी बेचने को लेकर मारपीट हो गई पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना 14 फरवरी शाम 7 बजे की है शादाब पुत्र यूनुस निवासी ग्राम गढ़ी अपने होटल पर तंदूर की रोटियां बनाकर बेच रहा था। आरोप है कि बराबर के युसूफ पुत्र मोहम्मद सिद्दीक ने रोटियां बेचने को लेकर कहासुनी शुरू कर दी यूसुफ ने मारपीट व गाली गलोज करना शुरू कर दिया सादाब एवं उसके पिता ने इसका विरोध किया तो यूसुफ पुत्र सद्दीक इमरान व आदिल पुत्रगण इदरीस और उजैर पुत्र यूसुफ ने जान से मारने की नीयत से लकड़ी की फंटियो से पिता पुत्र पर हमला कर दिया जिससे उसके पिता के सिर में काफी चोट आई और वह बेहोश हो गए शोर सुनकर परिवार के लोग आए तो यह लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पीड़ित ने पिता को इलाज के लिए मुरादाबाद भर्ती कराया। सादाब की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# बिलारी के राजमिस्त्री की हरियाणा में दुर्घटना के दौरान मौत

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला अंसारियान के राजमिस्त्री की हरियाणा में मकान बनाते समय गिर जाने के कारण से मौत हो गई। परिवार में मौत की सूचना पहुंची तो सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शव बिलारी पहुंचा। भारी तादात में लोग घर पहुंच गए। जहां गमगीन माहौल में मृतक को सुपुर्दे खाक किया गया। बिलारी के मोहल्ला अंसारियान के रहने वाले 45 वर्ष की राजमिस्त्री मुनव्वर मलिक अपने दो बेटे नाजिम और नवाजिश के साथ पिछले 5 साल से हरियाणा के झज्जर में राजमिस्त्री का काम करते थे। हरियाणा के झज्जर में बीते दिन वह काम कर रहे थे। मकान बनाते समय वह नीचे गिर गए। इस हादसे के बाद राजमिस्त्री मुनव्वर अली की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के



लिए भेज दिया। रविवार को शव घर पहुंचा तो सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक का तीसरा बेटा अजीम केरल में काम करता है जबकि एक बेटी मेहताब जहां की शादी हो चुकी है। अब दूसरी बेटी रुबीना की शादी की तैयारी जोर-जोर से चल रही थी। अचानक पिता की मौत से परिवार में गम का माहौल व्याप्त हो गया। घटना के बाद पत्नी अमीना के अलावा परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सहसपुर में डीजे बैंड बाजा और जयकारों के साथ निकाली शिव बारात, काली मंदिर में हुआ शिव विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शिव मंदिर कमेटी सहसपुर द्वारा श्री महाशिवरात्रि पर 24 में वर्ष शिव बारात बैंड बाजा और डीजे के साथ भारी धूमधाम और जयकारों के साथ निकाली गई। शनिवार को आरंभ हुए श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का रविवार की दोपहर विश्राम हुआ महा आरती हुई इसके उपरांत 2:00 बजे शिव बारात का शुभारंभ उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह और पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी ने नारियल फोड़कर किया इसके उपरांत धूम धड़ाके के साथ अनेक झांकियों से सुसज्जित शिव बारात आगे बढ़ी जो राजमहल के बुर्ज चौक, प्राचीन मंदिर चामुंडा देवत, से नीम के नीचे होती हुई ब्लाक कार्यालय के बगल से हाईवे पर पहुंची वहां से नाचते गाते झूमते बाराती श्री राम आश्रम काली मंदिर



सहसपुर में पहुंचे वहां परंपरा अनुसार पुजारी पंडित मोहित कुमार शर्मा ने पूजन किया और स्वामी शिवानंद श्री राम आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष गौरव गुप्ता आदि सभी ट्रस्टियों ने शिव बारात की अगवानी की गर्म जोशी से स्वागत किया यहां शिव विवाह हुआ, इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष गौरव गुप्ता मोहनलाल शर्मा नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन आदि शामिल रहे। इसके उपरांत शिव बारात वापस हुई जो मुख्य मार्ग पर होती हुई और राजम. हल मार्ग से शिव मंदिर पर पहुंचकर विसर्जित हुई। शिव बारात में त्रिशूल लिए शंकर जी, ब्रह्मा ब्राह्मणी, कृष्ण जी, विष्णु लक्ष्मी, दुर्गा माता के अलावा मां चामुंडा महाकाली अखाड़ा महाजनाल बिलारी समेत दो अखाड़े भव्य प्रदर्शन करते चल रहे थे। शोभायात्रा में बड़े हनुमान जी, राम सीता लक्ष्मण, रास मंडल, ब्रज की फूलों की होली, खाटू श्याम जी, बाबा महाकाल की टोली भी शामिल रही। शोभायात्रा में कमेटी अध्यक्ष सिद्धार्थ शेखर, मेला कमेटी सहसपुर के प्रबंधक प्रदीप शर्मा, संजू गुप्ता संदीप गुप्ता अंकित शर्मा, मनीष गुप्ता, दीपक शर्मा, सौरभ सक्सेना रिंकल कुमार गौरव पाल ओमेंद्र सिंह जसवंत पासी, रवि कश्यप शेखर वाल्मीकि भूप सिंह प्रजापति मुकेश भटनागर गौरव पाल सोमपाल दिवाकर पूर्व प्रधान कल्याण सिंह, डॉ बीरबल गुड्डू, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता शरद गुप्ता मनोज ठाकुर जगत नारायण शर्मा डॉक्टर भूपेंद्र कुमार श्रोत्रिय, रामनिवास शर्मा, सुरेश पाल, डॉ चरण सिंह, शिव ओम सागर, ऋषि पाल सिंह मलिक आदि रहे। विभिन्न स्वरूपों में विराट, सौरभ, अर्पिता, आस्था आदि रहे। रास्ते में शिव बारात देखने को छतों पर भीड़ लगी रही, पुष्प वर्षा की गई।

# भारत विकास राष्ट्रीय परिषद की बैठक में पूर्व न्यायाधीश 'आदर्श कुमार गोयल' को राष्ट्रीय अध्यक्ष का दिया दायित्व

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारत विकास परिषद की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नवीन सत्र 2026-28 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन हुआ।बैठक में संगठन की भावी दिशा, सेवा गतिविधियों के विस्तार तथा राष्ट्र निर्माण में परिषद् की सक्रिय भूमिका को और सशक्त बनाने पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई ने बताया कि बैठक में पूर्व न्यायाधीश आदर्श कुमार गोयल को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चयनित किया गया। एडवोकेट सुनील खेड़ा को राष्ट्रीय महामंत्री तथा संजीव मिगलानी को राष्ट्रीय वित्त मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इसके अतिरिक्त सुरेश जैन का राष्ट्रीय संगठन मंत्री के रूप में मनोनयन किया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों ने संगठन के मूल्यों-संस्कार, सेवा, समर्पण एवं संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प




व्यक्त किया।इस अवसर पर एनसीआर की ओर से सभी नवनिर्वाचित एवं मनोनीत 1 पदाधिकारियों को कोटि-कोटि हार्दिक बधाइयाँ प्रेषित की गईं। मुरादाबाद स्थित रुहेलखंड पश्चिम प्रान्त, भारत विकास परिषद् की ओर से प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा, प्रांतीय महासचिव नीरज मित्तल एवं प्रांतीय वित्त सचिव राहुल वार्ष्णेय ने नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय परिषद् बैठक में सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने प्रान्त की गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय को और सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया। बैठक का समापन संगठन के विस्तार, सेवा कार्यों की गति बढ़ाने तथा समाज के सभी वर्गों तक परिषद् की पहुंच सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ हुआ।

# पंजाब नेशनल बैंक की अन्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में रंजन विश्नोई ने टेबल टेनिस एकल में कांस्य व युगल में जीता स्वर्ण पदक

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नगर निवासी रंजन बिश्नोई ने टेबल टेनिस एकल में कांस्य व युगल में स्वर्ण पदक प्राप्त कियास पंजाब नेशनल बैंक के इंटर जोनल प्रतियोगिता का आयोजन इकाना स्टेडियम लखनऊ में 14 व 15 फरवरी को हुआ जिसमें देहरादून जोन की ओर से टेबल टेनिस एकल व युगल कांठ निवासी स्व0 मास्टर राम सिंह विश्नोई के पौत्र रंजन बिश्नोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल में कांस्य तथा युगल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

रंजन विश्नोई ने युगल में मुख्य प्रबंधक जसविंदर सिंह के पार्टनर के रूप में भाग लिया। रंजन बिश्नोई के पिता मेजर संजय बिश्नोई भी बैडमिंटन व टेबल टेनिस के शानदार खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता में लखनऊ जोन सहित 9 जोन ने प्रतिभाग किया। टेबल टेनिस के एकल मुकाबलो में देहरादून जोन के जसविंदर सिंह ने 9 में 9 मुकाबले जीत कर स्वर्ण पदक, लखनऊ जोन के अनुभव ने 9 में 8 मुकाबले जीत कर सिल्वर पदक व रंजन बिश्नोई ने अपने 9 मे से 7 मुकाबले जीत कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

टेबल टेनिस युगल में देहरादून जोन के जसविंदर सिंह व रंजन बिश्नोई ने अपने सभी मुकाबले जीत कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। देहरादून जोन ने टेबल टेनिस मुकाबलों में क्लीन स्वीप करते हुए मिक्स युगल में जसविंदर सिंह व आरती पोखरियाल ने स्वर्ण,,महिला एकल में आरती पोखरियाल ने स्वर्ण व महिला युगल में आरती पोखरियाल व सृष्टि खड़का ने स्वर्ण पदक जीता।



# महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में रही भीड़

## शिवालयों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल रहा तैनात, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक





**चन्दौसी।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर्व रविवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। शिवभक्त हरिद्वार, नरौरा राजघाट सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों से कांवड़ में गंगाजल लेकर 'बम-बम भोले' के उद्घोष के साथ अपने-अपने शिवालयों में पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बहजोई के सादातवाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जहां भक्तों ने लाइन में लगकर विधि-विधान से जलाभिषेक किया। सीतारोड स्थित प्रसिद्ध मूंछों वाले शिव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, बेर, धतूरा और पुष्प अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। हालांकि यहां श्रद्धालुओं की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन पूरे दिन भक्तों का आवागमन जारी रहा। नगर के विभिन्न गली-मोहल्लों में स्थित शिव मंदिरों में भी भक्तों ने जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कैथल क्षेत्र के जुड़वां कुआं स्थित शिव मंदिर में नरौरा राजघाट से कांवड़ लेकर पहुंचे शिवभक्तों ने पूरे विधि-विधान के साथ जलाभिषेक किया। महाशिव. रात्रि के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी सतर्क रहा। क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर ने पुलिस बल के साथ प्रमुख शिवालयों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सभी प्रमुख मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से पूजा-अर्चना की। पूरे दिन नगर में महाशिवरात्रि की धूम रही और शिवभक्ति के माहौल से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### महाशिवरात्रि पर निकली महाकाल की भव्य शाही पालकी जयकारों से गूंजा चन्दौसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मिनी वृंदावन नाम से विख्यात चांदसी नगरी चंदौसी में श्रीमहाकाल ग्रुप द्वारा भक्तिभाव से परिपूर्ण संगीत एवं ढ़ोल नगाडों की धुन पर महाकाल की शाही पालकी निकाली गई। पालकी का शुभारंभ शिवभक्तों के द्वारा मूंछों वाले शंकर जी मंदिर से आरती करके किया गया।

महाकाल की शाही पालकी का नगर भ्रमण मूंछों वाले शंकरजी मंदिर सीता आश्रम से शुरू होकर सीता रोड, गणेश मंदिर, मनिहार चौक, सुंदर मोहल्ला, बिसौली गेट, पुरानी पेंठ, बड़ा बाजार, घंटाघर, नमक मंडी, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार, कैथल गेट से मेला ग्राउंड पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्रीमहाकाल ग्रुप से अनुज वार्ष्णेय अन्नू, कृष्णा वार्ष्णेय, शिवांशु गुप्ता, कुनाल वार्ष्णेय, आयुष वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय, गर्वित वार्ष्णेय, अमन सक्सेना आदि सहित काफी अधिक संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।

# दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने के आरोपी को मझोला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र में दुष्कर्म कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को थाना क्षेत्र की एक युवती ने तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा घटना का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना मझोला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने तत्काल जांच शुरू कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। विवेचनात्मक कार्रवाई के क्रम में रविवार को पुलिस ने आरोपी सर्वेश पुत्र जगदीश सिंह, निवासी ग्राम नारायणपुर, थाना डिलारी, जनपद मुरादाबाद, को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित किया जा रहा है। साथ ही पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण एवं अन्य आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग न करें तथा किसी भी आपत्तिजनक या अवैध सामग्री को साझा करने से बचें। प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है और आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मिट्टी डालकर रास्ता बंद करने से विकासनगर में जलभराव

**चन्दौसी।** मौलागढ़ ग्राम पंचायत के विकासनगर में जलभराव की समस्या से लोग बुरी तरह परेशान हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि कुछ दबंग किस्म के लोगों ने सड़क पर मिट्टी डालकर रास्ता बंद कर दिया है, जिससे जलनिकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। स्थानीय लोगों ने जलनिक. ासी की शिकायत ग्राम सचिव एवं ग्राम प्रधान मौलागढ़ विजय सिंह उर्फ भूरे से की, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है और दबंगों द्वारा सड़क से मिट्टी भी नहीं हटाई जा रही है। मोहल्ले के चौधरी मुन्नू सिंह, श्रीकुमार, सत्यवीर सिंह, पिंटू शर्मा और राजू ने बताया कि जलभराव के कारण स्कूली बच्चों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। वहीं मौलागढ़ के प्रेमनगर की कुछ गलियों में भी यही हाल है, जहां लोग गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर हैं। फिलहाल जलभराव से मौहल्लेवासी परेशान हैं।



## एक नजर

### जनपद न्यायालय में प्रदर्शन के मामले में हाईकोर्ट सख्त

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में अधिवक्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के मामले को उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए 24 अधिवक्ताओं को नोटिस जारी किए हैं। ज्ञात हो कि तत्कालीन सीजेएम विभांशु सुधीर ने संभल हिंसा प्रकरण में पुलिस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे, जिसके बाद पुलिस ने इस आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय का रुख किया। इसी दौरान प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी हुई, जिसमें सीजेएम विभांशु सुधीर का भी स्थानांतरण कर दिया गया। इस पर अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश के कारण ही सीजेएम का स्थानांतरण किया गया है और इसी के विरोध में अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में प्रदर्शन किया था। उच्च न्यायालय ने इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रदर्शन में शामिल 24 अधिवक्ताओं को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीजेएम विभांशु सुधीर ने चार माह पूर्व ही स्वयं स्थानांतरण के लिए प्रार्थनापत्र दिया था।

### मारपीट करके घायल करने के मामले में कई पर मुकदमा

**बिलारी।** मोहल्ला कोरियान के रहने वाले दीनानाथ ने मुकदमा दर्ज कराया कि 11 फरवरी को शाम 5 बजे मोहल्ला हर्षनगर के रहने वाले तेजपाल, जग्गा से उसकी व उसके भाई केदारी से ठेला लगाने की बात को लेकर कहा सुनी हो गई। तब उन्होंने फैसला कर दिया। शाम 8 बजे उसके पिता वीर सिंह के साथ गली के बाहर तेजपाल, जग्गा, योगेंद्र पुत्रगण रामकिशोर निवासी हर्ष नगर आदि लाठी डंडे लेकर घर के बाहर आ गए और गालियां देने लगे। जब गालियां देने को मना किया तो उसके पिता के साथ मारपीट की। जब वह व भाई केदारी आदि पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट और गाली गलौज की, बाद में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

पिता को सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां से जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### घर मे रखे नगदी व गहने चोरी



**भगतपुर।** रविवार को भगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव मे मिली दिनदहाड़े चोरी की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र गांव मल्होपुरा हरदो डांडी निवासी जैनुल पुत्र भूरा के मासूम बेटे की मृत्यु हो गई थी पीड़ित परिवार अपने मासूम बेटे को दफनाने के लिये गया हुआ था। इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने घर को निशाना बनाते हुए घर में रखी अलमारी से कीमती जेबरात सहित नगदी चुरा कर ले गया, जब परिवार दफन के बाद वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा देख परिजनों के होश उड़ गये। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बारे में पीड़ित परिवार से पूछताछ की हालांकि समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवार ने चोरी से संबंधित थाने में कोई तहरीर नहीं दी है दिन में हुई चोरी की घटना से गांव में हड़कंप है।

### अपात्र ले रहे मुफ्त राशन, पात्र लोग लगा रहे चक्कर

**चन्दौसी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं, जहां हजारों अपात्र लोग मुफ्त राशन का लाभ उठा रहे हैं, जबकि वास्तविक पात्र लोग राशन कार्ड बनवाने और खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सरकार द्वारा एपीएल और बीपीएल कार्डधारकों को यूनिट के आधार पर नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन सैकड़ों अपात्र लोग नियमों की अनदेखी कर इसका लाभ उठा रहे हैं और राशन कार्डों के यूनिट लगातार बढ़ते जा रहे हैं। स्थिति यह है कि कई ऐसे लोग, जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं और चारपहिया व दोपहिया वाहन, पक्के मकान, जमीन और व्यवसाय के स्वामी हैं, उनके पास भी बीपीएल राशन कार्ड बने हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी दर्जनों ऐसे मामलों की चर्चा है, जहां प्रभाव और दांव-पेंच के आधार पर अपात्र लोगों ने बीपीएल कार्ड बनवाकर गरीबों के हक पर डाका डाल रखा है। आरोप है कि ऐसे लोग सरकार द्वारा दिए गए गेहूं, चावल और बाजरा को दुकानों और चक्कियों पर क्रमश: लगभग 25 रुपये, 22 रुपये और 17 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं जबकि वास्तविक जरूरतमंद लोगों को राशन कार्ड और खाद्यान्न के लिए परेशान होना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पात्रता की जांच कर अपात्र राशन कार्ड निरस्त किए जाएं, ताकि वास्तविक गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

### प्रोफेसर ने प्राधिकृत नियंत्रक व प्राचार्य से लगाई न्याय की गुहार

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज में एक बार फिर प्रबंध तंत्र और शिक्षकों के बीच विवाद सामने आया है, जिससे महाविद्यालय में शिक्षा से अधिक राजनी. ति हावी होने के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि पिछले तीन दशकों से आयोग द्वारा चयनित प्राचार्यों को महाविद्यालय में स्थायी रूप से कार्य नहीं करने दिया गया और उन्हें विभिन्न मुकदमों में उलझाकर हटाया जाता रहा है। इसी क्रम में आयोग से चयनित प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव ने कॉलेज के उत्थान का प्रयास शुरू किया, लेकिन उनके कार्यकाल में भी विवाद उत्पन्न हो गए और प्रबंध तंत्र की ओर से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न आरोप लगाए गए। इस बीच वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने प्राधिकृत नियंत्रक एवं प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव को पत्र लिखकर अपनी समस्याएं उठाई हैं। उन्होंने अपने निवेदन पत्र में प्रबंध तंत्र की साक्ष्य संकलन समिति द्वारा प्रस्तुत कथित शपथ पत्रों और बयानों की वैधता एवं सत्यता की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ ठोस और विधिक कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है। प्रोफेसर का आरोप है कि कथित साक्ष्यों के आधार पर उनका आर्थिक, मानसिक, सामाजिक एवं चारित्रिक उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व भी इस मामले में शामिल हैं और जो कर्मचारी शोषण के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई कर दबाव बनाया जाता है। प्रोफेसर ने प्राधिकृत नियंत्रक से निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### नाला निर्माण की धीमी गति से कबीर मौहल्ले में जलभराव, लोगों ने की नारेबाजी



**चन्दौसी।** नगरपालिका क्षेत्र के कबीर मौहल्ले में नाला निर्माण कार्य की धीमी गति के चलते जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे स्थानीय व्यापारी और मोहल्लेवासी परेशान हैं। रविवार को बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए शीघ्र समस्या समाधान की मांग करने लगे। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है, जिसके कारण जलनिकासी बाधित हो रही है और गंदा पानी सड़कों पर भर गया है। सूचना मिलने पर नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, उनके पति अखिलेश कुमार, अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम एवं सभासद जाकिर सलमानी मौके पर पहुंचे और ठेकेदार से वार्ता कर कार्य में तेजी लाने तथा जलभराव की समस्या जल्द दूर करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने ठेकेदार को कबीर गली में जलप्रवाह को नियंत्रित कर जलनिकासी व्यवस्था सुचारु करने के निर्देश दिए। इस दौरान बोर्ड बैठक को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने बताया कि बैठक बुलाने के लिए मौखिक एवं लिखित दोनों रूप में कहा जा चुका है, जबकि अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि बैठक बुलाने का अधिकार अध्यक्ष को है। फिलहाल मोहल्लेवासियों की मुख्य समस्या जलभराव बनी हुई है और लोगों ने जल्द समाधान की मांग की है।

## जेएलएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक के भाई का इंतकाल

**कुन्दरकी।** नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। जेएलएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक खलील एडवोकेट के भाई हाजी जकीर अहमद का इंतकाल हो गया।



उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में गमगीन माहौल बन गया। परिजनों और रिश्तेदारों में शोक व्याप्त है। जानकारी के अनुसार हाजी जकीर अहमद की नमाजे जनाजा के बाद आज सुबह 10 बजे सुल्तान मियां कब्रस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। उनके निधन पर सामाजिक, धार्मिक और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। लोगों ने उनके मिलनसार स्वभाव और समाजसेवा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। परिवार को सांत्वना देने के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच रहे हैं।

## जसपुर पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में रामपुर घोंघर के युवक को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उत्तराखंड के थाना जसुपर कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि नगर निवासी एक व्यक्ति ने बीते दिन अपनी नाबालिग पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। किशोरी की तलाश में पुलिस टीम लगी थी। टीम ने ग्राम रामपुर घोघर सुरजी नगर थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद (यूपी) निवासी पुष्पेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम किशोरी के साथ जानपहचान बढ़ाकर उसे शादी के सपने दिखाए थे। जो उसे बहला फुसलाकर अपने साथ हरिद्वार के रोशनाबाद ले गया था। कोतवाल ने बताया आरोपी पर पॉक्सो अधिनियम की धारा को बढ़ाया गया।

## एमपीएल टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में चमरौआ ने वीरपुर थान को फाइनल में हराया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापाण्डे।** रविवार को कुंदरकी विधानसभा के गांव छपर्रा में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट एमपीएल सीजन 2 के फाइनल मैच में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। फाइनल मैच चमरौआ और वीरपुर थान की टीम में हुआ, जिसमें चमरोआ की टीम ने जीत हासिल की। मैच के उपरांत विधायक ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को कप, शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया।कुंदरकी विधायक ने इस मौके पर कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं।

उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं, क्योंकि युवाओं का उत्साह ही राष्ट्र की शक्ति है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों को शुभकामनाएं प्रेषित की,एमपीएल टेनिस क्रिकेट मैच के फाइनल में भूरा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 94 रन की पारी जाबुल हक ने 53 रन की पारी खेली,चमरौआ ने 16 वें ओवर में 208 रनों का लक्ष्य हासिल कर फाइनल मैच जीत लिया,इस अवसर पर टीम औनर हसनैन हाजी , महमूद हसनैन मोबाइल शॉप आयोजन समिति के सभी सदस्य, दूल्हा नंबरदार, फुरकान चौधरी, नवी, जय सिंह, यासीन, फारूक चौधरी, मंगल सेन, मोहम्मद अकबर, सोनू रस्तौगी, मनोज तोमर, सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# महाशिव रात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिव मंदिरो में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब, लगी लंबी कतारे



**ठाकुरद्वारा। नगर के मोहल्ला फरीदनगर रोड स्थित मंदिर पर जलाभिषेक करते शिव भक्ता।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** महाशिवरात्रि के पर्व पर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल भरकर लाने वाले कांवरियों व अन्य शिवभक्तों ने बम भोले के जयकारों के बीच शिवालयो में पहुंच कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। रविवार की तड़के से ही भगवान शिव का जलाभिषेक के लिए मन्दिरो में शिव भक्तो की कतारे लगने शुरू हो गई । बम बम भोले के जयकारों की गूंज से वातावरण शिवमय हो गया ।

इस दिन देव महादेव की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है व परेशानियों का निवारण होता है पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन भगवान शिव और शक्ति का मिलन हुआ था । बतादें कि फाल्गुन मास की चतुर्दशी तिथि को भोलेनाथ दिव्य ज्योतिलिंग रुप में प्रकट हुए थे शिवरात्रि के दिन चार प्रहरों में भगवान शिव की पूजा में इस दिन भगवान शिव को भांग धतूरा गन्ना बेर और चन्दन अर्पित किया जाता है।

रविवार की सवेरे नगर में गतवर्षो की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के काँवड लानेवाले शिव भक्त भारी संख्या में ढोल बाजे गाजे व डीजे के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली । जगह-जगह हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिव भक्तों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । भारी संख्या में कांवडिये मुरादाबाद ठाकुरद्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्राचीन प्रसिद्ध श्री शिव मढ़ी मंदिर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हजारों शिव भक्तों ने सवेरे ही मंदिर परिसर में पहुंचकर श्रद्धा भाव के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की । इस दौरान संजय सिंघल ,अभिषेक अग्रवाल ,आशीष अग्रवाल, अनुराग सिंघल, माधव सिंघल, मुदित अग्रवाल ,मुकुल अग्रवाल , सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंध के आशुतोष अग्रवाल, तुषार अग्रवाल आदि दर्जनों पदाधिकारी एवं भक्त जनों ने मंदिर एवं मेले आदि की व्यवस्था को देखरेख रखी। वहीं रामनगर खागूवाला स्थित शिव मंदिर पर महाशिव रात्रि के उपलक्ष्य में 48 घंटे श्रीराम चरित मानस पाठ किया गया। रविवार को शिव रात्रि पर पंडित संजीव शर्मा द्वारा विधि विधान से हवन यज्ञ के साथ श्रीराम चरित मानस पाठ का समापन किया गया। इस दौरान ,पवन यादव, रामेश्वर शर्मा, प्रेम स्वरूप शर्मा, राजू शर्मा, चौधरी रनवीर सिंह, उत्तम शर्मा, राजेंद्र यादव, महेंद्र यादव , शोभा शर्मा, नीटू यादव आदि शामिल रहे। वहीं नगर के हरिहर मंदिर,खाकेश्वर मंदिर, पिपल टोला स्थित पंचशील शिव मंदिर फैजुल्ला गंज खोखरा तालाव पर स्थित शिव मन्दिर , सुरजन नगर, शरीफ नगर, रतुपुरा, सन्यासी वाला , राघुवाला, लोगी कला, गोपीवाला, सुलतानपुर दोस्त, किशन पुर गावडी, कालाझाडा, नाखूनका, जटपुरा, उस्मानपुर आदि गांव के भगवान शिव का मंदिरो में जलाभिषेक करने के लिए सुबह से शिव भक्तों की लंबी कतारे लगी रही। हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे ठाकुर द्वारा वार्ड नंबर 1 के भोले जिन्होंने चामुंडा कालरात्रि मंदिर पर जलाभिषेक किया।

जिसमें गौतम भोला राहुल भोला शोभित भोला रोहित भोला अभिषेक भोला गब्बर भोला आंचल भोला आदि भोले शामिल रहे।

महाशिव रात्रि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह , पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी मनोज परमान, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। जगह-जगह प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना रहा ।

## किसान के खेत पर समरसेबिल का केबिल चोरी, तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** अज्ञात चोरों ने किसानों के खेतों पर लगे डयूबैल और समरसेबिल के लिए डाल गए विद्युत केबिल चोरी करने शुरू कर दिए है। इससे किसानों के खेती सिंचाई करने में काफी दिक्कत हो हो रही है। किसान अज्ञात चोरो के आंतक से परेशान है। बीती रात खेत की सिंचाई के लिए लगे समरसेबिल पंप का अज्ञात चोर मुख्य केवल काट कर ले गए । किसान ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी चौधरी पदम सिंह पुत्र स्व0 रामप्रसाद सिंह ने अपने खेत की सिंचाई के लिए समरसेबिल पंप खेत पर लगा रखा है और समरसेबिल चलाने के लिए एक ट्रांस्फार्मर भी रखा है।

एक ट्रांस्फार्मर से समरसेबिल पंप तक विद्युतापूर्ति के लिए हजारो रूपये का केबिल डाल रखा है। चौधरी पदम सिंह ने बताया कि बीती अज्ञात चोर समरसेबिल का केबिल चोरी कर फरार हो गए है। केबिल चोरी होने से किसान परेशान है । किसान ने केबिल होने की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना भी किया।

किसान ने कोवताली पुलिस को तहरीर देकर केबिल चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं**

'कर चरण कृत्य पद त्रयम्, पाप त्रयम् हर मे शिवम।
मैं भगवान शिव के चरणों में प्रणाम करता हूं, जो तीनों पापों (मन, वचन, कर्म) को दूर करते हैं।
भगवान शिव की कृपा आप पर हमेशा बनी रहे और आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए। उनकी आस्था और भक्ति से आपके जीवन में प्रकाश और आनंद भर जाए।
महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर, भगवान शिव के चरणों में प्रार्थना है कि वे आपके जीवन के सभी कष्टों को दूर करें और आपको आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करें। ओम नम: शिवाय!
आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करता हूं।
जय शिव शंकर जय पार्वती,
जय जय जय जय जय जय जय जय।
शिव पार्वती की जोड़ी,
जय जय जय जय जय जय जय जय।
शिव जी के गले में नाग,
पार्वती जी के गले में हार।
शिव जी के हाथ में डमरू,
पार्वती जी के हाथ में प्यार।
जय शिव शंकर जय पार्वती,
जय जय जय जय जय जय जय जय।
शिव पार्वती की जोड़ी,
जय जय जय जय जय जय जय जय।
**आदीश कुमार जैन एडवोकेट**
**पूर्व उपाध्यक्ष दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद।**

# बम-बम भोले के जयघोष से गूंजे शिवालय

## भक्ति और आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**चन्दौसी।** थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र में स्थित बेरनी के प्राचीन शिव मंदिर तथा छाबड़ा के झारखंड धाम शिव मंदिर में रविवार की प्रात: काल में चार बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया श्रद्धालुओं की भीड़ बढती गई और दस बजे तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हो गई। आस्था और भक्ति भाव के श्रद्धालुओं ने प्रसाद, पुष्प, भांग, धतूरा, दुग्ध एवं गंगाजल चढ़ाकर जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के दौरान बम भोले बम भोले, हर-हर महादेव के जयघोष से शिवालय गुंजायमान हो उठे। मन्दिर कमेटी एवं पुलिस प्रशासन ने जलाभिषेक के दौरान व्यवस्था संभाली। जलाभिषेक के बाद महिलाओं व बच्चों ने झूलें आदि का लुत्फ उठाया वहीं चांट पकौड़ी मिष्ठान आदि का जायका लिया।

सोन्दर्य प्रसाधन की दुकानों से महिलाओं ने आवश्यक खरीदारी की। शाम तक जलाभिषेक का क्रम जारी रहा। शिव भक्तों द्वारा मन्दिर के निकट जगह-जगह भंडारे लगाए थे। कुढ़फतेहगढ़ थाना प्रभारी लोकेंद्र कुमार त्यागी पुलिस टीम के साथ छाबड़ा व बेरनी शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा की निगरानी में रहे। बेरनी शिव मंदिर की व्यवस्था में मन्दिर कमेटी की ओर से महन्त सतीश चन्द्र शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, रामवीर सिंह यादव, महावीर सिंह यादव,बाबा महादेव गिरी आदि तथा पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग कर्मचारी शामिल रहे।





# सुपर आठ में जगह बनाने के लिए उतरेगा श्रीलंका

## टी-20 वर्ल्ड कप : ऑस्ट्रेलिया बाहर होने की कगार पर, दोनों टीमें आज भिड़ेंगी हाईटेक मुकाबले में

**ऑस्ट्रेलिया के लिए, इक्वेशन आसान है, जीतो या बाहर होने का रिस्क लो, जिम्बाब्वे से मिली चौंकाने वाली हार**

**पल्लेकेले।** ऑस्ट्रेलिया बाहर होने के कगार पर है, जबकि श्रीलंका को सुपर 8 में जगह बनाने का मौका दिख रहा है, जब दोनों टीमें सोमवार शाम को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप बी के हाई-स्टेक मुकाबले में भिड़ेंगी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए, इक्वेशन आसान है - जीतो या जल्दी बाहर होने का रिस्क लो। जिम्बाब्वे से मिली चौंकाने वाली हार ने ट्रैविस हेड की टीम के लिए गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी है। एक टीम जो टूर्नामेंट में फेवरेट के तौर पर उतरी थी, अचानक खुद को बचाने के लिए जूझते हुए पाती है, उसकी धमाकेदार बैटिंग लाइन. अप जांच के दायरे में है और उसकी बॉलिंग यूनिट बेहतर परफॉर्मेंस की तलाश में है।

हेड, जिन्होंने अभी तक इस कॉम्पिटिशन में कोई खास पारी नहीं खेली है, उनसे आगे बढ़कर लीड करने की उम्मीद की जाएगी। टॉप पर जोश इंगलिस और बीच में ग्लेन मैक्सवेल, टिम डेविड और कैमरन ग्रीन की फायरपावर के साथ, ऑस्ट्रेलिया के पास गेम को तेजी से पलटने की ताकत है। लेकिन पिछले मैच में चेज को कंट्रोल न कर पाने की उनकी नाकामी ने प्रेशर में उनके टेम्परमेंट पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके उलट, श्रीलंका मोमेंटम और क्लैरिटी के साथ आई है। लगातार दो बड़ी जीतों ने दासुन



शनाका की टीम को ग्रुप में टॉप पर पहुंचा दिया है। एक और जीत सुपर 8 में उनकी जगह पक्की कर देगी, ऐसा कुछ ही लोगों ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सोचा था। अपने घर पर खेलते हुए, उन्होंने डिसिप्लिन और स्टाइल को मिलाया है - उनका टॉप ऑर्डर मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है और उनके बॉलर जरूरी मौकों पर स्ट्राइक कर रहे हैं। कुसल मेंडिस ने बैटिंग को अथॉरिटी के साथ संभाला है, जबकि पथुम निसंका की टॉप पर कंसिस्टेंसी स्टेबिलिटी देती है। बॉलिंग डिपार्टमेंट में, बीच के ओवरों में महेश थीक्षाना का कंट्रोल उस सरफेस पर डिफेंसिव साबित हो सकता है जिससे स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है।

यह जगह एक और इंटरेस्टिंग लेयर जोड़ती है। पल्लेकेले का फ्लैट ट्रैक और तेज आउटफील्ड रन बनाने का वादा करता है, फिर भी बड़ी बाउंड्री और स्पिनरों के लिए पोटेंशियल ग्रिप के लिए टैक्टिकल प्रिसिजन की जरूरत होती है। चेज करने वाली टीमों को यहां हाल ही में सफलता मिली है, टॉस स्ट्रैटेजी पर असर डाल सकता है, लेकिन प्रेशर में एग्जक्यूशन ही आखिर में रिजल्ट तय करेगा। पहले से, ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में हावी रहा है, पिछले 14 मुक. ाबलों में से 12 में जीत हासिल की है। फिर भी उस दौर में दोनों हार श्रीलंका की जमीन पर मिलीं - यह याद दिलाता है कि घरेलू फायदा सबसे खराब रिकॉर्ड को भी बदल सकता है।

जैसे-जैसे ग्रुप स्टेज कड़ा होता जा रहा है, दांव शायद ही इससे ज्यादा हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए, यह वापसी और बचे रहने के बारे में है। श्रीलंका के लिए, यह मोमेंटम हासिल करने और अधिकार के साथ अगले राउंड में आगे बढ़ने के बारे में है। पल्लेकेले में रोशनी में, एक टीम अपने वर्ल्ड कप के लक्ष्यों के करीब पहुंचेगी - दूसरी को अचानक बाहर होने का सामना करना पड़ सकता है।

### खेल समाचार

## लोकेश सत्यनाथन ने 8 मीटर इनडोर लॉन्ग जंप का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया

**फेएटविले।** भारत के लोक. ेश सत्यनाथन शनिवार को अर्कांसस में टायसन इनविटेशनल 2026 में 8-01मी की ऐतिहा. सिक छलांग लगाकर इनडोर लॉन्ग जंप में आठ मीटर का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए।ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रैंडल टायसन इनडोर सेंटर में टैरलटन स्टेट के लिए मुकाबला करते हुए, 26 साल के लोकेश 16 एथलीटों के बीच आठवें स्थान पर रहे और एक नया भारतीय इनडोर नेशनल रिकॉर्ड बनाया, जिससे 2023 से जेसविन एल्ड्रिन के 7-97मी के पिछले रिकॉर्ड में सुधार हुआ। यह रिकॉर्ड एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मंजूरी पर निर्भर है।यह इवेंट अमेरिकी हर्डलर कॉर्डेल टिच ने 8-29मी की छलांग के साथ जीता, जबकि जमैका के वर्ल्ड चैंपियन ताजय गेल 8-13मी के साथ चौथे स्थान पर रहे। दक्षिण अफ्रीका के ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट लुवो मन्योंगा 8-11मी के साथ छठे स्थान पर रहे।सत्यनाथन ने कॉम्पिटिशन के दौरान लगातार 7-69मी, फाउल, 7-94मी, 7-99मी, 8-01मी और 7-96मी की जंप लगाई। उनकी रिकॉर्ड तोड़ने वाली कोशिश उनके करियर की दूसरी सबसे अच्छी जंप भी थी, जो 2023 में कैलिफोर्निया में एक आउटडोर मीट में हासिल की गई उनकी पर्सनल बेस्ट 8-02मी से पीछे है।टायसन इनविटेशनल, जो वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर सिल्वर कैलेंडर का हिस्सा है, में कई टॉप इंटरनेशनल एथलीट शामिल थे। इस सीजन की शुरुआत में, सत्यनाथन टेक्सास में 7-80मी की कोशिश के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे और ओक्लाहोमा में 7-83मी की जंप के साथ एक मीट जीती थी, जिससे इनडोर कैंपेन में उनके अच्छे फॉर्म का पता चलता है।

## नेपाल को रौंदा, इंडीज ने लगाई जीत की हैट्रिक

**मुम्बई।** जेसन होल्डर (चार विकेट) के बाद कप्तान शाई होप (नाबाद 61) और शिमरॉन हेटमायर (नाबाद 46) की बल्लेबाजी प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में नेपाल को 28 गेंदें शेष रहते नौ विकेट विकेट से शिकस्त दी और अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की।

इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने सुपर आठ के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली है। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए ब्रैंडन किग और शाई होप की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। छठे ओवर में नंदन यादव ने ब्रैंडन किग को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शिमरॉन हेटमायर ने शाई होप के साथ दूसरे विकेट के लिए अविजित 91 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को 15-2 ओवर में नौ विकेट से जीत दिला दी। शाई होप ने 44 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 61 रनों की पारी खेली। वहीं शिमरॉन हेटमायर ने 32 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 46 रन बनाए।आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल के बल्लेबाज वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके और टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 133 रन का स्कोर बनाया।

## यूएई को चाहिए मजबूती, अफगानिस्तान को पहली जीत

**नई दिल्ली।** वैश्विक टूर्नामेंट के दो मुकाबलों में लगातार मिली हार के बाद अफगानिस्तान टूर्नामेंट में पहली जीत की तलाश में उतरेगा। वहीं कनाडा पर जीत से उत्साहित संयुक्त अरब अमीरात द्धयूएईञ्च यह मुकाबला जीतकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा।

सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले इस मुक. ाबले में अफगानिस्तान और यूएई ग्रुप डी में ऐसे समय भिड़ने जा रहे हैं, जब हर नतीजा अधिक महत्वपूर्ण है। अफगानिस्तान जहां अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में है। न्यूजीलैंड से हारने के बाद और फिर दो सुपर ओवर के बाद तय हुए मैच में दक्षिण अफ्रीका से बुरी तरह हारने के बाद, जिससे वे अंक तालिका में चौथे स्थान पर आ गए हैं। इस



बीच, यूएई ने न्यूजीलैंड से मिली भारी हार से उबरते हुए एक करीबी मुकाबले में कनाडा को हराया, जिससे इस मैच से पहले उन्हें सही समय पर हौसला मिला है।टूर्नामेंट में अफगानिस्तान का अभियान निराशा और उम्मीद के बीच झूल रहा है। वे अपने शुरुआती गेम में न्यूजीलैंड के कंट्रोल का मुकाबला नहीं कर पाए, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने अपनी लड़ने की काबिलियत दिखाई, मुकाबले को और आगे बढ़ाया, लेकिन वह मुकाबला नाटकीय अंदाज में हार गए।

अब उसके सामने चुनौती मुकाबले का नतीजों में बदलने की है, जिसमें अहम मौकों पर बेहतर प्रदर्शन से यह तय होगा कि वे अपनी क्वालिफिकेशन की उम्मीदों को जिदा रख सकते हैं या नहीं। वहीं इसके उलट, यूएई पहले ही टूर्नामेंट में क्रिकेट के दोनों मुश्किल हालात का अनुभव कर चुका है।

न्यूजीलैंड के हाथों 10 विकेट से हारने के बाद, उन्होंने कनाडा के खिलाफ एक करीबी जीत हासिल करने के लिए अच्छी तरह से वापसी की, जिसमें उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से ज्यादा संयम दिखाया। इस नतीजे से उन्हें ग्रुप में जगह मिली है और वे इस मुकाबले को अपनी जगह मजबूत करने के एक और अवसर के तौर पर देखेंगे।


अफगानिस्तान संभावित एकादश:- रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेट कीपरञ्च, इब्राहिम जदरान, गुलबदीन नैब, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान (कप्तान), मुजीब उर रहमान, नूर अहमद और फजलहक फारूकी।

यूएई संभावित एकादश:- आर्यांश शर्मा (विकेट कीपर), मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, मयंक कुमार, सोहेब खान, हर्षित कौशिक, मुहम्मद अरफान, मुहम्मद फारूक, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद जवादुल्लाह।

## भारतीय महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराया

**सिडनी।** अरुंधति रेड्डी (चार विकेट), रेणुका सिंह और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को टी-20 सीरीज के वर्षा प्रभावित पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से 21 रनों से हराया। अरुंधति रेड्डी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।

134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिय 33 रन जोड़े। पांचवें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने शेफाली वर्मा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने दो छक्के और एक चौका लगाते हुए 22 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमा रॉड्रिग्स ने स्मृति मंधाना के साथ पारी को संभाला। इसी दौरान छठे ओवर में बारिश शुरु हो गई और



उस समय भारत ने एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे। स्मृति मंधाना द्धनाबाद 16ञ्च और जेमिमा रॉड्रिग्स द्धनाबाद नौञ्च क्रीज पर मौजूद थी। इसके बाद बारिश के कारण पुन: खेल नहीं शुरु हो पाया और भारतीय महिला टीम को डीएलएस पद्धति से 21 रनों विजई घोषित किया गया।इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ ने शुरुआती झटके दिए। बेथ मूनी द्धपांचञ्च को रेणुका और जॉर्जिया वॉल द्ध18ञ्च को क्रांति गौड ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद फीबी लिचफील्ड और एलिस पेरी की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तीसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। आठवें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने एलिस पेरी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। पेरी ने 11 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 20 रन बनाए। अगले ओवर में दीप्ति शर्मा ने एश्ले गार्डनर (चार) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। 10वें ओवर की पहली गेंद पर अरुंधति ने फीबी लिचफील्ड को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। फीबी लिचफील्ड ने 19 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 26 रन बनाए। 14वें ओवर में अरुंधति ने जॉर्जिया वेयरहम को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को छठा झटका दिया। जॉर्जिया वेयरहम ने 19 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। इसके बाद भारतीय आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी टीम 18 ओवर में 133 रन पर सिमट गई।

## भारत ए महिला टीम ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

**बैंकॉक।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद दिनेश वृंदा द्धनाबाद 55ञ्च की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ए महिला टीम ने रविवार को महिला एशिया कप 2026 राइजिग स्टार्स के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से रौंद दिया।

आज यहां पाकिस्तान ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक सामना नहीं कर सकी और 18-5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर सिमट गई। शवाल जुल्फिकार (23), गुल रुख (21) और अनोशा नासिर 17 रन बनाकर आउट हुईं। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं।भारत ए महिला टीम के लिए साइमा ठाकोर, राधा यादव और प्रेमा रावत ने दो-दो विकेट लिए। जितिमनी कलिता, मिन्नू मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसे पहले ही ओवर में हुमैरा काजी द्धशून्यञ्च के रूप में पहली ही गेंद पर झटका लगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आई अनुष्का शर्मा ने दिनेश वृंदा साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। नौवें ओवर में मोमिना रियासत ने अनुष्का शर्मा (24) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। भारत ए महिला टीम ने 10-1 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम किया। दिनेश वृंदा ने 29 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। तेजल हसबनीस 12 रन बनाकर नाबाद रही।पाकिस्तान के लिए वाहिदा अख्तर और मोमिना रियासत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पहले राउंड में भारतीय टीन एजर धामने का सामना आठवीं सीड रियो नागची से

**नई दिल्ली।** भारतीय टीनएजर मानस धामने एटीपी दिल्ली ओपन 2026 सिंगल्स इवेंट के पहले राउंड में जापान के आठवीं सीड रियो नोगुची से भिड़ेंगे, जबकि डबल्स ड्रॉ में टॉप सीड सिद्धांत बंथिया द्धभारतञ्च और अलेक्जेंडर डोंस्की (बुल्गारिया), और दूसरी सीड निकी कलियंडा पूनाचा (भारत) और प्रूच्या इसारो हेडलाइन करेंगे।

एटीपी चैलेंजर 75 इवेंट, जो अपने छठे एडिशन के लिए डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में वापस आ रहा है, 16 से 22 फरवरी तक होगा, जिसमें 32 सिगल्स खिलाड़ी और 16 डबल्स टीमें टाइटल के लिए मुकाबला करेंगी। भारतीय पुरुष टेनिस के सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों में से एक, धामने जनवरी में पहली बार एटीपी रैंकिग में टॉप 500 में पहुंचे और इस महीने की शुरुआत में अपना तीसरा आईटीएफ सिगल्स



टाइटल जीता। नोगुची दुनिया में 246वें नंबर पर हैं और एटीपी चैलेंजर टूर पर दो बार के सिगल्स चैंपियन हैं। भारत के नंबर 1 सुमित नागल, जो पिछले वीकेंड बेंगलुरु में नीदरलैंड्स पर भारत की डेविस कप जीत का हिस्सा थे, स्पेन के डेविड जोर्डा सांचिस के खिलाफ ओपनिंग करेंगे। दूसरी तरफ, करण सिंह पोलैंड के सातवें सीड डेनियल मिचल्स्की से भिड़ेंगे, जबकि दिग्विजय सिंह का सामना पेट्र बार बिरयुकोव से होगा। सिगल्स ड्रॉ में ऑस्ट्रेलिया के टॉप सीड डेन स्वीनी द्धरैंक 138ञ्च और जापान के दूसरे सीड रेई सकामोटो द्धरैंक 174ञ्च लीड कर रहे हैं।इस बीच, डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन समेत नौ भारतीय, शनिवार से शुरू होने वाले 24 खिलाड़ियों के सिगल्स क्वालिफाइंग ड्रॉ में हिस्सा लेंगे। क्वालिफाइंग ड्रॉ को डेनिस एवसेएव द्धरैंक नंबर 362ञ्च लीड कर रहे हैं और इसमें कोरिया के पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनलिस्ट हियोन चुंग भी शामिल हैं। पहले राउंड के सभी सिगल्स क्वालिफाइंग मैच रविवार को खेले जाएंगे, और मेन ड्रॉ मैच सोमवार द्ध16 फरवरीञ्च से शुरू होंगे।डबल्स ड्रॉ में, बंथिया/डोंस्की अपने कैंपेन की शुरुआत फिलीपींस के फांसिस केसी अलकंटारा और जिम्बाब्वे के कोर्टनी लॉक के खिलाफ करेंगे। पूनाचा/इसारोद्ध जिन्होंने शनिवार को चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर डबल्स टाइटल जीता था।

## मुचोवा ने जीता पहला खिताबी मैच




**दोहा।** चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा 2019 के बाद पहली बार, डब्ल्यूटीए टूर पर चैंपियन बनी हैं। उन्होंने विक्टोरिया म्बोको को शनिवार को दोहा में 1 घंटे 34 मिनट में 6-4, 7-5 से हराकर कतर टोटलएनर्जीज ओपन जीता। इस जीत से मुचोवा को अपने करियर का दूसरा और डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर पहला टाइटल मिला।

ट्रॉफी प्रेजेंटेशन के दौरान मुचोवा ने कहा कि मुझे कोई टूर्नामेंट जीते हुए काफी समय हो गया है। इसलिए उस फीलिंग को फिर से पाना अच्छा है। दोहा में उस जीत की फीलिग की याद दिलाना, यह अविश्वसनीय है।ष्29 साल की इस खिलाड़ी के लिए यह कई मायनों में बहुत लंबे समय से आ रहा था। मुचोवा का पहला करियर टाइटल 2019 में सोल में आया था। सिर्फ दो एक्टिव खिलाड़ियों ने अपने पहले और दूसरे टाइटल के बीच ज्यादा इंतजार किया है। सोरानासिर्स्टिया (13 साल) और विक्टोरिजा गोलुबिक द्धआठञ्च। उस समय में, मुचोवा चार फाइनल हारी, सभी इगा स्वियाटेक, कोको गॉफ और झेंग किनवेन जैसे एलीट कॉम्पिटिशन से। 2009 में इस फॉर्मेट के शुरू होने के बाद से, सिर्फ तीन खिलाड़ियों ने मुचोवा (57) से ज्यादा डब्ल्यूटीए 1000 मैच जीते हैं। पहले छह गेम तक दोनों बराबरी पर रहे, इससे पहले कि मुचोवा ने 4-3 से ब्रेक लिया। मजबूत होने के बाद, उन्होंने म्बोको की सर्व पर एक सेट पॉइंट हासिल किया, लेकिन कनाडाई खिलाड़ी ने कोशिश को नाकाम कर दिया। यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि मुचोवा ने अगले गेम में सेट पूरा कर लिया।मुचोवा ने फिर से दूसरा सेट शुरू करने के लिए जोरदार शुरुआत की, 2-2 की बराबरी पर तीन ब्रेक पॉइंट हासिल किए। म्बोको ने बैकहैंड विनर, एक स्मैश और एक ऐस के साथ उन्हें जोरदार तरीके से मिटा दिया। कुछ पॉइंट बादद्ध उन्होंने मैच का अपना चौथा ऐस लगाकर स्कोर 3-2 कर दिया।वह लगातार आगे बढ़ती रहीं, मुचोवा को ब्रेक करके 4-2 की बढ़त बना ली, यह मैच का उनका पहला ब्रेक था, लेकिन यह मोमेंटम ज्यादा देर तक नहीं रहा। मुचोवा ने तुरंत ब्रेक किया और 4-4 से बराबरी पर रहते हुए वह पल तय किया जिसने मैच का फैसला कर दिया: 6-5 का ब्रेक जिससे उन्हें टाइटल के लिए सर्व करने का मौका मिला और उन्होंने काम पूरा कर दिया।

## शेल्टन सेमीफाइनल में, शापोवालोव को हराया

**डलास।** बेन शेल्टन शनिवार को नेक्सो डलास ओपन में अपने साथी लेफ्टी डेनिस शापोवालोव के बड़े टेस्ट से बच निकले, जहां उन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई।

दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने डिफेंडिग चैंपियन को 4-6, 6-4, 7-6 (4) से हराया। दूसरे सीड वाले शेल्टन ने पूरे मुकाबले में दबाव में शानदार हिम्मत दिखाई। उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें दूसरे सेट में 2-2 पर क्लच वॉली से एक जरूरी सेव और तीसरे सेट में 5-5 पर एक और सेव शामिल है। इस जीत के साथ, उन्होंने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली।फाइनल में शेल्टन का मुकाबला टॉप सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा। 2018 के बाद से यह टूर्नामेंट में टॉप दो सीड के बीच पहला फाइनल होगा, जब टॉप सीड केविन एंडरसन ने न्यूयॉर्क में दूसरे सीड सैम क्वेरी को हराया था, जहां पहले यह टूर्नामेंट हुआ था। फ्रिट्ज ने शनिवार को सेमीफाइनल में फिर से वापसी कर रहे मारिन सिलिच का सिलसिला रोक



दिया। थोड़े अंतर से तय हुए मैच में, टॉप सीड ने अपना धैर्य बनाए रखा और क्रोएशियाई खिलाड़ी को दो घंटे, दो मिनट के रोमांचक मुकाबले में 7-6(5), 7-6(3) से हराया, और 37 साल के खिलाड़ी को 22 एस से हराया।

फ्रिट्ज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, ष्बस बहुत शांत सर्विंग। मुझे लगता है कि जब मैं शांत और रिलैक्स महसूस करता हूं, तो यही सबसे बड़ी बात है, मैं अच्छी सर्व करता हूं।दोनों खिलाड़ियों ने बिना ब्रेक वाले मैच में बड़ी डिलीवरी से दबदबा बनाया। फ्रिट्ज को ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने सिलिच के 16 के मुकाबले 22 एस मारे, जिसमें पहले सेट के टाई-ब्रेक में चार शामिल थे। हालांकि वह अपने पांच ब्रेक-पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाए, लेकिन सर्व पर फ्रिट्ज के शांत स्वभाव नेफर्क पैदा किया, उन्होंने अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 86 प्रतिशत (48/56) जीता। फ्रिट्ज ने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 3-1 की बढ़त बना ली और 2024 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने पर घरेलू मैदान पर पहले फाइनल में पहुंच गए।

# सास की गोली मारकर हत्या करने वाले हत्यारोपी दामाद को मझोला थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मझोला क्षेत्र की टीचर कॉलोनी में सास की गोली मारकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी दामाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 12 बोर का देशी तमंचा और एक खोखा कारतूस भी बरामद किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



घटना 12 फरवरी की शाम थाना मझोला क्षेत्र के मंसूरी कॉलोनी, सफेद कोठी के पास हुई थी।जयन्तीपुर टीचर कालोनी निवासी 45 वर्षीय रुखसाना पत्नी शकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतका की पुत्री शाहिबा की तहरीर पर थाना मझोला मे हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में गुलनवाज पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी पंडित नगला, थाना कटघर और उसके साथी मुस्तफा के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के पर्यवेक्षण में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। 13 फरवरी को पुलिस ने एक आरोपी मुस्तफा पुत्र यामीन निवासी करूला, थाना कटघर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद रविवार को मुख्य आरोपी गुलनवाज को भी गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व शाहिबा से हुआ था। घरेलू विवाद के चलते पत्नी मायके में रह रही थी। वह अपने मित्र मुस्तफा के साथ पत्नी को लाने गया था, जहां सास रुखसाना से कहासुनी हो गई। आवेश में आकर उसने 12 बोर तमंचे से सास के गले पर फायर कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे।पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# कवि सम्मेलन, पुस्तक लोकार्पण व सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय काव्यधारा रामपुर एवं अंकन नवोदित साहित्यकार मंच के संयुक्त तत्वावधान में जी.जी. हिन्दू इंटर कॉलेज में भव्य कवि सम्मेलन, पुस्तक लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार जितेंद्र कमल आनंद ने की।

संयोजिका डॉ. प्रीति हुंकार, इंदुरानी एवं शुभम कश्यप के सतत प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए लगभग 50 रचनाकारों को एक मंच पर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर डॉ. प्रीति हुंकार, इंदुरानी, शुभम कश्यप और जितेंद्र कमल आनंद द्वारा संपादित साझा काव्य संग्रह 'वट वृक्षों की छांव में' का विधिवत विमोचन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अम्बरीष गर्ग, विशिष्ट अतिथि डॉ. कुलदीप वर्णवाल, कृष्ण दयाल शर्मा, डॉ. सीमा शर्मा, मनोज रस्तोगी, डॉ. मीनू महरोत्रा एवं डॉ. राकेश चक्रजी द्वारा माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शिक्षिका इंदु जी की सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को भक्तिमय स्वर प्रदान किया।संयुक्त संचालन प्रखर, जौली एवं डॉ. प्रीति हुंकार ने किया। कार्यक्रम कई सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें प्रथम चरण में अतिथियों द्वारा कृति का लोकार्पण किया गया। अंत में नवोदित साहित्यकारों को सम्मानित कर उनके साहित्यिक योगदान की सराहना की गई।

# थाने के सामने सड़क हादसे में युवक की मौत

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**मूंढापाण्डे।** थाने के करीब रविवार रात के समय सड़क हादसे में तेजपाल पुत्र गंगा शरन को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर लगने से तेजपाल बुरी तरह से घायल हो गया घायल अवस्था में तेजपाल को सीएचसी मूंढापांडे में भर्ती कर दिया गया घायल की सूचना परिजनों को दी गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि हमारा भाई मूंढापांडे से कुछ सामान लेने के लिए गया था जो की रोड क्रॉस करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर लगने से तेजपाल बुरी तरह से घायल हो गया और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई जिसके पांच



छोटे-छोटे बच्चे भी हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है।

## एक नजर

### गंगाजल लेकर स्कूटी से आ रहे भोले सड़क दुर्घटना में घायल

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर मुरादाबाद जा रहे स्कूटी सवार भोले भूड़ मंदिर के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उन्हें प्राथमिक उपचार दिलाकर रवाना कर दिया। बताया गया कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र के चक्कर की मिलक निवासी अपेक्षा पुत्री विनीत और मंझोला निवासी भास्कर पुत्र प्रमोद स्कूटी से गंगाजल लेकर हरिद्वार से आ रहे थे। जैसे ही उनकी स्कूटी भूड़ मंदिर के पास पहुंची सामने से आ रहे ऑटो से टक्कर हो गई जिसमें ऑटो में बैठे हुए एक युवक का हाथ टूट गया और स्कूटी सवार भी घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार दिलाकर मुरादाबाद के लिए रवाना कर दिया गया जबकि ऑटो वाला घटनास्थल से निकल गया।

### सुरजन नगर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक



**सुरजन नगर।** आस्था और विश्वास के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर बुधवार को सुरजन नगर और आसपास के क्षेत्रों में शिवभक्ति की बयार बही। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौटे शिवभक्तों ने जयकारों के साथ स्थानीय मंदिरों में पहुंचकर भगवान आशुतोष का विधि-विधान से जलाभिषेक किया।भोर की पहली किरण के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। शिवभक्तों ने गंगाजल के साथ-साथ शिव प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, बेर, शहद, दूध और दही से भोलेनाथ का अभिषेक किया। क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे श्री श्री 108 नाम वाले बाबा जी के मन्दिर, झंडा चौक स्थित शिव मंदिर भवानीपुर शिव मंदिर और बावले कुएं पर नव-निर्मित शिव मंदिर में विशेष रौनक देखने को मिली।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते मंदिरों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर कमेटियों के साथ स्थानीय लोग भी मुस्तैद दिखे। कांवड़ियों के उत्साह और श्हर-हर महादेवश के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

श्रद्धालुओं ने कठिन पैदल यात्रा कर हरिद्वार से लाया गया गंगाजल अर्पित करने से भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। देर शाम तक मंदिरों में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहा

### झारखंड मोटेश्वर महादेव मंदिर में गूंजे 'हर-हर महादेव' के जयकारे, गंगा जल से हुआ भव्य जलाभिषेक



**कुंदरकी।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सवालों पर भक्तों ने किया जल अभिषेक मंदिर परिसरो में भक्तों की रही भारी भीड़ थाना क्षेत्र के इंधनपुर नगला स्थित झारखंड मोटेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। श्रद्धालु हरिद्वार, बृजघाट तथा अन्य पवित्र गंगा घाटों से जल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कांवड़िए सिर पर गंगा. जल लेकर "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयकारों के साथ मंदिर पहुंचे। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण छाया रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। भीड़ को देखते हुए कुंदरकी पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। मंदिर परिसर और आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे जलाभिषेक कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान प्रशासन और स्थानीय लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

### 16 वर्षीय किशोरी लापता, पुलिस ने दर्ज किया अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा

**भोजपुर।** 16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ठिकरी गांव निवासी चन्द्रपाल की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिरों में उमड़ा शिव भक्तों का जनसैलाब, जलाभिषेक कर की भोले बाबा की आराधना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महाशिवरात्रि का पर्व महानगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के सभी प्राचीन मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की और दिनभर उपवास रखा।

रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर, झारखंडी मंदिर, गोविंद नगर के सत्य श्री महादेव मंदिर, सिविल लाइंस क्षेत्र के सत्य श्री शिव मंदिर, लाइन पार स्थित माता मंदिर तथा महाकालेश्वर मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा और गंगाजल अर्पित कर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की।वहीं किसरोल स्थित प्रसिद्ध 84 घंटा मंदिर में आस्था का विशेष जनसैलाब उमड़ा। आधी रात के बाद से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर के बाहर लगनी शुरू हो गई थीं। तड़के करीब 2:30 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जलाभिषेक किया। सुबह होते-होते मंदिर परिसर और आसपास की सड़कों पर भारी भीड़ दिखाई दी। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन की ओर से भी पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। पूरे दिन महानगर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा





# नागरिक सुरक्षा सिविल डिफेंस के वार्डन्स ने जिम्मेदारी से ड्यूटी को दिया अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महा शिवरात्रि पर्व पर श्री कामेश्वर नाथ 84 घंटे मंदिर किसरौल एवं झारखंडी मंदिर नागफनी मुरादाबाद पर शिव भक्त कांवड़ियों द्वारा भारी संख्या में जलाभिषेक किया गया। कल से ही काफी संख्या में कावंड़िये मुरादाबाद पहुँच चुके थे। प्रातः 3 बजे से ही कांवड़ियों एवं शिव भक्तों के द्वारा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से जलाभिषेक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नागरिक सुरक्षा सिविल डिफेंस के वार्डन्स सुवह से ही अपनी अपनी जिम्मेदारी से ड्यूटी को अंजाम देते रहे। अपर जिलाधिकारी नगर मुरादाबाद के द्वारा बहुत संख्या में झारखंडी मंदिर एवं श्री कामेश्वर नाथ 84 घंटे मंदिर के चारों ओर एवं शहर के अन्य विभिन्न मंदिरों में वार्डन्स की ड्यूटियां समयबध्द



तरीके लगाई गई हैं। नागरिक सुरक्षा कोर के वॉलिंटियर्स पीली ड्रेस में अपना बहुमूल्य सहयोग ड्यूटी के अनुसार देते रहे। इस दौरान प्रभारी डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता,स्टाफ अधिकारी वसीम अंसारी, घटना नियंत्रण अधिकारी अशीष चंद्र त्रिवेदी, सुभाष चंद्र जैन, पोस्ट वार्डन रविंद्र कुमार गौतम, सूरज प्रकाश, लक्ष्मण सिंह, निमित जायसवाल, यादवेन्द्र जोशी, सागर सक्सेना, आकाश गुप्ता, सुखदेव यादव, संजय गुप्ता, ब्रजेश कुमार शर्मा, हरज्ञान सिंह, अनिल रस्तौगी, राहुल मिश्रा, दीपिका वर्मा, श्रद्धा कुमारी, नेहा सागर, अहमद फहीम, निहाल रस्तोगी, सागर सक्सेना, पंकज प्रजापति, हिमांशु यादव, अजीमउद्दीन, हर्षित ठाकुर, मोहम्मद दानिश आदि रहे।

# राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला को कैरियर गाइडेंस चतुर्थ बेस्ट प्रैक्टिसेज अवार्ड से सम्मानित

**कुंदरकी।** मुरादाबाद जनपद के एसएस इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस श्वेस्ट प्रैक्टिस कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न राजकीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया और अपने विद्यालयों में कैरियर गाइडेंस को लेकर किए गए नवाचारों व कार्यो को (पीपीटी) के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें राजकीय हाईस्कूल मशकूला को चतुर्थ बेस्ट प्रैक्टिसेज एवार्ड से सम्मानित किया गया । सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने सभी विजेता को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक के रूप में डॉ. कुमार मंगलम और जिला समन्वयक डॉ. सुनीता चौधरी उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल ने शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों की



गुणवत्ता और छात्रों पर उनके सकारात्मक प्रभाव को परखने के बाद जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पांच प्रविष्टियों का चयन किया इस अवसर पर राजकीय हाई स्कूल सेहल की प्रधानाचार्या डॉ रश्मि विमल, राजकीय हाई स्कूल नगलिया मशकूला की प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी और एस एस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री रवि कुमार , प्रमोद कुमार, इदरीश अहमद सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी व शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति की मंडलीय बैठक में आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स को शामिल करने की उठाई गई मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति की मंडलीय बैठक रविवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के मीटिंग हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल संयोजक सुनील कुमार बार्मा ने की। कार्यक्रम में प्रांतीय नेतृत्व की ओर से प्रदेश मंत्री पीसीएस पेंशनर्स एसोसिएशन अमृत लाल साहू तथा उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष सत्यदेव सिंह ने भाग लिया।बैठक में केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स के मुद्दों को शामिल न किए जाने का कड़ा विरोध किया गया। वक्ताओं ने सर्वसम्मति से मांग उठाई कि आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स को अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए। विशिष्ट अतिथि अमृत लाल साहू ने भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए 25 मार्च 2026 को प्रदेशभर में 'काला दिवस' मनाने का संकल्प दिलाया।मुख्य अतिथि सत्यदेव सिंह ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेंशन कोई कृपा नहीं, बल्कि सेवानिवृत्त कर्मियों का अधिकार है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के डी. एस. नाकारा प्रकरण (17 दिसंबर 1982) के निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा कि पेंशन को स्थगित वेतन माना गया है, जो गरिमामय जीवन के लिए आवश्यक है।बैठक में विभिन्न जनपदों से आए प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. प्रदीप शर्मा ने किया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और स्वागत व आभार ज्ञापन मंडल संयोजक सुनील कुमार शर्मा ने किया

# रेलवे फाटक पर पुल मंजूरी का पता लगते ही समर्थकों में श्रेय लेने की होड़, अपने-अपने नेताओं को दिला रहे इसका श्रेय

**कांठ( शाह टाइम्स )** रेलवे के गेट नंबर 432 बी पर पुल बनाए जाने की मंजूरी का पता लगते ही राजनीतिक पार्टियों के नेताओं में श्रेय लेने की होड़ लग चुकी है समर्थक अपने-अपने चहेते नेताओं को इस कार्य की मंजूरी का श्रेय देने में लगे हैं। लेकिन समर्थकों को यह तक पता नहीं है कि आखिर यह पुल फाटक के पास बनाया किस जगह जाना है आज हमने रेलवे के गेट नंबर 432 बी के खंभा नंबर 1426/ 15 से 17 का भ्रमण किया तो पाया कि खंबा नंबर 1426/15 रेलवे फाटक से मतलबपुर की तरफ है और खंबा नंबर 1426/17 फाटक से कांठ की ओर है यानी यह पुल रेलवे फाटक के ऊपर या उसके अगल-बगल में ही बनाया जाना है। जबकि जाम की समस्या 433 बी पर विकराल रूप ले चुकी है अब सवाल यह उठता है की कांठ अमरोहा मार्ग को भी इसी पुल से जोड़ा जाना है या फिर इसके लिए अभी लोगों को और भी आगे संघर्ष करना है। अगर इसी पुल से जोड़ा



जाना है तो अमरोहा रोड को किस जगह मिलाया जाना है मगर इन सब के बारे में किसी भी समर्थक को जानकारी नहीं है। रेलवे द्वारा क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर को पत्र लिखकर पुल मंजूरी की जानकारी दी गई थी।

इसके बाद भाजपा समर्थकों ने इसका श्रेय पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह को दिया तो इसी क्षेत्र के उमरी निवासी समर्थकों ने इसका श्रेय सांसद रुचि वीरा को दे दिया। इसके बाद कुछ समर्थको ने जफर इस्लाम साहब को पुल मंजूरी का श्रेय देना शुरू कर दिया कुछ लोगों ने अपने अपने पत्र जो उनके द्वारा अलग-अलग नेताओं को प्रेषित किए गए थे उनका हबाला देना शुरू कर दिया। मगर सबसे पहले इस पुल के लिए जो प्रयास स्वर्गीय पूर्व सांसद सर्वेश कुमार सिंह द्वारा किए गए उनका जिक्र किसी ने करना जरूरी नहीं समझा। बतादे की रेलवे लाइन पर पुल बनाए जाने की मांग दशकों से भी ज्यादा पुरानी हो चुकी है।

सर्व प्रथम लोगों ने यह मांग स्वर्गीय सर्वेश सिंह के समक्ष रखी थी उन्होंने अपने स्तर से पत्राचार कर पुल बनवाने का प्रयास किया इसके बाद राजेश कुमार चुन्नू ने अपने स्तर से पुल मंजूरी के लिए प्रयास करने शुरू कर दिए बाद में सांसद एसटी हसन ने भी लोकसभा में यह मुद्दा उठाया। उसके बाद सांसद रुचि बीरा द्वारा भी यह मुद्दा लोकसभा में रखा गया। मगर पिछले दिनों विधायक कमाल अख्तर द्वारा मुद्दा उठाए जाने के बाद सरकार ने पुल निर्माण की मंजूरी दे दी मंजूरी मिलने की जानकारी लगी तो श्रेय लेने की होड़ शुरू हो गई।

हद तो तब हुई जब भाजपा सरकार द्वारा पुल मंजूरी दिए जाने के बावजूद भी भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने अपने ही नेताओं पर सवाल उठाने शुरू कर दिए आम लोगों के बीच यह बात आम हुई तो लोगों ने मजाक बनानी शुरू कर दी क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सभी के प्रयासों से क्षेत्र के लोगों की दशको पुरानी मांग पूरी होने का नंबर आया है तो इसका श्रेय लेने के स्थान पर यदि सभी नेता मिलकर इसके निर्माण के प्रयास करें तो ज्यादा बेहतर होगा।



उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव

# देवभूमि उत्तराखण्ड



# विरासत भी, विकास भी

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## संवरता, समृद्ध, सक्षम उत्तराखण्ड
*नए भारत की पहचान*


## स्थानीय उत्पाद
### (पहाड़ का स्वाद, पहचान और आत्मनिर्भरता)

- हाउस ऑफ हिमालयाज के माध्यम से अब तक राज्य की 3,300 ग्रामीण महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं 28,000 से अधिक महिलाओं को अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया
- उत्तराखण्ड के 25 से अधिक उत्पादों को मिला जीआई टैग
- च्यूरा ऑयल, मुन्स्यारी राजमा, भोटिया दन, ऐंपण, रिंगाल क्राफ्ट, उत्तराखण्ड ताम्र उत्पाद एवं थुलमा को जी आई सर्टिफिकेशन
- ट्राउट प्रोत्साहन योजना को राज्य सरकार ने दी मंजूरी
- उत्तराखण्ड स्टेट मिलेट्स पॉलिसी के तहत राज्य सरकार ने 2030-31 तक 11 पर्वतीय जिलों के लिए कुल ₹134.89 करोड़ की कार्य योजना पर मुहर लगाई
- मण्डुवा, झंगोरा, रामदाना, कौणी एवं चीना उत्पादक किसानों को बीज एवं जैव उर्वरक पर 80 प्रतिशत अनुदान दिए जाने का फैसला
- उत्तराखण्ड कीवी नीति के तहत वर्ष 2030-31 तक राज्य सरकार कीवी उद्यान स्थापना के लिए कुल लागत 12 लाख प्रति एकड़ का 70 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करेगी
- राज्य में माल्टा मिशन शुरू करने का लिया निर्णय
- राज्य में उत्तराखण्ड महक क्रांति 2026-36 का हुआ शुभारंभ



## बेहतर कनेक्टिविटी
### (हर दिशा से जुड़ रहा उत्तराखण्ड)

- रिस्पना एवं बिन्दाल ऐलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के निर्माण को मंजूरी
- देहरादून एयरपोर्ट में अतिरिक्त टर्मिनल का निर्माण किया गया। देहरादून से बेंगलुरु, हैदराबाद, भोपाल, मुम्बई, चेन्नई, लखनऊ, आदि शहरों में नियमित हवाई सेवाएं हुईं शुरू
- पन्तनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का कार्य गतिमान
- रीजनल कनेक्टिविटी योजना के अंतर्गत 13 स्थानों पर हेलीपोर्ट का निर्माण जारी
- राज्य में उड़ान योजना के अंतर्गत पर्वतीय जिलों में हो रहा हेली सेवाओं का संचालन। अब तक हल्द्वानी, नैनीताल, बागेश्वर, मसूरी, चंपावत, गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को हेली सेवा से जोड़ा गया
- उतराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफर हुआ आसान
- लालकुआं से अमृतसर जंक्शन एवं देहरादून से टनकपुर के लिए ट्रेन संचालन को मिली मंजूरी
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास
- दिल्ली-देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड का ₹13 हजार करोड़ की लागत से निर्माण कार्य जारी। इसके बनने से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा
- ऑल वेदर रोड के माध्यम से जुड़े चारधाम, सीमांत क्षेत्रों को सड़क से जोड़ने का कार्य है निरंतर जारी




## उद्योग एवं निवेश
### (निवेश का नया केंद्र — उत्तराखण्ड)

- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू.
- ₹1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग
- खुरपिया फार्म किच्छा में केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने को मंजूरी
- निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में उत्तराखण्ड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान किया प्राप्त
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की स्थापना
- मेगा इंडस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति-2025 को मंजूरी
- ईज आफ डूईंग बिजनेस- 2021 की राज्यों की रैंकिंग में एचीवर्स की श्रेणी
- उत्तराखण्ड लॉजिस्टिक में एचीवर्स श्रेणी के राज्यों में शामिल



## पर्यटन
### (हर मौसम, हर अनुभव — उत्तराखण्ड)

- वर्ष 2025 में 51 लाख से अधिक यात्रियों ने किए चारधाम के दर्शन
- राज्य में पहली बार शीतकालीन यात्रा का हुआ शुभारंभ
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत 48 मंदिरों को सर्किट के रूप में जोड़ने का कार्य गतिमान
- केदारनाथ पुनर्निर्माण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान
- बदरीनाथ धाम को स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी कस्बे के रूप में विकसित करने हेतु ₹255.00 करोड़ की विकास योजनाओं का कार्य गतिमान
- चारधाम यात्रा, महत्वपूर्ण मेलों आदि के सुव्यवस्थित संचालन हेतु उत्तराखण्ड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद् के गठन का निर्णय
- उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया गया



**प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह**

**स्थानीय लोगों से:** बोली-भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें

**पर्यटकों से:** प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# लोकतंत्र में आस्था बनी रहे

लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी है। इसी मकसद से देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। मगर इसमें कई तरह की बाधाएं भी उत्पन्न हो रही हैं। कभी बड़ी संख्या में नागरिकों को मसविदा सूची से बाहर करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो कभी सियासी दलों की ओर से इस प्रक्रिया में नियमों के विपरीत दखल देने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि नई मतदाता सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए, ताकि सभी पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रह सके और अपात्र या मृतकों के नाम सूची से हटाने का कार्य बिना किसी विवाद या बाधा के पूरा हो सके। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों को स्पष्ट कर दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद में किसी भी बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और विभिन्न आशंकाओं का निराकरण करने के निर्देश भी जारी किए हैं। मगर यह बात भी उतनी ही अहम है कि आयोग की इस कवायद में किसी राज्य सरकार का सीधे तौर पर दबाव या दखल देना उचित नहीं हो सकता। इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की नहीं है, बल्कि राज्य सरकारों की भी इसमें अहम भूमिका है। इसके लिए पर्याप्त और सक्षम कर्मी उपलब्ध कराने का जिम्मा राज्य सरकार का होता है। ऐसे में अपेक्षा की जाती है कि इसमें सियासत को दूर रखकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग सहयोग एवं समन्वय के साथ काम करेंगे। चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में कुछ और कर्मियों को पुनरीक्षण प्रक्रिया में तैनात करने की मांग कर रहा है, जिस पर राज्य सरकार अब जाकर राजी हुई है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। आयोग का तर्क था कि आधार को नागरिकता का पहचान पत्र नहीं माना जा सकता। मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया। अब पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया पर आए दिन नए-नए सवाल उठ रहे हैं। पिछले दिनों चुनाव आयोग ने खुद राज्य में मसविदा सूची में छूट गए मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया था। आयोग का मानना था कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्या की वजह से कई लोगों के नाम मसविदा सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं और ऐसे लोगों के लिए फिलहाल व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत नहीं है। अगर सरकार इस पर पहले ही हामी भर देती, तो इस कार्य में लगे अन्य कर्मियों को भी काम का दबाव नहीं झेलना पड़ता, जिसको लेकर राज्य में सत्तारूढ़ दल की ओर से ही सवाल उठाए जाते रहे हैं।

## भाजपा के भ्रष्ट मॉडल का उदाहरण



अयोध्या में जो रेलवे स्टेशन बनाया गया, वह भाजपा के भ्रष्ट मॉडल का उदाहरण है, सरकार को चाहिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, बनते ही गिर जाने वाली पानी की टंकी थोड़ी दूर बनाई जाए, छत ऐसी हो कि नीचे खड़े लोगों को छतरी न लगानी पड़े और एप्रोच रोड की परत न उखड़े, लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएं, तो वे सही तरीके से काम भी करें, निर्माण कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए और यात्रियों के लिए वेटिंग एरिया वास्तव में सुविधाजनक बनाया जाए, क्योंकि कई बार ट्रेनों में लंबी देरी होती है, ठेकेदार स्थानीय होना चाहिए, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# अगला हमला भारतीय प्रशासनिक सेवा पर!



पवन सिंह

निरंकुश और अलोकतांत्रिक सत्ताएं कभी भी निर्माण पर भरोसा नहीं करती हैं। एक सर्वमान्य निर्मित संविधान या नियमों को न मानते हुए उसके समानांतर एक और निरंकुश व्यवस्था खड़ी करना ही ऐसी सत्ताओं का पैमाना रहा है। यहां यह भी काबिल-ए-गौर है कि इन निरंकुश सत्ताओं के लिए कभी भी देश, समाज और जनता प्राथमिकता में नहीं रही है न कभी होगी। हां! इनके प्रोपेगैंडा में राष्ट्र, राष्ट्रीयता, स्वाभिमान, आत्मा, चित्त, परमात्मा जैसे शब्द आसमां तक उछलते मिलेंगे। यह ठीक वैसा ही है जैसे आजकल गिद्ध मार्का साधु-संत करते हैं। खुद के लिए एसी पंडाल, कथा के लिए 50 लाख से एक करोड़ व वाहनों में बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, लेकिन भक्तों के लिए- क्या लेकर आए थे और क्या लेकर जाना है।

ऐसी सत्ताओं की सोच बेहद कट्टर और संकुचित होती है। जनता को उसके मूल विषयों से भटकाए रखना, अपने ही देश की अवाम के बीच नफरत पैदा करना और एक मान्य व्यवस्था को ध्वस्त कर देना ऐसी सत्ताओं का शगल रहा है। देश की जनता अगर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होती है और इतिहास से सबक नहीं लेती है तो उसके हाथ केवल विनाश लगता है। इस तरह की सत्ताओं के तीन सबसे खतरनाक हथियार हुआ हैं-धर्म, राष्ट्रवाद और संस्कृति। जर्मनी हो या मिडिल ईस्ट या ताजा-ताजा लंका इसके जीवंत उदाहरण हैं। इन सत्ताओं का अंतिम हमला होता है सुरक्षा बलों पर और देश की व्यवस्था को मान्य नियमों से संचालित करने वाली वहां की प्रशासनिक सेवाओं पर। भारत की मौजूदा सत्ता ने अब इन दोनों पर हमला आरंभ कर दिया है। मैं पहले भी अपने लेखों के माध्यम से कहता आया हूं कि बचेगा कोई नहीं। एक-एक करके सबका शिकार होगा और ठीक वैसा ही हो रहा है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा को नष्ट करने के लिए एक वायरस तैयार किया गया है और उस वायरस का नाम है-लैटरल एंट्री यहां यह स्पष्ट कर दूं कि इस तथाकथित लैटरल एंट्री के जरिए जो आईएएस थोपे जा रहे हैं वे UPSC जैसे कड़ी परीक्षा और प्रक्षिशण प्राप्त आईएएस अधिकारियों से कहीं ज्यादा ताकतवर हैं, क्योंकि उनकी नियुक्तियों का आका सत्ता के मजबूत शिखर पर बैठा है और वे उस आका द्वारा नियुक्त कठपुतली हैं, उनकी रीढ़ के सारे धागे आका की उंगलियों में हैं। उनकी स्थिति और औकात एक गाने की लाइन में छिपी हैं-जितनी चाभी भरी राम ने उतना चले खिलौना। यानी कि लैटरल आईएएस कहीं ज्यादा ताकतवर है UPSC के आईएएस से। केंद्र सरकार में लैटरल एंट्री के जरिए वरिष्ठ पदों के लिए 31 नाम फाइनल किए और तैनाती दे दी। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग DoPT ने 12 दिसम्बर, 2020 और 12 फरवरी 2020 को UPSC से संविदा प्रतिनियुक्ति आधार पर केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों विभागों में संयुक्त सचिव उप सचिव के पद पर शामिल करने के लिए योग्य उम्मीदवारों के चयन करने का अनुरोध किया था। यूपीएससी ने 6 फरवरी 2021 को ऑनलाइन भर्ती आवेदन द्वारा संयुक्त सचिव निदेशक स्तर की भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत की और इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 मार्च 2021थी। इसके साथ ही उप सचिव पदों के लिए 20 मार्च को भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत हुई और आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 मई थी। संयुक्त सचिव के लिए 295, निदेशक स्तर के पदों के लिए 1247 और उप सचिव स्तर के पदों के लिए 489 आवेदन मिले। 27 सितंबर से 8 अक्टूबर 2021 तक साक्षात्कार का आयोजन किया गया। उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए ऑनलाइन आवेदन पत्रों के आधार पर संघ लोक सेवा आयोग ने 231 उम्मीदवारों का साक्षात्कार के लिए चयन किया और 27 सितंबर से 8 अक्टूबर 2021 तक साक्षात्कार का आयोजन किया गया और 31 उम्मीदवारों का अंतिम चयन किया गया है। लेटरल एंट्री गजब का भर्ती वायरस है। इसमें UPSC की तीन चरणों में वाली परीक्षा पास किए बगैर भी प्रशासनिक अधिकारी बनाया जाता है। लेटरल एंट्री के जरिए निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को सीधे जॉइंट सेकेट्री या डायरेक्टर के पद पर नियुक्त मिलती है। इस परीक्षा में साक्षात्कार के जरिए सेलेक्शन किया जाता है। फिलहाल लैटरल एंट्री वाले आईएएस अधिकारी ये रहे-

1. सैमुएल प्रवीण कुमार (ज्वाइंट सेक्रेटरी, कृषि मंत्रालय) 2. मनीष चड्ढा (ज्वाइंट सेक्रेटरी, वाणिज्य मंत्रालय) 3. बालासुब्रमण्यम कृष्णमूर्ति (ज्वाइंट सेक्रेटरी, वित्त मंत्रालय) 4. कपिल अशोक बेंद्रे (डायरेक्टर-एग्रीकल्चर मार्केटिंग, कृषि मंत्रालय) 5-नीरज गाबा (डायरेक्ट-एक्सपोर्ट मार्केटिंग, वाणिज्य मंत्रालय) 6-सागर रमेश राव काडू (डायरेक्टर-लॉजिस्टिक्स, वाणिज्य मंत्रालय) 7-प्रणु नारायण (डायरेक्टर-साइबर सिक्योरिटी इन फाइनेंशियल सेक्टर, वित्त मंत्रालय) 8-हर्ष भौमिक (डायरेक्टर-डिजिटल इकोनॉमी, वित्त मंत्रालय) 9-शेख चौधरी (डायरेक्टर-फाइनेंशियल मार्केट, वित्त मंत्रालय) 10-हार्दिक मुकेश सेठ (डायरेक्टर-बैंकिंग, वित्त मंत्रालय) 11-मंदाकिनी बलोढी (डायरेक्ट-इंश्योरेंस, वित्त मंत्रालय) 12-अवनीत सिंह अरोड़ा (डायरेक्टर-आर्बिट्रेशन एंड कंसिलिएशन लॉ, कानून मंत्रालय) 13-हैमंती भट्टाचार्य (डायरेक्टर-साइबर लॉ, कानून मंत्रालय) 14-मातेश्वरी प्रसाद मिश्रा (डायरेक्टर-वेयर हाउस एक्सपरटीज, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय) 15-गौरव सिंह (डायरेक्ट-एजुकेशन टेक्नोलॉजी, शिक्षा मंत्रालय) 16-एडला नवीन निकोलस (डायरेक्टर-आईसीटी एजुकेशन, शिक्षा मंत्रालय) 17-मुक्ता अग्रवाल (डायरेक्टर-मीडिया मैनेजमेंट, शिक्षा मंत्रालय) 18-शिव मोहन दीक्षित (डायरेक्टर-वाटर मैनेजमेंट, जलशक्ति मंत्रालय) 19-गोविंद कुमार बंसल (डायरेक्टर, स्वास्थ्य मंत्रालय) 20-बिदुर कांत झा (डायरेक्टर, सड़क परिवहन मंत्रालय) 21-अवीक भट्टाचार्य (डायरेक्टर, नागरिक उड्डयन मंत्रालय) 22-संदेश माधवराव तिलेकर (डायरेक्टर, स्किल डेवलपमेंट मंत्रालय) 23- ) तु चंद्रा (डिप्टी सेक्रेटरी, शिक्षा मंत्रालय) 24-रुचिका द्राल (डिप्टी सेक्रेटरी, पर्यावरण मंत्रालय) 25-सौमेंदू रे (डिप्टी सेक्रेटरी, सांख्यिकी मंत्रालय) 26-सारथी राजा जी (डिप्टी सेक्रेटरी, इस्पात मंत्रालय) 27-राजन जैन (डिप्टी सेक्रेटरी, कारपोरेट कार्य मंत्रालय) 28- धीरज कुमार (डिप्टी सेक्रेटरी खान मंत्रालय) 29-राज. ेश असाती (डिप्टी सेक्रेटरी, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय) 30-गौरव किशोर जोशी (डिप्टी सेक्रेटरी, भारी उद्योग मंत्रालय) 31-जमीरुद्दीन अंसारी (डिप्टी सेक्रेटरी, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय)।

मैंने अपने परिचित अवकाश प्राप्त दो चीफ सेक्रेटरी अधिकारियों, आधा दर्जन रिटायर्ड और वर्तमान आईएएस अधिकारियों से बात की तो लब्बोलुआब यह निकला कि 2024 के बाद अग्निवीर की तरह वे भी प्रशासनिक वीर बन कर रह जाएंगे। इन आईएएस अधिकारियों के अनुसार प्राइम पोस्टिंग यानी मलाईदार पोस्टिंग और सत्ता के साथ मिलकर लूट में साझेदारी ने इस कैडर की ताकत को नेस्तनाबूद कर दिया है। इन अधिकारियों का कहना है कि देश के सारे आईएएस अधिकारियों को मिलकर एक आपात बैठक करके यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी अधिकारी सत्ता के गलत आदेशों को किसी भी सूरत में नहीं मानेगा भले ही उसका स्थानांतरण सामान्य विभाग में क्यों न कर दिया जाए अन्यथा अगला नंबर भारतीय प्रशासनिक सेवाओं का है। सरकार अब प्रशासनिक सेवाओं के रिक्त पदों को भी भरने में खास दिलचस्पी नहीं ले रही है। राज्यसभा में सरकार की ओर से 2023 में जो जवाब दिया गया था कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1,365 और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 703 पद रिक्त हैं। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में 1,042 और भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) में 301 पद रिक्त हैं। कुल जमा खर्च यह है कि सत्ता को रीढ़ विहीन प्रशासनिक लाबी चाहिए। मौजूदा सत्ता को फिल्म घातक (1996 हीरो-सनी देओल और विलेन-डैनी डेन्जोंगपा) के डायलाग बोलने और सोचने वाला आईएएस अफसर नहीं चाहिएं, सत्ता को चाहिए जो उसके लिखे डायलाग्स दुम हिलाते हुए बोल सकें। सत्ता चाहती है ऐसा प्रशासनिक अधिकारी जो रिरियाता हुआ धीरे से यह डायलाग्स बोल सके-कात्या! तू चाहता है मैं तेरे यहां कुत्ता बनकर रहूं। तू कहे तो काटूं। तू कहे तो भौंकू। ऐसा ही होगा कात्या! यहां कात्या कैरेक्टर का मतलब सत्ता से है। काश! भारतीय प्रशासनिक सेवा से आए मौजूदा आईएएस अधिकारी आने वाले खतरे को भांप सकें और रीढ़ की हड्डी को खड़ा करके राष्ट्रीय स्तर पर एक बैठक कर विचार कर सकें। अन्यथा अब उम्मीद तो न सुप्रीम कोर्ट से रही और न पूंछ बराबर बची संवैधानिक संस्थाओं से। अब तो नेचर से न्याय की उम्मीद है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऐसे ही नहीं शुरू हो गई घुड़सवारी

**कंकालों की जांघ की हड्डियों में कुछ मोटे स्थान भी नजर आए जो टांगें मोड़कर लंबे समय तक बैठक का परिणाम हो सकते हैं और तो और, टूटी हुई कंधे की हड्डियां, पैरों की हड्डियों में फ्रेक्चर और कशेरुकों में दरारें ऐसी चोटों से मेल खाती थीं जो या तो घोड़े द्वारा मारी गई लातों से हो सकती थीं या वैसी हो सकती थीं जो आजकल घुड़सवारों को घोड़ों पर से गिरने के कारण होती हैं। इन लक्षणों की तुलना उन्होंने बाद के समय के ऐसे कंक. ालों से की जिन्हें घुड़सवारी के उपकरणों और घोड़ों के साथ दफनाया गया था जो इस बात का परिस्थितिजन्य प्रमाण है कि ये पक्के तौर पर घुड़सवार रहे होंगे। और इन लक्षणों में समानता देखी गई, लेकिन अन्य पुरावेत्ता अभी अपने विचारों को लगाम दे रहे हैं।**

मनुष्य ने सबसे पहले घुड़सवारी कब की थी? इस सवाल के जवाब कई तरह से खोजने की कोशिश हुई है क्योंकि घोड़े पर सवारी करना मानव इतिहास का एक अहम पड़ाव माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि आजकल के रूस और यूक्रेन के घास के मैदानों (स्टेपीज) से निकलकर लोग तेजी से यूरेशिया में फैल गए थे। यह कोई 5300 वर्ष पहले की बात है। जल्दी ही इन यामानाया लोगों के जेनेटिक चिंह मध्य यूरोप से लेकर कैस्पियन सागर के लोगों तक में दिखने लगे थे। आजकल के पुरावेत्ता इन लोगों को पूर्वी चरवाहे कहते हैं, लेकिन इनमें घुड़सवारी के कोई लक्षण नजर नहीं आते थे। इसके अलावा, यामानाया स्थलों पर मवेशियों की हड्डियां भी मिली हैं और मजबूत गाड़ियों के अवशेष भी, लेकिन घोड़ों की हड्डियां बहुत कम मिली हैं। इस सबके आधार पर पुरावेत्ताओं ने मान लिया था कि लोगों ने घोड़ों पर सवारी 1000 साल से पहले शुरू नहीं की होगी। अब अमेरिकन एसोसिएशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ साइन्सेज के सम्मेलन में प्रस्तुत एक अध्ययन में दावा किया गया है कि घुड़सवारी के प्रमाण प्राचीन घोड़ों की हड्डियों में नहीं, बल्कि यामानाया सवारों की हड्डियों में मिले हैं। हेलसिंकी विश्वविद्यालय के वोल्कर हेड का कहना है कि सब लोग घोड़ों को देख रहे थे और हमने मनुष्यों को देखा। आनुवंशिक व अन्य प्रमाण बताते हैं कि घोड़ों को 3500 ईसा पूर्व में पालतू बना लिया गया था, लेकिन ऐतिहासिक स्रोतों या चित्रों में घुड़सवारी के प्रमाण इसके लगभग 2000 वर्षों बाद मिलने लगते हैं। तो कई पुरावेत्ता मानने लगे थे कि पूर्वी चरवाहे घोड़ों पर सवारी करने की बजाय अपने पशुधन के साथ पैदल ही चलते रहे होंगे। अब यामानाया फैलाव को समझने के उद्देश्य से हेलसिंकी के मानव वैज्ञानिक मार्टिन ट्रॉटमैन और उनके साथियों ने रोमानिया, हंगरी और बुल्गारिया की कब्रों से खोदे गए डेढ़ सौ से ज्यादा मानव कंकालों का विश्लेषण किया है। यह क्षेत्र यामानाया लोगों के फैलाव की पूर्वी सीमा पर है।

विश्लेषण से पता चला कि ये लोग सुपोषित, तंदुरुस्त और अच्छे कद वाले थे। उनकी हड्डियों के रासायनिक विश्लेषण से यह भी लगता है कि इनका भोजन प्रोटीन प्रचुर था, लेकिन एक दिक्कत थी इनके कंकालों में विशिष्ट किस्म की क्षतियां और विकृतियां नजर आई। कई कंकालों में रीढ़ की हड्डियां दबी हुई थीं। ऐसा तब हो सकता है जब बैठी स्थिति में व्यक्ति को दचके लग रहे हों। कंकालों की जांघ की हड्डियों में कुछ मोटे स्थान भी नजर आए जो टांगें मोड़कर लंबे समय तक बैठक का परिणाम हो सकते हैं और तो और, टूटी हुई कंधे की हड्डियां, पैरों की हड्डियों में फ्रेक्चर और कशेरुकों में दरारें ऐसी चोटों से मेल खाती थीं जो या तो घोड़े द्वारा मारी गई लातों से हो सकती थीं या वैसी हो सकती थीं जो आजकल घुड़सवारों को घोड़ों पर से गिरने के कारण होती हैं। इन लक्षणों की तुलना उन्होंने बाद के समय के ऐसे कंकालों से की जिन्हें घुड़सवारी के उपकरणों और घोड़ों के साथ दफनाया गया था जो इस बात का परिस्थितिजन्य प्रमाण है कि ये पक्के तौर पर घुड़सवार रहे होंगे। और इन लक्षणों में समानता देखी गई, लेकिन अन्य पुरावेत्ता अभी अपने विचारों को लगाम दे रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि जब तक घोड़ों की हड्डियां न मिल जाएं, जिन पर सवारी के चिंह हों, तब तक निश्चित रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता। एक समस्या यह भी है कि पुरावेत्ताओं को यामानाया स्थलों से गाड़ियां, बैल और जुएं



तो मिले हैं लेकिन लगाम और जीन जैसे घुड़सवारी के साधन नहीं मिले हैं। तो मामला अभी खुला है कि मनुष्यों ने घुड़सवारी कब शुरू की थी।

# बढ़ते तापमान के निकट भविष्य में दिखने लगे संकेत



जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसे शब्द अब हमारे लिए अनजाने नहीं हैं। बढ़ते हुए वैश्विक तापमान से निकट भविष्य में होने वाली समस्याओं के संकेत दिखने लगे हैं। इनको सीमित करने के लिए समय-समय पर सम्मेलन आयोजित होते रहे हैं। हाल ही में ग्लासगो में ऐसा सम्मेलन हुआ था। आमतौर पर इन सम्मेलनों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, वनों की कटाई, पारिस्थितिक तंत्र आदि मुद्दे सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर चर्चा नहीं होती है। हाल ही में कुछ शोधकर्ताओं ने हमारे खानपान के तरीकों से पृथ्वी पर होने वाले प्रभावों का अध्ययन किया है। तथ्य यह है कि विश्व में लगभग दो अरब लोग (अधिकांश पश्चिमी देशो में) अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। इसके विपरीत करीब 80 करोड़ ऐसे लोग (अधिकांश निम्न व मध्यम आमदनी वाले देशों में) भी हैं जिनको पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है। 2017 में अस्वस्थ आहार से विश्व स्तर पर सबसे अधिक मौतें हुई थीं। राष्ट्र संघ खाद्य व कृषि संगठन के अनुसार जनसंख्या में वृद्धि और पश्चिमी देशों के समान अधिक से अधिक भोजन का सेवन करने के रुझान को देखते हुए अनुमान है कि वर्ष 2050 तक मांस, डेयरी और अंडे के उत्पादन में लगभग 44 प्रतिशत वृद्धि जरूरी होगी।

यह स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण की भी समस्या है। गौरतलब है कि वर्तमान औद्योगीकृत खाद्य प्रणाली वैश्विक ग्रीनहाउस उत्सर्जन के लगभग एक-चौथाई के लिए जिम्मेदार है। इसके लिए विश्व भर के 70 प्रतिशत मीठे पानी और 40 प्रतिशत भूमि का उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त इसके लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उर्वरक नाइट्रोजन और फॉस्फोरस चक्र को बाधित करते हैं और नदियों तथा तटों को भी प्रदूषित करते हैं। वर्ष 2019 में 16 देशों के 37 पोषण विशेषज्ञों, पारिस्थितिकीविदों और अन्य विशेषज्ञों के एक समूह-लैंसेट कमीशन ऑन फूड, प्लेनेट एंड हेल्थ-ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें पोषण और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए व्यापक आहार परिवर्तन का आह्वान किया गया है। लैंसेट समूह द्वारा निर्धारित आहार का पालन करने वाले व्यक्ति को लचीलाहारी कहा जाता है जो अधिकांश दिनों में तो पौधों से प्राप्त आहार लेता है और कभी-कभी थोड़ी मात्रा में मांस या मछली का सेवन करता है। इस रिपोर्ट ने निर्वहनीय आहार पर ध्यान तो आकर्षित किया है लेकिन यह सवाल भी उठा है कि क्या यह सभी के लिए व्यावहारिक है। इस संदर्भ में कुछ वैज्ञानिक पोषण और आजी. विका को नुकसान पहुंचाए बिना स्थानीय माहौल के हिसाब से पर्यावरणीय रूप से निर्वहनीय आहार का परीक्षण करने का प्रयास कर रहे हैं।

### खानपान से होने वाला उत्सर्जन

खाद्य उत्पादन से होने वाला ग्रीनहाउस उत्सर्जन इतना अधिक है कि वर्तमान दर पर सभी राष्ट्र गैर-खाद्य उत्सर्जन को पूरी तरह खत्म भी कर देते हैं तब भी तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया जा सकता है। खाद्य प्रणाली उत्सर्जन का 30 से 50 प्रतिशत हिस्सा तो केवल जंतु सप्लाई चेन से आता है। इसके अतिरिक्त कुछ विशेषज्ञों के अनुसार 2050 तक शहरीकरण और जनसंख्या वृद्धि के कारण भोजन सम्बंधी उत्सर्जन में 80 प्रतिशत तक वृद्धि होने की सम्भावना है। यदि सभी लोग अधिक वनस्पति-आधारित आहार का सेवन करने लगें और अन्य सभी क्षेत्रों से उत्सर्जन को रोक दिया जाए तो वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को पूरा करने की 50 प्रतिशत उम्मीद होगी। यदि भोजन प्रणाली में व्यापक बदलाव के साथ आहार में भी सुधार किया जाता है तो यह संभावना बढ़कर 67 प्रतिशत हो जाएगी। अलबत्ता, ये निष्कर्ष मांस उद्योग को नहीं सुहाते। 2015 में यूएस कृषि विभाग की सलाहकार समिति ने आहार सम्बंधी दिशानिर्देशों में संशोधन करते समय शोधकर्ताओं के हस्तक्षेप के चलते पर्यावरणीय पहलू को भी शामिल करने पर विचार किया था, लेकिन उद्योगों के दबाव के कारण इस विचार को खारिज कर दिया गया। फिर भी इस मुद्दे पर लोगों का ध्यान तो गया। यूके-आधारित वेलकम संस्थान द्वारा वित्तपोषित ईट-लैंसेट कमीशन ने एक मजबूत केस प्रस्तुत किया। पोषण विशेषज्ञों ने संपूर्ण खाद्य पदार्थों से बना एक बुनियादी स्वस्थ आहार तैयार किया, जिसमें कार्बन उत्सर्जन, जैव-विविधता हानि और मीठे पानी, भूमि, नाइट्रोजन तथा फॉस्फोरस के उपयोग को शामिल किया गया। इस प्रकार से टीम ने आहार की पर्यावरणीय सीमाएं निर्धारित की। टीम के अनुसार इन पर्यावरणीय सीमाओं का उल्लंघन करने का मतलब इस ग्रह को मानव जाति के लिए जीवन-अयोग्य बनाना होगा। इस आधार पर उन्होंने एक विविध और मुख्यत: वनस्पति आधारित भोजन योजना तैयार की है। इस योजना के तहत औसत वजन वाले 30 वर्षीय व्यक्ति के लिए 2500 कैलोरी प्रतिदिन के आहार के हिसाब से एक सप्ताह में 100 ग्राम लाल मांस खाने की अनुमति है। यह एक आम अमे. रिकी की खपत से एक-चौथाई से भी कम है। यह भी कहा गया है कि अत्यधिक परिष्कृत खाद्य पदार्थ (शीतल पेय, फ्रोजन फूड और पुनर्गठित मांस, शर्करा और वसा) के सेवन से भी बचना चाहिए। आयोग का अनुमान है कि इस प्रकार के आहार के जरिए पारिस्थितिकी तंत्र को क्षति पहुंचाए बिना 10 अरब लोगों को अधिक स्वस्थ भोजन दिया जा सकता है। कई वैज्ञानिकों ने ईट-लैंसेट द्वारा तैयार किए गए आहार प्लान की सराहना की है, लेकिन एक सवाल यह भी है कि क्या यह आहार कम संसाधन वाले लोगों के लिए भी पर्याप्त पोषण प्रदान करेगा। जैसे वाशिंगटन स्थित ग्लोबल एलायंस फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रिशन के टाय बील का निष्कर्ष है कि यह आहार 25 वर्ष से ऊपर की आयु के व्यक्ति के लिए आवश्यक जिंक का 78 प्रतिशत और कैल्शियम का 86 प्रतिशत ही प्रदान करता है और प्रजनन आयु की महिलाओं को आवश्यक लौह का केवल 55 प्रतिशत प्रदान करता है। इन आलोचनाओं के बावजूद, यह आहार पर्यावरण सम्बंधी चिंताओं को केंद्र में रखता है। रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद विश्व भर के स्वास्थ्य वैज्ञानिक इस आहार को सभी तरह के लोगों के लिए व्यावहारिक बनाने पर अध्ययन कर रहे हैं।

### समृद्ध आहार

कई पोषण शोधकर्ता जानते हैं कि अधिकांश उपभोक्ता आहार सम्बंधी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते। कई वैज्ञानिक लोगों को यह संदेश देने के कारगर तरीके तलाश रहे हैं। कुछ पोषण वैज्ञानिक स्कूलों में बगैर हो-हल्ले के एक निर्वहनीय आहार का परीक्षण कर रहे हैं, जिसमें मौसमी सब्जियों और फ्री-रेंज मांस (जिन जंतुओं को दड़बों में नहीं रखा जाता) जैसे पारंपरिक और निर्वहनीय खाद्य की खपत को बढ़ावा दिया जाता है। इस कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के 2000 छात्रों के स्कूल लंच का विश्लेषण करने के लिए कंप्यूटर एल्गोरिदम का उपयोग किया गया है। जिससे उन्हें आहार को अधिक पौष्टिक और जलवायु के अनुकूल बनाने के तरीकों के सुझाव मिले, जैसे मांस की मात्रा को कम करके फलियों और सब्जियों की मात्रा में वृद्धि। शोधकर्ताओं ने बच्चों और उनके अभिभावकों को लंच में सुधार की सूचना दी लेकिन उनको इसका विवरण नहीं दिया गया। इसकी ओर बच्चों ने भी ध्यान नहीं दिया और पहले के समान भोजन की बर्बादी भी नहीं हुई। इस कवायद के माध्यम से शोधकर्ता बच्चों में टिकाऊ आहार सम्बंधी आदतें विकसित करना चाहते हैं जो आगे भी जारी रहें। वैसे यह आहार ⅏ज-लैंसेट से काफी अलग है। यह ईट-लैंसेट आहार को स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर तैयार करने के महत्व को रेखांकित करता है। इसी तरह से कुछ शिक्षाविद और रेस्तरां भी कम आय वाली परिस्थिति में मुफ्त आहार का परीक्षण कर रहे हैं। इस संदर्भ में जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने इस तरह का आहार लेने वाले 500 लोगों का सर्वेक्षण किया और पाया कि 93 प्रतिशत लोगों ने इस आहार को काफी पसंद किया। देखा गया कि प्रत्येक मुफ्त आहार की कीमत 10 अमेरिकी डॉलर है जो वर्तमान में यूएस फूड स्टैम्प द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि का पांच गुना है। इससे पता चलता है कि यदि आप आहार में व्यापक बदलाव करें तो पर्यावरण पर एक बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं लेकिन इसमें सांस्कृतिक और आर्थिक बाधाएं रहेंगी।

**...स्रोत फीचर्स**

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव

# देवभूमि उत्तराखण्ड



# विरासत भी, विकास भी

**संवरता, समृद्ध, सक्षम उत्तराखण्ड**
*नए भारत की पहचान*

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## स्थानीय उत्पाद

### (पहाड़ का स्वाद, पहचान और आत्मनिर्भरता)


- हाउस ऑफ हिमालयाज के माध्यम से अब तक राज्य की 3,300 ग्रामीण महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं 28,000 से अधिक महिलाओं को अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया
- उत्तराखण्ड के 25 से अधिक उत्पादों को मिला जीआई टैग
- च्यूरा ऑयल, मुन्स्यारी राजमा, भोटिया दन, ऐंपण, रिंगाल क्राफ्ट, उत्तराखण्ड ताम्र उत्पाद एवं थुलमा को जी आई सर्टिफिकेशन
- ट्राउट प्रोत्साहन योजना को राज्य सरकार ने दी मंजूरी
- उत्तराखण्ड स्टेट मिलेट्स पॉलिसी के तहत राज्य सरकार ने 2030-31 तक 11 पर्वतीय जिलों के लिए कुल ₹134.89 करोड़ की कार्य योजना पर मुहर लगाई
- मण्डुवा, झंगोरा, रामदाना, कौणी एवं चीना उत्पादक किसानों को बीज एवं जैव उर्वरक पर 80 प्रतिशत अनुदान दिए जाने का फैसला
- उत्तराखण्ड कीवी नीति के तहत वर्ष 2030-31 तक राज्य सरकार कीवी उद्यान स्थापना के लिए कुल लागत 12 लाख प्रति एकड़ का 70 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करेगी
- राज्य में माल्टा मिशन शुरू करने का लिया निर्णय
- राज्य में उत्तराखण्ड महक क्रांति 2026-36 का हुआ शुभारंभ



## बेहतर कनेक्टिविटी

### (हर दिशा से जुड़ रहा उत्तराखण्ड)

- रिस्पना एवं बिन्दाल ऐलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के निर्माण को मंजूरी
- देहरादून एयरपोर्ट में अतिरिक्त टर्मिनल का निर्माण किया गया। देहरादून से बेंगलुरु, हैदराबाद, भोपाल, मुम्बई, चेन्नई, लखनऊ, आदि शहरों में नियमित हवाई सेवाएं हुईं शुरू
- पन्तनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का कार्य गतिमान
- रीजनल कनेक्टिविटी योजना के अंतर्गत 13 स्थानों पर हेलीपोर्ट का निर्माण जारी
- राज्य में उड़ान योजना के अंतर्गत पर्वतीय जिलों में हो रहा हेली सेवाओं का संचालन। अब तक हल्द्वानी, नैनीताल, बागेश्वर, मसूरी, चंपावत, गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को हेली सेवा से जोड़ा गया
- उतराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफर हुआ आसान
- लालकुआं से अमृतसर जंक्शन एवं देहरादून से टनकपुर के लिए ट्रेन संचालन को मिली मंजूरी
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास
- दिल्ली-देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड का ₹13 हजार करोड़ की लागत से निर्माण कार्य जारी। इसके बनने से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा
- ऑल वेदर रोड के माध्यम से जुड़े चारधाम, सीमांत क्षेत्रों को सड़क से जोड़ने का कार्य है निरंतर जारी



## उद्योग एवं निवेश

### (निवेश का नया केंद्र — उत्तराखण्ड)


- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू.
- ₹1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग
- खुरपिया फार्म किच्छा में केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने को मंजूरी
- निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में उत्तराखण्ड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान किया प्राप्त
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की स्थापना
- मेगा इंडस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति-2025 को मंजूरी
- ईज आफ डूईंग बिजनेस- 2021 की राज्यों की रैंकिंग में एचीवर्स की श्रेणी
- उत्तराखण्ड लॉजिस्टिक में एचीवर्स श्रेणी के राज्यों में शामिल




## पर्यटन

### (हर मौसम, हर अनुभव — उत्तराखण्ड)

- वर्ष 2025 में 51 लाख से अधिक यात्रियों ने किए चारधाम के दर्शन
- राज्य में पहली बार शीतकालीन यात्रा का हुआ शुभारंभ
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत 48 मंदिरों को सर्किट के रूप में जोड़ने का कार्य गतिमान
- केदारनाथ पुनर्निर्माण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान
- बदरीनाथ धाम को स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी कस्बे के रूप में विकसित करने हेतु ₹255.00 करोड़ की विकास योजनाओं का कार्य गतिमान
- चारधाम यात्रा, महत्वपूर्ण मेलों आदि के सुव्यवस्थित संचालन हेतु उत्तराखण्ड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद् के गठन का निर्णय
- उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया गया



**प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह**

**स्थानीय लोगों से:** बोली-भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें

**पर्यटकों से:** प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR